सुप्रभात

रांची, बुधवार
13.11.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com

khabarmantra.net | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12। अंक : 121





12 संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है कांग्रेस

## न्यूज डायरी

### मोदी आज देवघर व गोड्डा में करेंगे चुनावी सभा

रांची। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 13 नवंबर को देवघर और गोड्डा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा को लेकर तीन हजार से ज्यादा जवानों की तैनाती की गयी है।

### फर्जी नौकरी मामले में एफआईआर का आदेश

रांची। होमगार्ड के डीजी अनिल पालटा ने झारखंड होमगार्ड विभाग में फर्जी तरीके से नौकरी करने के मामले में दो जिला कमांडेंट और एक कंपनी कमांडर और फर्जी तरीके से नौकरी कर रहे 23 लोगों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। इन तीनों पदाधिकारियों ने मिलकर 23 लोगों को फर्जी तरीके से होमगार्ड में बहाल कराया था। इस वजह से सरकार को एक करोड़ से अधिक रुपये का नुकसान हुआ है।

### तीन दशक बाद बूढ़ा पहाड़ पर भी बना बूथ, पड़ेंगे वोट

रांची। नक्सलियों के गढ़ बूढ़ा पहाड़ के इलाके में तीन दशक बाद विधानसभा चुनाव के लिए हिसातू और टेहरी के इलाके में 9 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। सभी नौ मतदान केंद्रों के लिए पलामू के चियांकि हवाई अड्डा से मंगलवार को मतदानकर्मी चुनावी सामग्री के साथ पहुंच गये।

### 15 करोड़ फर्जीवाड़ा मामले में एम एस धोनी को नोटिस

रांची। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को हाईकोर्ट से नोटिस जारी किया है। अदालत ने उन्हें नोटिस जारी कर पक्ष रखने का निर्देश दिया है। दरअसल अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर और सौम्या दास के खिलाफ महेंद्र सिंह धोनी ने कंप्लेन केस किया है। इसके खिलाफ मिहिर दिवाकर ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। अदालत ने माही के खिलाफ नोटिस जारी किया। यह मामला 15 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़ा से जुड़ा है।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 92000 रु./प्रति किलो |




# महामुकाबला : 43 सीटों पर आज सुबह 7 बजे से वोटिंग

## झारखंड विस चुनाव 2024

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची**। झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में बुधवार को 43 विधानसभा सीटों पर सुबह 7 बजे से वोट डाले जायेंगे। चुनाव आयोग की ओर से इसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। पोलिंग बूथ तक चुनावकर्मी पहुंच चुके हैं। पहले चरण में सभी 43 सीटों के लिए 683 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इस चरण में राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, पेयजल स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम, स्वास्थ्य मंत्री



बन्ना गुप्ता, आदिवासी कल्याण एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन की जगह मंत्री बनाए गए रामदास सोरेन की भी प्रतिष्ठा दांव पर होगी। दिग्गज नेताओं के चुनावी मैदान में उतरने से इन सीटों पर सभी की नजरें टिकी हैं।

| पहला चरण |
|---|
| 13 नवंबर 2024 |
| 43 विधानसभा सीट |
| 683 उम्मीदवार |
| मतदाता 1.37 करोड़ |
| कुल मतदान केंद्र 15344 |
| यूथ वोटर 4188636 |
| थर्ड जेंडर वोटर्स 301 |

### इन सीटों पर टिकी रहेंगी निगाहें

सरायकेला, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिम, पोटका, जगरनाथपुर, घाटशिला, लोहरदगा, गढ़वा, रांची और हुसैनाबाद सीटें कई मायने में अलग है। इसके अलावा लातेहार, मांडर, तमाड़ और चाईबासा विधानसभा सीट पर राज्य की जनता की नजरें टिकी है। जानकारों का कहना है कि इस फेज की सरायकेला सीट सबसे हॉट मानी जा रही है, क्योंकि यहां से राज्य के पूर्व सीएम चंपई सोरेन और कभी झामुमो के टाइगर नेता के रूप में चर्चित चंपई इस बार भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं पोटका विधानसभा पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा के कारण खास बन गया है।

### वोटर कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज होंगे सहायक

वोटर कार्ड के अलावा 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखा कर वोट डाल सकेंगे। पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र से वोट कर सकेंगे। बैंक या डाकघर की ओर से जारी फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर द्वारा जारी कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, आधार कार्ड, सांसद, विधायक, पार्षद से जारी पहचान पत्र और विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री इंडी गठबंधन पर बरसे

## भ्रष्टाचार में डूबे मंत्री-नेताओं को जेल भेजेगी भाजपा सरकार: अमित शाह

■ कांग्रेस दलितों व आदिवासी का आरक्षण मुस्लिमों को दे देगी इसलिए ऐसा होने से रोकने के लिए भाजपा को दें समर्थन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/झरिया/बाघमारा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने झरिया और बाघमारा में कहा कि आपका एक वोट झारखंड का भविष्य तय करने वाला है। उन्होंने लखपति दीदी बनाने वाली भाजपा सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने हेमंत सरकार को घेरते हुये कहा कि कांग्रेस के नेताओं के घर 350 करोड़ रुपए पकड़े जाते है। इसके



बाद 35 करोड़ पकड़े जाते हैं। ये पैसा झारखंड की गरीब जनता है। लेकिन हेमंत सरकार इस पर चुप्पी साध लेती है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर भ्रष्टाचार और लूट करने वाले लोगों को उल्टा लटका कर सीधा करने का काम करेंगे। इसके साथ ही लूटा गया पैसा वापस झारखंड की तिजोरी में जमा किया जायेगा। उन्होंने झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की गठबंधन सरकार पर आरोप लगाते हुये कहा कि झारखंड में 1 हजार करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला, 1 हजार करोड़ रुपये का खनन घोटाला और हजारों करोड़ रुपये का शराब घोटाला किया गया। उन्होंने कहा कि माताओं-बहनों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जायेगा। साथ ही, एक साल में 2 सिलेंडर मुफ्त दिये जायेंगे। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुये कहा कि 70 सालों तक देश पर राज किया और अयोध्या में श्री राम मंदिर को बनने से रोककर रखा। लेकिन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पांच सालों में ही अयोध्या में राम मंदिर बनाकर प्राण प्रतिष्ठा भी करने का काम किया।

### रामगढ़ के दुलमी प्रखंड मैदान में कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में किया चुनाव प्रचार

## एनडीए ने मुझे जेल भेजा लेकिन झारखंडियों के आशीर्वाद से बाल बांका नहीं हुआ : हेमंत सोरेन

■ झारखंडी ना तो बटेंगे ना ही टूटेंगे, सिर्फ वोट से ही सबको कूटेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/रामगढ़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के बंटेंगे तो कटेंगे के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि झारखंडी ना तो बटेंगे ना टूटेंगे, वोट से ही सबको कूटेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार ने झूठे केस में फंसाकर मुझे जेल भेज दिया लेकिन गरीबों और आदिवासियों के आशीर्वाद से मेरा बाल भी बांका नहीं हुआ।

हेमंत सोरेन ने भाजपा पर



आरोप लगाते हुए कहा कि कहा से लोग हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई में फूट डालकर झारखंड के जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। आज एक बार फिर झारखंड में अबुआ सरकार बनाने की जरूरत है। वे मंगलवार को रामगढ़ जिले के दुलमी प्रखंड मैदान में कांग्रेस उम्मीदवार ममता देवी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे।

### गिद्ध बनकर झारखंड में मंडरा रहे हैं एनडीए नेता

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एनडीए के नेताओं को गिद्ध की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि वे यहां जल, जंगल, जमीन पर कब्जा करने की साजिश रच रहे हैं। असम के मुख्यमंत्री यहां आदिवासियों की हालत पर बयान दे रहे हैं जबकि उनके ही प्रदेश में आदिवासियों पर अत्याचार हो रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने जंगल और जमीन व्यापारियों के हाथों में थमा दिया। झारखंड में भी खनिज संपदा की लूट मचाने के लिए केंद्र सरकार साजिश रच रही है लेकिन हम ऐसा होने नहीं देंगे।

### झारखंडियों का भला नहीं चाहती है भाजपा : कल्पना

**दुमका।** झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार झारखंड का भला नहीं चाहती। हेमंत सरकार ने पिछड़ों का आरक्षण बढ़ाने का प्रस्ताव केंद्र को भेजा, लेकिन केंद्र सरकार ने फाइल को दबाकर रखा। वे मंगलवार सरैयाहाट के कोठिया मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहीं थीं। उन्होंने कहा कि भाजपा के पिछड़े आदिवासी नेता भी अपने हक की बात को केंद्र के सामने नहीं रखते क्योंकि इन्हें झारखंडियों से कोई लेना देना नहीं है।

### हिमंता बिस्वा सरमा बोले

## घुसपैठ को बढ़ावा दे रहे झामुमो-कांग्रेस



**रांची**। झारखंड में भाजपा के चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने खिजरी विस क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार झारखंड का चुनाव देश और समाज के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठ का मुद्दा सबसे बड़ा है। मंगलवार को रांची में इडी ने कई जगहों पर रेड की। इस दौरान घुसपैठियों से जुड़े दस्तावेज बरामद बरामद किये गये। उन्होंने कहा कि साहिबगंज और पाकुड़ जैसे जिलों में लगातार घुसपैठियों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि घुसपैठिए जमीन पर कब्जा कर रहे हैं लेकिन, झामुमो-कांग्रेस-राजद की गठबंधन सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार बनते ही घुसैठियों के खिलाफ कानून बनाया जायेगा। घुसपैठियों को चुन-चुन कर बाहर किया जायेगा।

### शिवराज सिंह चौहान ने सिंदरी और टुंडी में कहा

## इंडी गठबंधन में विचार व आचरण अलग लेकिन भ्रष्टाचार में सब एक

### आरोप-प्रत्यारोप

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


**रांची/सिंदरी।** केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को सिंदरी विधानसभा से भाजपा की उम्मीदवार तारा देवी और टुंडी से विकास कुमार महतो के समर्थन में वोट मांगा। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की सरकार पर हमला बोलते हुये कहा कि गठबंधन सरकार ने झारखंड को बर्बाद दिया है। पांच साल पहले जनता से सैंकड़ों वादे किए थे लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। गठबंधन नेताओं मंत्रियों के घरों से नोटों के पहाड़ बरामद हो रहे हैं। ये पैसा झारखंड की जनता की खून पसीने की कमाई का है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सरकार में शामिल नेता-मंत्री के विचार और आचरण अलग-अलग हैं लेकिन भ्रष्टाचार मामले में सबकी एक नीति है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में परिवर्तन की लहर चल रही है। हेमंत सोरेन और झामुमो नेताओं के चेहरे मुरझाये हुए हैं। संभावित



हार को देखकर बौखलाये हुये हैं। इनके चेहरे ही बता रहे हैं कि झारखंड से हेमंत सोरेन जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन का गठबंधन उस कांग्रेस के साथ है, जिसने अलग झारखंड बनाने वाले आंदोलनकारियों पर गोलियां बरसाई। आज सोरेन उसी शहजादे को झुककर प्रणाम कर रहे हैं। लालू यादव ने कहा था कि झारखंड मेरी लाश पर बनेगा, उसी से गलबहियां चल रही है।

उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस घुसपैठियों को बसा रहे हैं। घुसपैठिये आदिवासी बेटियों को भ्रम के जाल में फंसाकर उनसे शादी कर रहे हैं। जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। पंचायतों पर कब्जा कर रहे हैं। रूबिका और अंकिता जैसी बेटियों की निर्मम हत्या हो रही है।



### इडी का रांची, पाकुड़, 24 परगना व कोलकाता समेत 17 ठिकानों पर छापा

## फर्जी आधार कार्ड, जाली पासपोर्ट, अवैध हथियार व अचल संपत्ति के दस्तावेज समेत कई सामान बरामद

### बांग्लादेशी घुसपैठ मामला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में ईडी की टीम झारखंड में रांची, पाकुड़ और पश्चिम बंगाल के 24 परगना और कोलकाता में कुल 17 ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की टीम मंगलवार सुबह रांची के बरियातू स्थित होटल स्काई लाइन, आश्वी डायग्नोसिस, बाली रिसॉर्ट और माउंटेन व्यू रिसॉर्ट समेत छह ठिकानों पर पहुंचकर तलाशी ली। इसके अलावा पाकुड़ के पिरतल्ला



में अल्ताफ मनकर के यहां भी छापेमारी की। ईडी ने बताया कि छापेमारी के दौरान अब तक फर्जी आधार, जाली पासपोर्ट, अवैध हथियार, अचल संपत्ति के दस्तावेज, नकदी, आभूषण, प्रिंटिंग पेपर, प्रिंटिंग मशीन और आधार बनाने के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले खाली प्रोफार्मा सहित कई सामान बरामद किये गये हैं।

**नागरिकता पाने के लिए फर्जी दस्तावेज करा रहे थे उपलब्ध**

एफआईआर के अनुसार, लगभग 21 वर्षीय बांग्लादेशी युवती को एक अन्य लड़की की मदद से कोलकाता लाया गया था। 31 मई की रात निजी एजेंटों की सहायता से युवती को जंगल क्षेत्र से अवैध रूप से बांग्लादेश की सीमा से पार कराया गया था। इसके अलावा, यह मामला उन एजेंटों से संबंधित है, जो बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में अवैध घुसपैठ में संलग्न हैं और उन्हें भारतीय नागरिकता स्थापित करने के लिए फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराते हैं। ईडी के अनुसार, कई व्यक्ति अवैध घुसपैठ और फर्जी पहचान प्रमाण बनाने से संबंधित गतिविधियों में संलिप्त हैं।

**मनी लॉन्ड्रिंग के तहत ईडी ने दर्ज किया है केस**

ज्ञात हो कि ईडी ने 16 सितंबर को झारखंड में बांग्लादेशी महिलाओं की तस्करी और संदिग्ध घुसपैठ की जांच के लिए मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था। ईडी ने पीएमएलए के तहत केस दर्ज किया है। यह मामला झारखंड पुलिस की एक जांच रिपोर्ट पर आधारित है, जिसे जून में रांची के बरियातू पुलिस थाना में दर्ज किया गया था।

# भाजपा और एनडीए को छोड़कर कोई भी झारखंड के हितैषी नहीं : जेपी नड्डा

- अटल जी ने झारखंड बनाया, इसको हम ही संवारेंगे
- जनता झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी की अत्याचारी सरकार को उखाड़ फेंकेगी



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/बगोदर।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने बगोदर और जमुआ में कहा कि झारखंड में कमल खिलना तय है। श्री नड्डा ने सत्ताधारी कांग्रेस-झामुमो पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की हवा चल रही है। लोगों ने मन बना लिया है कि अब भ्रष्टाचार में लिप्त हेमंत सरकार को सबक सिखाना है। उन्होंने कहा कि जब झारखंड को अलग राज्य बनाने की मांग उठी थी, तब कांग्रेस ने इसका विरोध किया था। कांग्रेस के सहयोगी लालू यादव ने कहा था कि उनकी लाश पर झारखंड बनेगा। लेकिन, आज लालू यादव भी जिंदा हैं और झारखंड राज्य भी स्थापित है। झारखंड को अलग राज्य बनाने का श्रेय भारत रत्न अटल बिहारी वाजपई को जाता है। उन्होंने कहा कि एनडीए और भाजपा को छोड़कर कोई भी झारखंड के हितैषी नहीं है।

उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को गौरव दिवस के रूप में मनाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। झारखंड के आदिवासी, गरीब और दलित समेत सभी वर्गों को साथ लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने विकास को आगे बढ़ाया है। आम जनता ने अत्याचारी शासन को उखाड़ फेंकने का काम किया था। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, आरजेडी की सरकार है वहां भ्रष्टाचार, परिवारवाद और भाई-भतीजावाद है। कांग्रेस- झामुमो-आरजेडी में गरीबों का हक लूटने वाले भ्रष्टाचारी लोग हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा है, वो ही करके दिखाया है। मोदी ने आदिवासियों के लिये अपने बजट को 3 गुना बढ़ा दिया है। पहले यहां 10 उपज पर एमएसपी मिलती थी। लेकिन मोदी ने 90 उपज पर एमएसपी देने का काम किया है। जनमन योजना के तहत अलग से 24 हजार करोड़ रुपये शिक्षा, रोजगार, पीने का पानी समेत सभी सुविधायें पहुंचाने के लिये खर्च किये। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुये कहा कि उनका परिवार काका कालेलकर की रिपोर्ट पर बैठे रहा। इसके बाद मंडल कमीशन की रिपोर्ट पर राहुल की दादी और पिता बैठे रहे। लेकिन पिछड़ा वर्ग को मुख्यधारा में लाने का काम पीएम मोदी ने किया है। पिछड़ा वर्ग कमीशन को संवैधानिक दर्जा देने का काम मोदी ने किया है। उन्होंने कहा कि रघुवर दास सरकार ने झारखंड में विकास के कार्य को तेजी से लागू किया। लेकिन, सरकार बदलते ही झारखंड में विकास को ब्रेक लगा दी गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 5 गुना एग्रीकल्चर बजट बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि अब भारत ऑटो मार्किट में तीसरे नंबर पर है। इन्फ्रा सेक्टर में 10 सालों में लगभग 19 लाख करोड़ रुपए खर्च हुये हैं। नीति आयोग बता रहा है कि भारत के 25 करोड़ लोग आज गरीबी रेखा से उपर निकल चुके हैं। झारखंड के 2 करोड़ लाख लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन दिया जा रहा है। हर गरीब के लिए सालाना 5 लाख का मुफ्त इलाज दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने झारखंड में 18 लाख पक्का मकान बना कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड को 5 नये मेडिकल कॉलेज दिये हैं। राज्य में भाजपा की बनने पर 10 नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनने जा रही है।

# राज्य सरकार के संरक्षण में बांग्लादेशी घुसपैठिया गैंग सक्रिय : बाबूलाल मरांडी

- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि ईडी की कार्रवाई के दौरान साजिश का हुआ उद्भेदन



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा है। श्री मरांडी मंगलवार को ईडी की कार्रवाई पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। उन्होंने कहा कि रांची में ईडी की कारवाई के दौरान बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में बसाने की जिस साजिश का उद्भेदन हुआ है, वह अत्यंत राज्य की आंतरिक सुरक्षा के लिये बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि पहले भी कई बार बता चुका हूं कि घुसपैठियों को अवैध तरीके से भारत में प्रवेश कराने वाला गैंग झारखंड में सक्रिय है। हेमंत सरकार के संरक्षण में यह गैंग बांग्लादेश से प्रवेश कराने से लेकर घुसपैठियों को मदरसों में ठहराने से लेकर उनका वोटर आईडी, आधार कार्ड व पासपोर्ट बनाने तक का जुगाड़ लगाता है। उन्होंने कहा कि झारखंड की सुरक्षा-संप्रभुता के साथ खिलवाड़ कर झामुमो-कांग्रेस की सरकार झारखंड को बारूद के ढेर पर ला खड़ा किया है। विगत कुछ सालों के दौरान हुई बेतहाशा घुसपैठ ने झारखंड की मूल पहचान पर संकट खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना के साथ-साथ राजधानी रांची, लोहरदगा, गुमला, चाईबासा समेत कई जिले घुसपैठियों के सेफ जोन बन चुके हैं। कुछ दिनों पूर्व रांची में बांग्लादेशी युवतियों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को ही प्रारंभिक साक्ष्य मिले थे, इसके बावजूद प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत न्यायालय के समक्ष घुसपैठ के स्याह सच को छुपाते हुये झूठा शपथ पत्र दायर किया गया। सुप्रीम कोर्ट जाकर घुसपैठ की जांच रुकवाने का प्रयास भी किया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प है कि झारखंड में सरकार बनते ही पिछले दस से पंद्रह सालों के अंदर बने फर्जी वोटर आईडी कार्ड की जांच कर रद्द किया जायेगा। भाजपा घुसपैठ जैसे देशविरोधी कृत्य को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। घुसपैठियों को चुन-चुनकर झारखंड से बाहर खदेड़ा जायेगा।

## चंदन डैम के जल विवाद पर हाईकोर्ट का सुनवाई से इनकार

**रांची।** बिहार के चंदन नदी पर बने डैम से झारखंड को पर्याप्त पानी दिलाने के लिए दायर जनहित याचिका हाईकोर्ट ने मंगलवार को निष्पादित कर दी। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने कहा यह दो राज्यों के बीच जल विवाद का मामला है। इस पर हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं की जा सकती। प्रार्थी चाहे तो इस मामले में सुप्रीम कोर्ट भी जा सकते हैं। चंदन डैम से झारखंड को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी देने की मांग को लेकर सांसद निशिकांत दुबे ने जनहित याचिका दायर की थी। वर्ष 2016 में दायर इस याचिका में कहा गया था कि चंदन डैम के चार कैनाल सिस्टम झारखंड में आते हैं। सिस्टम खराब हो गया है, जिसकी मरम्मत कर झारखंड को पर्याप्त पानी की आपूर्ति की जानी चाहिए, ताकि सिंचाई की सुविधा झारखंड के लोगों को मिले।

## बैंक अधिकारी बनकर करोड़ों रुपये की ठगी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के सजायाफ्ता की जमानत पर ईडी ने जवाब के लिए मांगा समय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक अधिकारी बनकर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले अपराधियों से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सजायाफ्ता अंकुश कुमार मंडल की सजा के खिलाफ क्रिमिनल अपील पर सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। मामले में अभियुक्त अंकुश कुमार मंडल की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आईए) दाखिल कर जमानत का आग्रह कोर्ट से किया गया। हाई कोर्ट की एकल पीठ ने मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। मामले के अगली सुनवाई 9 दिसंबर को होगी। अपीलकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार ने पैरवी की। बता दें कि रांची के पीएमएलए के विशेष अदालत ने जुलाई 2024 में मामले में 5 आरोपियों अंकुश कुमार मंडल, गणेश मंडल, संतोष मंडल, प्रदीप मंडल, पिंटू मंडल को 5-5 साल की सश्रम कैद की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर ढाई- ढाई लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया था। गणेश मंडल, संतोष मंडल ने पीएमएलए कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

दरअसल, ये सभी अभियुक्त जामताड़ा जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के मिरगा गांव निवासी हैं। इन आरोपियों पर फर्जी पते पर सिम कार्ड लेने और बैंक अधिकारी बनकर लोगों को कॉल करके साइबर अपराध करने का आरोप है। मामले में ईडी की ओर से 24 गवाहों को प्रस्तुत किया था। साथ ही काफी संख्या में दस्तावेज को चिन्हित कराया गया है। ईडी ने साइबर अपराध के किसी मामले में पहली बार छह अगस्त 2018 को मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया था। जांच पूरी करते हुए ईडी ने 27 मई 2019 को पांचों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले में पांचों आरोपियों के खिलाफ 13 दिसंबर 2019 को आरोप गठित किया गया था।

### विधानसभा चुनाव : आज हाईकोर्ट में अवकाश

रांची। हटिया, रांची एवं कांके विधानसभा क्षेत्र में बुधवार को मतदान है। इसे देखते हुए झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को अवकाश रहेगा। इसके बदले 7 दिसंबर (शनिवार) को हाई कोर्ट में कार्य दिवस रहेगा। इस संबंध में हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने नोटिफिकेशन जारी किया है।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रॉंची**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**

**आम सूचना**

विधानसभा आम निर्वाचन चुनाव– 2024 रॉंची जिला अंतर्गत 58–तमाड़, 63–रॉंची, 64–हटिया, 65–कॉंके एवं 66–माण्डर विधानसभा के सभी अभ्यर्थी/सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारी/कार्यकर्त्ताओं को सूचित किया जाता है कि:–

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 में उल्लेखित प्रावधान के अनुसार–

1. कोई भी व्यक्ति, किसी मतदान क्षेत्र में, उस मतदान क्षेत्र में किसी निर्वाचन के लिए मतदान की समाप्ति के लिए नियत किये गये समय के साथ समाप्त होने वाले 48 (अड़तालीस घंटों) की कालावधि के दौरानः–
   (क) निर्वाचन के संबंध में कोई सार्वजनिक सभा या जुलूस न बुलायेगा, न आयोजित करेगा, न उसमें उपस्थित होगा, न उसमें सम्मिलित होगा और न उसे संबोधित करेगा, या
   (ख) चलचित्र, टेलीविजन या वैसे ही अन्य साधित्रों द्वारा जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का संप्रदर्शन नहीं करेगाय या
   (ग) कोई संगीत समारोह या कोई नाट्य अभिनय या कोई अन्य मनोरंजन या आमोद–प्रमोद जनता के सदस्यों को उसके प्रति आकर्षित करने की दृष्टि से, आयोजित करके या उसके आयोजन की व्यवस्था करके, जनता के समक्ष किसी निर्वाचन संबंधी बात का प्रचार नहीं करेगा।
2. वह व्यक्ति, जो उपधारा (1) के उपबंधों का उल्लंघन करेगाय कारावास से, जिसकी अवधि दो (2) वर्ष तक की हो सकेगी, या जुर्माने से, या दोनो से, दण्डनीय होगा।

उप निर्वाचन पदाधिकारी, रॉंची
जिला निर्वाचन पदाधिकारी, –सह– उपायुक्त, रॉंची

PR 340086 Ranchi(24-25)#D

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय, झारखण्ड, रॉंची**

**मतदाताओं के लिए आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के आलोक में **झारखण्ड राज्य अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव, 2024** हेतु सभी मतदाता जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किये गये है, मतदान स्थल पर मत डालने से पहले पहचान सुनिश्चित करने हेतु अपना **निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)** दिखाएंगे तथा ऐसे निर्वाचक, जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र **(EPIC)** प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा, तदनुसार निम्न दस्तावेज पहचान हेतु स्वीकार किये जायेंगे:–

1 निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC)
**वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजः–**
2 आधार कार्ड,
3 मनरेगा जॉब कार्ड,
4 बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक,
5 श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड,
6 ड्राइविंग लाइसेंस,
7 पैन कार्ड,
8 एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,
9 भारतीय पासपोर्ट,
10 फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,
11 केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान–पत्र,
12 सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और
13 यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

किसी अन्य विधानसभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे बशर्ते निर्वाचक का नाम जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदान स्थल से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध हो। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

मतदाता सूचना पर्ची (Voter Information Slip) को मतदान केन्द्र में पहचान के उद्देश्य के लिए स्वीकार नहीं किया जाएगा। आपसे अपेक्षित है कि आप मतदान के लिए निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (EPIC) या आयोग द्वारा उपरोक्त निर्दिष्ट वैकल्पिक दस्तावेजों में से एक मतदान के समय अपने साथ अवश्य लाएं।

प्रवासी निर्वाचक को, जो अपने पासपोर्ट में उल्लेखित विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

**झारखण्ड राज्य अन्तर्गत विधानसभा आम चुनाव, 2024 में सभी मतदाताओं से अपील है कि निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी
झारखण्ड, रॉंची

PR 340072 Election(24-25)#D


# पहले चरण में एनडीए व इंडी गठबंधन में रोमांचक मुकाबला

- दो दर्जन से अधिक सीटों पर पक्ष-विपक्ष के बीच सीधा मुकाबला
- पूर्व सीएम, कैबिनेट मंत्री सहित कई हेवीवेट उम्मीदवारों के बीच महामुकाबला

**उदय चौहान**

**रांची।** विधानसभा चुनाव के पहले चरण में एनडीए व इंडी गठबंधन के बीच रोमांचक मुकाबला दिख रहा है। 43 विधानसभा सीटों के लिये होने वाले इस महामुकाबले में नेक टू नेक फाइट होने की संभावना जतायी जा रही है। इस अखाड़े में पूर्व सीएम से लेकर कैबिनेट मंत्री सहित कई हेवीवेट उम्मीदवार हैं। इसको लेकर राजनीतिक गलियारों में हार-जीत का ताना-बाना भी बुना जा रहा है। कई सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष के भी आसार बन रहे हैं। बहरहाल इन 43 सीटों पर बुधवार को जनता अपना फैसला सुनायेगी। कैबिनेट मंत्री मिथिलेश ठाकुर को गढ़वा में भाजपा से कड़ी चुनौती मिल रही है। भाजपा के सत्येंद्र नाथ तिवारी उनके खिलाफ मैदान में हैं। सत्येंद्रनाथ तिवारी 2009 और 2014 में इस सीट से जीत हासिल कर चुके हैं। घाटशिला सीट पर समीकरण बदल गया है। कभी झामुमो के कैडर में रहे बाबूलाल सोरेन भाजपा से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। बाबूलाल पूर्व सीएम चंपई सोरेन के पुत्र हैं। इस सीट पर मंत्री रामदास सोरेन और बाबूलाल सोरेन के बीच टफ फाइट होने की संभावना जतायी जा रही है। लातेहार सीट से कैबिनेट मंत्री बैद्यनाथ राम के सामने भाजपा के प्रकाश राम हैं। 2019 में वैद्यनाथ राम ने प्रकाश राम को पटखनी दी थी। लोहरदगा सीट पर मंत्री रामेश्वर उरांव की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इनका मुकाबला आजसू की नीरू शांति भगत से है।

### सरयू राय व बन्ना गुप्ता के बीच महामुकाबला

जमशेदपुर पश्चिमी सीट पर कैबिनेट मंत्री बन्ना गुप्ता और सरयू राय आमने-सामने हैं। इस बार सरयू राय जदयू के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। 2005 और 2009 में सरयू राय बन्ना को पटखनी दे चुके हैं। इस बार रांची हॉट सीट पर भाजपा के सीपी सिंह एवं झामुमो की महुआ माजी के बीच कड़ा मुकाबला है। यह सीट पिछले 28 साल से भाजपा के खाते में रही है। हटिया सीट में त्रिकोणीय संघर्ष के आसार बन रहे हैं। निर्दलीय उम्मीदवार भरत काशी की भी इस क्षेत्र में अच्छी पकड़ बतायी जा रही है। इस सीट से भाजपा के नवीन जायसवाल व कांग्रेस के अजय नाथ शाहदेव मैदान में हैं। कांके सीट में भी कांटे की टक्कर की संभावना जताई जा रही है। इस सीट से भाजपा ने एक बार फिर पूर्व विधायक जीतू चरण राम पर भरोसा जताया है। वहीं, कांग्रेस ने इस बार फिर से सुरेश बैठा को मैदान में उतारा है।

### दिलचस्प होगा तमाड़ का चुनावी रण

इस बार तमाड़ का चुनावी रण भी दिलचस्प होगा। यहां पर एनडीए की ओर से जदयू के गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर का सीधा मुकाबला झामुमो के विकास मुंडा से है। राजा पीटर पहली बार झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन को हराकर चर्चा में आये थे। राज्य गठन के बाद से ही खूंटी में कमल खिलता रहा है। यहां से नीलकंठ सिंह मुंडा लगातार जीतते रहे हैं। इस बार फिर नीलकंठ सिंह मुंडा का मुकाबला झामुमो के राम सूर्य मुंडा से है। भवनाथपुर सीट में भाजपा के भानू प्रताप और झामुमो के अनंत प्रताप देव के बीच रोमांचक मुकाबला की संभावना है। अनंत प्रताप देव 2009 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीत चुके हैं। डाल्टनगंज सीट में त्रिकोणीय मुकाबले के आसार हैं। इस सीट से कांग्रेस ने केएन त्रिपाठी को और भाजपा ने फिर एक बार आलोक चौरसिया पर भरोसा जताया है। लेकिन इस सीट में पूर्व स्पीकर इंदर सिंह नामधारी के पुत्र दिलीप सिंह के चुनावी मैदान में आने से मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। पांकी सीट भी त्रिकोणीय संघर्ष में फंसती नजर आ रही है। पूर्व विधायक विदेश सिंह के बेटे देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह निर्दलीय मैदान में हैं। भाजपा ने विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता और कांग्रेस ने पूर्व मंत्री मधु सिंह के पुत्र लाल सूरज को प्रत्याशी बनाया है। हुसैनाबाद में भाजपा ने वर्तमान विधायक कमलेश सिंह को राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव व बसपा के पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता रोड़ा अटकाने में लगे हैं।

इस बार सरायकेला को हॉट सीट माना जाना है। इस सीट से पूर्व सीएम चंपई सोरेन जीतते रहे हैं। लेकिन, इस बार चंपई सोरेन भाजपा के उम्मीदवार हैं। झामुमो के गणेश महली भाजपा के चंपई को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। बिशुनपुर में झामुमो का सीट बचाने पर जोर है। पिछले तीन चुनावों में झामुमो के चमरा लिंडा ने जीत की हैट्रिक लगायी है। श्री लिंडा इस बार भाजपा के समीर उरांव को चुनौती दे रहे हैं। झामुमो के बागी जगन्नाथ उरांव निर्दलीय मैदान में हैं। इस कारण मुकाबला दिलचस्प हो गया है। इस बार सिसई सीट पर एनडीए व इंडिया गठबंधन आमने-सामने है। चुनावी दंगल में निवर्तमान विधायक जिग्गा सुसारन होरो को भाजपा के अरुण उरांव चुनौती दे रहे हैं। वहीं, चतरा सीट पर लोजपा के जनार्दन पासवान व राजद की रश्मि के बीच कड़ा संघर्ष देखा जा रहा है।

# हेलीकॉप्टर रोके जाने पर झामुमो हुआ आग बबुला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** एक सप्ताह पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और फिर सोमवार को गांडेय विधायक कल्पना सोरेन और आज मंगलवार को फिर से इन दोनों के हेलीकॉप्टर रोके जाने पर झामुमो आगबबुला है। झामुमो के केन्द्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बोला कि अब तो हद पार हो गयी है। ऐसा होते रहा तो झामुमो चुनाव आयोग के खिलाफ सड़क पर उतर जायेगा।

सुप्रियो ने कहा कि प्रथम फेज का चुनाव बुधवार को है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को कल्पना सोरेन को चुनाव प्रचार के दौरान उनका हेलीकॉप्टर को उड़ने की इजाजत नहीं मिली। बाद में फोन पर लातेहार के लोगों को संबोधित करना पड़ा। उन्हें एटीसी कलाइकुंडा की ओर से इजाजत नहीं मिली थी। 10 दिन पहले प्रधानमंत्री के आगमन पर नो फ्लाइंग जोन के कारण सीएम की हेलीकॉप्टर चाईबासा के दूरदराज इलाके में उड़ान भरने का परमिशन नहीं मिला था। जो उग्रवाद प्रभावित इलाका था।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कई नेताओं का झारखंड में आयात हुआ। हमारे नेता भी अपने घर प्रचार कर रहे हैं। चुनाव आयोग से गुहार है। हमारे प्रचार को प्रभावित न किया जाये। हमें हमारी बात रखने का भी मौका मिले। उन्होंने कहा कि मंगलवार आज तो हद हो गयी। नियत समय पर सीएम और कल्पना सोरेन एयरोर्ट पहुंचे। उनके दोनों हेलीकॉप्टर के बीच एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर खड़ा करा दिया गया। उसके बाद एक घंटा विलंब से हेलीकॉप्टर उड़ा। निदेशक एयरपोर्ट को कहा गया हमें उड़ना है, तब भी वो हटा नहीं। एक घंटा तक मुख्यमंत्री चिल्लाते रहे।

आयोग को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कम से कम हमें बोलने का तो मौका दीजिए या फिर हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लीजिए। कहिए कि उन्हें प्रचार नहीं करने देंगे। तरह तरह का बहाना कर प्रचार में बाधा उत्पन्न किया जा रहा है। एक काम कीजिए कल का वोटिंग भी बंद करा दीजिए। दे दीजिए उन्हें 43 सीटों के सर्टिफिकेट। चुनाव आयोग संवैधानिक संस्था है। गरिमा बनाकर रखिए। यदि हम सड़क पर उतर गये, तो उसका अंजाम क्या होगा? आज कई जगह पर राज्य में इडी का छापा चल रहा है। कल का जो हेडलाइन होगा। आप हेडलाइन के लिए ऐसा काम मत कराइए। लोगों ने मन बना लिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा 43 में 38 सीट जीत रहे हैं। पूरा कोल्हान, पलामू शून्य हो जायेगा। इसके बाद उड़ान में बाधा आयेगी तो हम रुकेंगे नहीं। हम संघर्ष करने वाले हैं संघर्ष करेंगे। इस बात का ध्यान जरूर चुनाव आयोग को रहना चाहिए।

# पहले चरण की आधी से अधिक सीटों पर चलेगा आधी आबादी का जोर

- राज्य की 22 सीटों पर निर्णायक की भूमिका में रहेंगी महिला वोटर
- पहले चरण की 43 में से 22 सीटों पर पुरुषों के मुकाबले अधिक हैं महिलाएं

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में आधी आबादी की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। एक तरफ जहां चुनाव मैदान में महिला प्रत्याशियों की संख्या बढ़ी है, वहीं दूसरी कई ऐसे विधानसभा क्षेत्र हैं, जहां महिला मतदाता निर्णायक की भूमिका में रहेंगी। पहले चरण के लिए आज वोट डाले जायेंगे। इस चुनाव में कुल 528 प्रत्याशियों में इस बार 55 महिला प्रत्याशी हैं। इसके अलावा जिन 43 सीटों पर चुनाव हो रहे हैं उसमें 22 सीटें ऐसी हैं, जहां महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों की अपेक्षा काफी अधिक है। ऐसे में राज्य की इन 22 सीटों पर आधी आबादी प्रत्याशियों को हराने-जीताने में निर्णायक की भूमिका में रहेंगी। बताते चलें कि 2019 के विधानसभा चुनाव में इन विधानसभा क्षेत्रों में महज नौ सीटों पर महिला वोटर की संख्या पुरुष के मुकाबले अधिक थी। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार 43 सीटों में 13 सीटों पर महिला वोटर की संख्या बढ़ी है। इस तरह से पिछले चुनाव की तुलना में करीब 16.72% महिला वोटर की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, जबकि पुरुष वोटर की संख्या में 10.23% वृद्धि है। पिछले चुनावों में जिस तरह से महिला मतदाताओं ने मतदान के प्रति रुझान दिखाई है, उससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि इनकी भूमिका इस बार कैसी होगी?

**2019 विधानसभा चुनाव में इन सीटों पर महिलाएं थीं आगे** : 2019 विधानसभा चुनावः 2019 के चुनाव में 43 सीटों में से नौ सीट- घाटशिला, पोटका, चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, खूंटी और सिमडेगा में पुरुष की अपेक्षा महिला वोटर की संख्या अधिक थी।

**2024 विधानसभा चुनाव में इन सीटों पर महिलाएं हुई आगे** : 2024 विधानसभा चुनावः 2024 के चुनाव में इन 43 में से 22 सीट- घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, हटिया, मांडर, सिसई, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा और मनिका में पुरुष की अपेक्षा महिला वोटर की संख्या अधिक है।

**2019 में भी महिलाओं ने पुरुषों से ज्यादा किया था वोटिंग** : मतदान के प्रति महिलाओं का रुझान किस कदर बढ़ा है, इसका उदाहरण 2019 के चुनाव के आंकड़े हैं। 43 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों के मुकाबले अधिक भागीदारी निभायी है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में इन 43 सीटों में से 18 विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं ने जमकर वोटिंग की। जिन विधानसभा क्षेत्र में महिला वोटर की भागीदारी पुरुषों की तुलना में अधिक रहा, उसमें बड़कागांव, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तोरपा, खूंटी, सिसई, सिमडेगा, कोलेबिरा, मनिका, बिश्रामपुर, छतरपुर और हुसैनाबाद शामिल है।

**वोटरों का फैक्ट फाईल**

| विधानसभा | पुरुष वोटर | महिला वोटर | विधानसभा | पुरुष वोटर | महिला वोटर |
|---|---|---|---|---|---|
| घाटशिला | 1,22,974 | 1,27,319 | तोरपा | 97,177 | 1,02,095 |
| पोटका | 1,52,187 | 1,59,460 | खूंटी | 1,08,976 | 1,16,832 |
| जुगसलाई | 1,75,975 | 1,77,468 | हटिया | 2,61,890 | 2,64,275 |
| सरायकेला | 1,83,529 | 1,86,028 | मांडर | 1,86,208 | 1,93,692 |
| चाईबासा | 1,12,454 | 1,21,237 | सिसई | 1,28,808 | 1,35,065 |
| मझगांव | 1,04,264 | 1,12,448 | गुमला | 1,21,234 | 1,26,719 |
| जगन्नाथपुर | 97,102 | 1,01,528 | बिशुनपुर | 1,39,275 | 1,42,906 |
| मनोहरपुर | 1,09,072 | 1,12,448 | सिमडेगा | 1,19,107 | 1,24,485 |
| चक्रधरपुर | 1,02,198 | 1,06,376 | कोलेबिरा | 1,03,541 | 1,06,496 |
| खरसावां | 1,12,433 | 1,15,067 | लोहरदगा | 1,41,438 | 1,46,308 |
| तमाड़ | 1,08,343 | 1,10,293 | मनिका | 1,30,127 | 1,30,689 |

### मतदान में महिलाओं की भूमिका अच्छी खासी रही है

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के अनुसार मतदान में महिलाओं की भूमिका अच्छी खासी रही है। खासकर ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं ने पिछले चुनावों में भी जमकर भागीदारी निभाई थी। इस बार भी उम्मीद है कि लोग घरों से निकलकर निर्भिक होकर मतदान करेंगे।

मालूम हो कि पहले चरण के चुनाव में 43 सीटों पर 13 नवंबर को चुनाव हो रहे हैं, जिसमें एक करोड़ 37 लाख 10 हजार 717 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 68 लाख 73 हजार 455 पुरुष, 68 लाख 36 हजार 959 महिला और 303 थर्ड जेंडर भी शामिल हैं।

# चंदवा में आज 82280 मतदाता चुनेंगे अपने-अपने प्रत्याशी

## स्पीड न्यूज

### मरीज लेकर जा रही स्कार्पियो व कार में टक्कर

**चंदवा।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा थाना क्षेत्र के हुटाप मंगलदाहा पूल के समीप मंगलवार की सुबह रांची की ओर जा रही स्कोर्पियो व रांची से चंदवा की ओर आ रही बलेनो कार के बीच आमने सामने की भीषण टक्कर हो गयी। हालांकि दोनों वाहनों में सवार खुशकिस्मत रहे कि उन्हें ज्यादा चोटें नहीं आई।

### दो बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत में दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के बालू ग्राम के पास दो मोटरसाइकिल सवार में आमने-सामने टक्कर हो गयी। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

### मोटरसाइकिल के धक्के से एक वृद्ध घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के पालही ग्राम में एक अज्ञात मोटरसाइकिल के धक्के से कैला भुइयां 60 वर्ष, पिता फूलचंद भुइयां, ग्राम पालही, थाना बालूमाथ निवासी घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### अपने पक्ष में वोट की अपील

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रामचंद्र सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की है। वहीं उन्होंने बरवाडीह बाजार क्षेत्र का भ्रमण कर दुकानदारों से भी बारी-बारी से मुलाकात करते हुए वोट करने की अपील की।

## चुनाव के दौरान शराब के खेल को रोकने के लिए लगा ड्राई डे



### शराब के दुरुपयोग पर रोकथाम को लेकर लगा 48 घंटे का ड्राई डे

चुनाव के दौरान धन बल व अवैध शराब के दुरुपयोग पर रोकथाम को लेकर प्रशासन के द्वारा सख्ती बढ़ा दी गई है, आयोग के निर्देशानुसार प्रखंड में 48 घंटे का ड्राई डे लागू करते हुए अधिकृत सभी अंग्रेजी शराब दुकानों को बंद कर दिया गया है। सोमवार की शाम 5:00 बजे से लागू हुआ ड्राई डे बुधवार की देर शाम 5:00 बजे तक जारी रहेगा।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में लातेहार विधानसभा समेत राज्य की 43 विधान सभा सीटों पर आज वोटिंग होगी, जिसको लेकर प्रशासन के द्वारा तैयारियों को मुक्कमल तौर पर पुख्ता कर लिया गया है। लातेहार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चंदवा प्रखंड में इस बार 82280 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें महिला मतदाता 41599 व पुरुष मतदाताओं की संख्या 40861 है। प्रशासन के द्वारा इस बार भी लोकसभा की तर्ज पर प्रखंड क्षेत्र में कुल आठ बूथों का स्थान परिवर्तन किया गया है। इसके अलावे कई बूथों को महिला विशेष बूथ, यूनिक बूथ एवं पर्दानशीं बूथ भी बनाया गया है। निर्वाचन आयोग की ओर से मतदान प्रक्रिया को बिना किसी व्यवधान के शांति पूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन को निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती के साथ सभी आवश्यक प्रबंध किए हैं, ताकि मतदाता बिना किसी डर भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। इस चुनावी क्षेत्र में हो रहे कड़े मुकाबले को देखते हुए हर पार्टी ने अपने उम्मीदवारों के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। लातेहार का यह चुनाव परिणाम 23 नवंबर को घोषित किया जाएगा, जो आने वाले समय में राज्य की राजनीति की दिशा तय कर सकता है।

बीडीओ ने बताया कि वृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा को लेकर किशोर स्वयंसेवक प्रखंड के सभी बूथों पर मतदान के दिन मौजूद रहेंगे। अपने-अपने मतदान केंद्र पर दिव्यांग वरिष्ठ एवं शारीरिक रूप से अक्षम मतदाताओं को व्हीलचेयर व अन्य मदद कर प्रवेश द्वार तक पहुंचने में मदद करेंगे। इसके अलावे पुरुष एवं महिला मतदाता को बूथ पर मतदान के दौरान कतारबद्ध तरीके से लगाने एवं बीएलओ की निगरानी में रहकर बीएलओ को मदद करने का कार्य भी करेंगे। बीडीओ ने बताया कि जिस मतदान केंद्र में 400 से कम मतदाता हैं वहां दो वॉलिंटियर्स एवं जिन बूथों पर 400 से अधिक मतदाता हैं वहां चार वॉलिंटियर नियुक्त किए गए हैं, जिनकी उम्र 14 से 18 वर्ष के बीच की है।

## आवश्यक सामग्रियों के साथ मतदान पदाधिकारी और मतदानकर्मी अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचे

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लातेहार।** विधासभा आम निर्वाचन के प्रथम चरण के तहत लातेहार जिला अंतर्गत लातेहार विधानसभा एवं मनिका विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होने वाले चुनाव के मद्देनजर भारत माता भवन के प्रांगण में बनाए गए डिस्पैच सेंटर से मतदान पदाधिकारियों व मतदान दल के कर्मियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने मनोबल एवं उत्साहवर्धन कर शुभकामनाओं के साथ मतदान केन्द्रों हेतु रवाना किया गया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मतदान कर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही सामग्रियों व अन्य कार्यों का जायजा लिया। उपायुक्त ने मतदान कर्मियों को संबंधित पोलिंग पार्टी एवं पुलिस के जवानों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदान कार्यों का सफल संचालन सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही उन्होंने बताया कि सभी मतदान कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ कलस्टरों में भोजन, पानी, शौचालय, निर्बाध बिजली की व्यवस्था एवं कलस्टरों में चिकित्सीय दल की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उपायुक्त ने सभी को शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त तरीके से मतदान संपन्न कराने हेतु मतदान कर्मियों को कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए।

13 नवंबर 2024 को मतदान कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव द्वारा सभी मतदान पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दी गईं।

## लातेहार डीसी-एसपी ने किया मॉडल बूथ का निरीक्षण

# बालूमाथ बुनियादी विद्यालय मॉडल बूथ पर गंदगी देख जतायी नाराजगी

- उपायुक्त ने मॉडल बूथ की सारी प्रक्रिया को दो घंटे के अंदर पूरा करने के दिये निर्देश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** विधानसभा चुनाव में पहले चरण के तहत होने वाले मतदान को लेकर लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने मंगलवार को चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने बालूमाथ बुनियादी विद्यालय मॉडल बूथ पहुंचे। जहां गंदगी का अम्बार देख उपायुक्त भड़क गये। अधिकारियों से पूछा कि मॉडल बूथ में इतनी गंदगी क्यों पड़ी हुई है और जो टेंट लगाया गया है वह भी गंदा टेंट क्यों लगाया गया। वहीं बूथ के सामने किसी भी प्रकार का कोई लाइनिंग नहीं किया गया था। उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि मॉडल बूथ का जो मानक है। उसकी सारी प्रक्रिया को दो घंटे के अंदर पूरा करें। वहीं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं थाना प्रभारी को कई दिशा निर्देश दिए। ज्ञात हो कि बुनियादी विद्यालय के बूथ संख्या 140,141,142,143 में शौचालय समेत अगल-बगल में गंदगी का अंबार लगा हुआ था। वहीं मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा कर्मियों के लिए व्यापक सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है।

## पहले चरण के चुनाव को महुआडांड़ तैयार, बूथों पर सभी सुविधाएं

- प्रत्येक बूथ में मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं की सुविधा को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत कुल 321 मतदान केंद्रों पर प्रखंड के कुल 57 हजार 90 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसे लेकर प्रखंड प्रशासन ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रत्येक बूथ में मतदान कर्मियों एवं मतदाताओं की सुविधा को लेकर विशेष ध्यान दिया गया है। महिला एवं पुरुष समेत दिव्यांग मतदाताओं के लिए अलग-अलग पंक्ति बनाते हुए मार्किंग की गई है। बूथ के अंदर मतदान कर्मियों से होते हुए ईवीएम मशीन तक पहुंचने एवं बाहर निकलने तक लाइन को सुनियोजित ढंग से मार्किंग किया गया है। मतदाताओं के उत्साह बढ़ाने को लेकर बूथ को अच्छी तरह से सजाया गया है। वही प्रत्येक बूथ में सीसीटीवी कैमरा लगाकर वेब कास्टिंग की मदद से मॉनिटरिंग भी की जा रही है। मतदान केंद्र में पूरे 100 मीटर तक के क्षेत्र को मार्किंग कर लिया गया है। जिसके बाहर बूथ से 200 मीटर की दूरी पर प्रत्याशियों के बूथ एजेंट के बैठने की व्यवस्था की गई है। सुबह 7:00 बजे से मतदान शुरू कर दी जाएगी जो की शाम 5:00 तक होगी। वहीं कुछ सुदूरवर्ती क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर शाम 4:00 बजे तक ही मतदान होगा।

### सुरक्षा को लेकर किए गए पुख्ता इंतजाम

विधानसभा चुनाव के पहले चरण में महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत सभी बूथ पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक बज्रगृह में सैकड़ो की संख्या में बीएसएफ के जवान के बीच मतदान कर्मियों को रखा गया है। जहां से सुबह होते ही सभी मतदान कर्मियों को बीएसएफ के जवानों के घेरे में कड़ी सुरक्षा के बीच बूथ तक पहुंचाया जाएगा। निर्धारित समय से मतदान शुरू कराने को लेकर मतदान कर्मी एक दिन पूर्व ही पहुंच चुके हैं। जिनके रहने के लिए लाइट, पानी और सोने की व्यवस्था तो प्रशासन के द्वारा कर दी गई है लेकिन खाने-पीने का इंतजाम नहीं होने की वजह से मतदान कर्मियों समेत जवानों को काफी परेशानी भी हो रही है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में मतदान कर्मी एवं सुरक्षा बल के जवान खान का खर्च खुद वहन करते हुए ग्रामीणों के घर खाना बनवाकर अपना भोजन कर रहे हैं। उनके खाने का पैकेट उन तक नहीं पहुंच पा रहा। बज्रगृह जहां मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। वहां उनके पहुंचने से पहले ही सीसीटीवी कैमरा लग जाना था। लेकिन खबर लिखे जाने तक कुछ बज्रगृह में कैमरा नहीं लग पाया था।



### बूथों के लिए रवाना हुए कर्मी, जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी को किया ब्रीफिंग, कहा

# निष्पक्ष चुनाव कराना अब आपकी जिम्मेवारी, ऑल द बेस्ट...

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर पलामू के पांचों विधानसभा में बुधवार को मतदान होना है जिसे लेकर सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। मंगलवार को जिले के 1570 बूथों के लिए पोलिंग पार्टी को रवाना किया गया। इसी क्रम में डालटनगंज के दुर्गम बूथों पर मतदान कर्मियों को हेलीकॉप्टर से भेजा गया। गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर में पर्याप्त व्यवस्था की गयी थी। सुबह से दोपहर तक कैंप कार्यालय में डीसी मौजूद थे। उन्होंने सभी काउंटर का निरीक्षण किया। अहले सुबह से ही शुरू हुए डिस्पैच कार्यों का खुद जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री रंजन मॉनिटरिंग करते नजर आये। उनके साथ सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी समेत जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन उपस्थित रहीं। इस दौरान वे डिस्पैच हेतु बनाये गये विभिन्न काउंटर का निरीक्षण कर कई निर्देश दिये। डिस्पैच के पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी पोलिंग पार्टी को ब्रीफ किया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्र के अंदर किसी के भी मोबाइल ले जाने पर पूर्ण रूप से रोक है यह आप सभी सुनिश्चित करें। मॉक पोल के संबंध में जारी निर्वाचन आयोग के सभी नियमों का पालन करें। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने पोलिंग पार्टी के साथ एक व्हाट्स ग्रुप बनायें ताकि आपस में कम्युनिकेश करने में सहूलियत हो। कहा कि निष्पक्ष चुनाव कराना अब आपकी जिम्मेवारी, ऑल द बेस्ट। गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज से डिस्पैच के बाद पड़वा के गाड़ीखास पहुंचे मतदानकर्मियों का बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों ने भव्य स्वागत किया। बीएलओ ने मतदानकर्मियों का फूल-माला से स्वागत किया।







### सभी मतदानकर्मियों का पंडवा बूथ पर किया गया स्वागत



छतरपुर विस क्षेत्र के पंडवा बूथ सं. 141, 142, 143, 144 और 145 पर मतदान कर्मियों को माला पहना कर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

## स्पीड न्यूज

### जिले के सभी बूथों के लिए पोलिंग पार्टी रवाना, नौ अति संवेदनशील बूथों पर हेलीकाप्टर से भेजे गये मतदानकर्मी

**मेदिनीनगर।** जिलें के सभी बूथों के लिए पोलिंग पार्टी रवाना हो गये हैं। नौ अति संवेदनशील बूथों पर हेलीकाप्टर से मतदान कर्मी को चुनाव के लिए भेजा गया। कई बूथों पर मतदान कर्मियों के पहुंचते ही स्वागत किया गया। मतदानकर्मियों ने कहा कि आज हम सभी पोलिंग पार्टी आपके बूथ पर आ रहे हैं, कल आप सभी को अपने-अपने बूथ पर आना है और मतदान जरूर करना है। हमारा लोकतंत्र जिंदाबाद, कुछ ऐसे ही उत्साह के साथ डालटनगंज के 9 बूथों के लिए हेलीकॉप्टर से मतदानकर्मी रवाना किये गये।













# हरिहरगंज-पिपरा के 91 मतदान केंद्र पर 85 हजार लोग देंगे वोट

- हरिहरगंज व पिपरा के 91 मतदान केंद्र पर 85 हजार वोटर करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए आज होने वाले मतदान में हरिहरगंज तथा पिपरा के 91 मतदान केंद्रों पर 85550 वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें हरिहरगंज प्रखंड के 61 मतदान केंद्रों पर 29233 पुरुष तथा 27678 महिला कुल 56911 तथा पिपरा प्रखंड के 30 मतदान केंद्रों पर 14793 पुरुष तथा 13846 महिला कुल 28639 वोटर राज्य में नयी सरकार बनाने के लिए वोट करेंगे। उधर क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी की है। हरिहरगंज में बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी की तीन कंपनी तथा पिपरा में एक कंपनी एसएसबी की तैनाती की गयी है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि निर्भिक व शांति पूर्वक मतदान कराने के लिए अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गयी है। साथ ही मतदान को लेकर पुलिस प्रशासन लगातार पेट्रोलिंग करती रहेगी। कहा कि शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए प्रशासन कटिबद्ध है। लोग निर्भीक होकर मतदान करें।



शांतिपूर्ण मतदान करवाने के लिए बूथों पर जाते सुरक्षाकर्मी।

### हुसैनाबाद में कैश जब्त, वोटरों को पैसे बांटने की थी तैयारी

# गम्हरबिगहा के समीप पकड़ी गयी बोलेरो वाहन से ₹2.32 लाख जब्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** जिला के हुसैनाबाद में एसएसटी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक गाड़ी से कैश रुपये जब्त किया है। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर पूरे पलामू में वाहन चेकिंग एवं कई तरह का अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस के द्वारा जब्त पैसा को वोटरों के बीच बांटे जाने की आशंका थी। इसी क्रम में हुसैनाबाद में वाहन चेकिंग के दौरान एक वाहन को रोका गया और उसकी तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान ब्लू रंग का झोला में 2.32 लाख कैश रुपए बरामद हुआ है। एसएसटी टीम द्वारा गाड़ी में सवार लोगों से पूछताछ की गयी तो वे नकद के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पाये और न ही कोई कागजात नहीं दिखा पाये। इसके बाद एसएसटी के पदाधिकारियों ने रुपयों को जब्त कर लिया है। इस अभियान को लेकर हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि एक बोलेरो गाड़ी जिसका नंबर जेएच 10वी 7569 से कैश पैसे जब्त किये गये हैं। इस मामले में आगे की छानबीन की जा रही है। उन्होंने बताया कि आशंका है कि यह पैसा वोटरों के बीच बांटा जा सकता था। पूरे मामले में आगे का अनुसंधान किया जा रहा है एवं वरीय अधिकारियों की इसकी जानकारी दी गयी है।

- झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण को लेकर प्रशासन मुस्तैद इसी कड़ी में पलामू में कैश जब्त किया गया






# स्कूल बंद कर निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार कर रही हैं शिक्षिका सुनैना देवी, वीडियो वायरल

- हर महिला को 500 रुपये और ट्रक छाप का पर्चा दिया
- करीब डेढ़ लाख रुपये का किया गया वितरण
- मतदाताओं को वोट के बदले पैसे का दिया प्रलोभन
- चुनाव आयोग के संज्ञान में पंहुचा मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शिक्षक का काम स्कूल में बच्चों को पढ़ाना है, लेकिन पलामू जिले के पांकी प्रखंड के छोटकी आसेहार उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका सुनैना देवी स्कूल बंद कर पांकी विधानसभा के निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। यहीं नहीं शिक्षिका द्वारा दर्जनों महिलाओं को 500 - 500 रुपए और ट्रक छाप का पर्चा वितरण किया गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि दैनिक भास्कर नहीं करता है। बताया जाता है कि शिक्षिका सुनैना देवी को चुनाव ड्यूटी में नहीं लगाया गया है। दरअसल शिक्षिका सुनैना देवी पांकी प्रखंड के महुगांई गांव में अशोक रजक के पत्नी के साथ मिलकर महिला समूह के नाम पर गांव के महिलाओं को इकट्ठा कर निर्दलीय प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। शिक्षिका सुनैना देवी महिलाओं को निर्दलीय प्रत्याशी देवेंद्र सिंह उर्फ बिट्टू सिंह को वोट देने की बात कर कर रही है। जिसे वायरल वीडियो में साफ सुनाई दे रही है। शिक्षिका सुनैना देवी महिलाओं को पैसा के साथ पर्चा भी दी। वायरल



**मामला बेहद संगीन, जांच के बाद दोषी पर होगी कार्रवाई : डीसी**- पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने दूरभाष पर बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। जांच का आदेश दिया गया है। जांच के बाद दूसरी शिक्षिका पर एफआईआर दर्ज होगी। किसी भी कीमत में इस तरह का कार्य करने वाले शिक्षक या सरकारी कर्मी को बख्शा नहीं जायेगा। मामला बेहद गंभीर है। जांच में जो भी दोषी पाए जायेंगे, सभी पर कार्रवाई की जायेगी।

# मतदान केंद्र पर हुए स्वागत से अभिभूत हुए मतदानकर्मी



- पड़वा प्रखंड प्रशासन ने की अनूठी पहल, आसपास में बना चर्चा का विषय

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पंडवा पलामू।** लोकतंत्र का महापर्व कल हैं। बुधवार को विधानसभा चुनाव का मत डाला जायेगा। इसे लेकर मंगलवार को मतदानकर्मी मतदान केंद्र पर पहुंच गये। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के पड़वा प्रखंड प्रशासन द्वारा अनूठी पहल की गयी है। पड़वा प्रखंड के प्रखण्ड पंचायती राज्य पदाधिकारी मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में सभी बीएलओ एवं विद्यालय परिवार द्वारा मतदान कर्मियो का पारंपारिक तरीके से स्वागत किया गया। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के पड़वा प्रखंड क्षेत्र के लगभग 20 बूथों पर सभी बीएलओ द्वारा मतदान कर्मियों को मतदान केंद्र पर पहुंचने पर तिलक लगाकर, माला पहनाकर स्वागत किया गया। मतदान कर्मियों को मिठाई भी खिलाया गया। मतदान केंद्रों पर रंगोली भी बनाया गया था। मतदान केंद्रों पर हो रहे स्वागत से मतदानकर्मी अभिभूत थे। इस तरह के स्वागत से मतदान कर्मियों को बहुत ही चेहरे पर प्रसन्नता का भाव दिख रहा था। संभवतः यह पहला अवसर हैं जब चुनाव के दौरान इस तरह का माहौल बना है। पलामू ने वह भी दौर देखा जब चुनाव में डयूटी लग जाने के बाद चेहरे पर मायूसी का भाव आ जाता था, तब मतदानकर्मी सहित उनके परिजन सकुशल वापसी के लिए मंदिरों में माथा टेकते थे, पर दौर बदला, उग्रवाद पर काबू हुआ तो आज स्थिति हैं कि पर्व जैसा उमंग उत्साह हैं। गाड़ी खास बूथ संख्या 155, 156 पर आयें पीठासीन पदाधिकारी रत्नेश कुमार का कहना है कि यह प्रयोग तो बिल्कुल नया व अनूठा हैं। पहले से ऐसी न तो कोई जानकारी था न ही अनुमान, सोचा था कि जाने के बाद पूर्व की तरह परेशानी होगी पर इस बार फिजा हीं बदला हैं, जिस तरह स्वागत किया गया उससे यह महसूस हो रहा था, जैसे किसी के बारात में बाराती बन कर आये हैं। उन्होंने कहा कि बूथ पर पहुंचने पर जिस उत्साह के साथ स्वागत किया मन इतना आनंदित हुआ कि शब्दों में बयांन नहीं किया जा सकता है।

# जंघासी मुखिया प्रतिनिधि के नेतृत्व में कई लोगों ने थामा भाजपा का दामन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाटन पलामू।** पलामू के पूर्व सांसद सह भाजपा नेता मनोज कुमार व पाटन विस क्षेत्र के निवर्तमान विधायक पुष्पा देवी के कार्यशैली से प्रभावित होकर जंघासी मुखिया प्रतिनिधि मुकेश सिंह के नेतृत्व में कई लोगों ने भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर सदर सेक्रेट्री जंघासी नवादा के रमजान अंसारी, सदर कुम्हवा सेक्रेट्री निजाम अंसारी, पशु चिकित्सक सह समाजसेवी इस्लाम अंसारी, समाजसेवी मुमताज अंसारी, युवा समाजसेवी मजबूल अंसारी ने भी भाजपा में शामिल हुए। पार्टी में शामिल होनेवालों ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान विधायक पुष्पा देवी भारी मतों से विजयी होगी। इन्हें जिताने के लिए संकल्पित हैं।



### तेजधार हथियार से मार कर वृद्ध को किया घायल

**पाटन पलामू।** पाटन थाना क्षेत्र के बरसैता निवासी सीताराम दुबे 65 वर्ष को बरछा घोंप कर घायल कर दिया गया। जानकारी के अनुसार सीताराम दुबे अपने पड़ोसी के घर बैठकर बात कर रहे थे उसी क्रम में गांव के ही नारद दुबे ने सीताराम दुबे पर बरछा से ताबड़तोड़ वार कर दिया जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल सीताराम दुबे को ईलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है जहां पर उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। सीताराम व नारद दोनों आपस में गोतीया है। नारद दुबे के पुत्र की हत्या दो वर्ष पहले मैराल मोड़ पर कर दिया गया था जिसमें सीताराम दुबे आरोपी बनाये गये थे( उसी घटना के प्रतिशोध में सीताराम दुबे पर जानलेवा हमला करने की बात सामने आ रही है।

# मतदान के लिए पलामू तैयार 1796 मतदान केंद्रों पर 17,31,538 मतदाता आज चुनेंगे मजबूत सरकार

**गजेंद्र कुमार**

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है। इसमें पलामू जिला के पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर सुरक्षित व हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्रों में 1731538 मतदाता 1796 मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मत का प्रयोग कर मजबूत सरकार चुनेंगे। चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से कमर कस चुकी है। मतदान में कहीं से कोई किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसे लेकर पूरी व्यवस्था के साथ तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। पांच विधानसभा क्षेत्रों में मतदान कराने को लेकर 1359 मतदान भवन तैयार किये गये हैं।

इस विधानसभा चुनाव में पुरुष मतदाताओं की संख्या 888767 व महिला मतदाताओं की संख्या 842770 है। जबकि थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या मात्र एक है। इसमें पांच विधानसभा क्षेत्र में 18 वर्ष से 19 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 84375 है। जबकि 20 से 29 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 48135 है। वहीं दूसरी ओर 85 वर्ष के उपर के मतदाताओं की संख्या 8007 है। साथ ही दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 36964 है।

साथ ही आदिम जनजाति समूह के मतदाताओं की कुल संख्या 10480 है। ये सभी मतदाता पलामू जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र में स्थापित मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाताओं को जहां एक ओर प्रत्याशियों के द्वारा प्रचार के माध्यम से अपने पक्ष में मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा था।

वहीं दूसरी ओर, जिला प्रशासन द्वारा स्विप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया था ताकि मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो। वहीं चुनाव के सफल संचालन के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा 15 कोषांगों का गठन कर नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी एवं अन्य कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया था ताकि चुनाव में कहीं किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं रह जाये।

जिले के पांच विस क्षेत्रों में स्थापित मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मियों को रवाना कर दिया गया है। जो मतदानकर्मी बुधवार को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक अपने अपने बूथों पर मतदाताओं से मत डलवायेंगे। वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्देश जारी किया गया है कि जो मतदाता कतार में खड़े हो जायेंगे देर शाम तक भी मत डलवाना है।

- चुनाव शांतिपूर्ण व निष्पक्ष कराने के लिए जिला प्रशासन ने कसी कमर
- जिले के सभी बूथों के लिए पोलिंग पार्टी रवाना, कई जगह हुआ स्वागत

- पुरुष मतदाताओं की संख्या 888767
- महिला मतदाताओं की संख्या 842770
- थर्ड जेंडर मात्र एक
- 18 से 19 वर्ष के वोटर 84375 हैं
- 20 से 29 वर्ष के मतदाताओं की संख्या 48135 है



### इन दस्तावेजों के आधार पर दे सकतें हैं वोट

1. पासपोर्ट
2. ड्राइविंग लाइसेंस
3. फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार/ सार्वजनिक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी)
4. बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटो युक्त पासबुक
5. पैन कार्ड
6. एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड
7. मनरेगा जॉब कार्ड
8. पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित)
9. सांसद, विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र।
10. आधार कार्ड
11. दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड
12. स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी) में से कोई भी एक दस्तावेज दिखाकर मतदान किया जा सकता है।

### लोकतंत्र के मजबूत निर्माण में आपकी वृहद सहभागिता जरूरी, 13 को मतदान जरूर करें

- मतदान करने के पश्चात अपना फोटो लेकर #Vote Dene Chalo के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड करें

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के महात्यौहार के मौके पर आगामी 13 नवंबर को आपकी वृहद सहभागिता अत्यावश्यक है, अन्यथा लोकतंत्र जिन सिद्धान्तों के आधार पर परिपक्व होता है, उसकी पूर्ति होना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि हमे उम्मीद है कि आप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निवार्चन की गरिमा को बनाये रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी से अनुरोध है कि आप अपने मतदान केंद्र पर मतदान के दिन अवश्य जायें और लोकतंत्र की सफलता, गतिशीलता एवं समावेशी-समतामूलक समाज की परिकल्पना को साकार करने में देश हित में 13 नवंबर को अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें। वहीं मतदान करने के पश्चात अपना फोटो लेकर **#Vote Dene Chalo** के साथ सोशल मीडिया पर अपलोड करें साथ ही डीसी पलामू को भी टैग करें।

## बेरमो, गोमिया और तीसरी में गरजे सीएम हेमंत सोरेन, इंडिया गठबंधन झामुमो प्रत्याशी के लिये मांगे वोट, कहा

# यहां ना तो कोई बंटेगा और ना ही कोई कटेगा, लेकिन जनता अब वोट से भाजपाई को कूटेगी







खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/ललपनिया/गोमिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत तीसरी ग्राम स्थित मैदान में सीएम हेमंत सोरेन ने चुनावी सभा को सम्बोधित किया। सभा मे सोरेन ने भाजपा आजसू पर जमकर निशाना साधा। उन्होने कहा कि भाजपा और आजसू दोनों एक सिक्के के दो पहलू है दोनों से राज्य का विकास नही हो सकता। दोनों ने राज्य को लूटा है। जनता राज्य के विकास के लिए इंडिया गठबंधन झामुमो प्रत्याशी योगेंद्र प्रसाद महतो को वोट दें। सीएम सोरेन ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा झारखंड में भाजपा के पास बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, चंपाई सोरेन जैसे कई पूर्व मुख्यमंत्री हैं, लेकिन भाजपा पार्टी को यहां के किसी नेता पर विश्वास नहीं है। इसलिए बाहरी नेताओं को झारखंड में लाया गया है। उन्होंने कहा यहां ना तो कोई बंटेगा और ना ही कोई कटेगा, लेकिन जनता अब वोट से भाजपाई को कूटेगा। सभा के दौरान प्रत्याशी पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो व पूर्व विधायक बबीता देवी के नेतृत्व सीएम सोरेन को पहनाकर जोरदार स्वागत किया। सभा मे आजसू व अन्य पार्टी छोड़कर दर्जनों लोग झामुमो में शामिल हो गए। सभा मे मुखिया बंटी उरांव, सोनाराम मुर्मू, प्रखण्ड अध्यक्ष लुदु मांझी, केदारनाथ पंडा, संतोष साव, शोभा देवी, गुलाब हांसदा, बबलू हेम्ब्रम, कोंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय, गुणानंद महतो, टूकन महतो सहित हजारों लोग उपस्थित थे।

**गोमिया के कुर्कनालो मे मुख्यमंत्री की चुनावी सभा :** गोमिया प्रखंड अंतर्गत लोधी पंचायत के कुर्कनालो बाजार टांड में मंगलवार को इंडिया गठबंधन के झामूमो प्रत्याशी योगेन्द्र प्रसाद के समर्थन मे चुनावी सभा मे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा झारखंड मे चुनाव हो रहा झारखंड मे एनडीए के नेता महाराष्ट्र, गुजरात, उतरप्रदेश, दिल्ली आदि राज्यों से आकर चुनाव प्रचार मे जुडे है और झूठा वायदा कर रहे है ऐसे नेताओं से बचके रहना है।

### बेरमो विधायक के पक्ष में चुनावी जनसभा

बेरमो विधानसभा के चांपी पंचायत के अम्बाटोला मे इंडिया महागठबंधन सह बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह के पक्ष में एक विशाल चुनावी सभा का आयोजन किया गया। संबोधन में मुख्यमंत्री सोरेन ने उपस्थित भीड़ को अपनी सरकार की उपलब्धियों तथा विकासकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहे कि विपक्ष की कुटनितियो से सावधान रहने की जरूरत है नही तो वे आपके वोट लुट झारखंड में सरकार बना कर झारखण्ड के खनिज सम्पदा को भी अपने करोड़पति मित्रो को सौपने का काम करेगे।

## जनता के लिए 12 बजे रात को भी खड़ा रहूंगी : लुईस



सभा को संबोधित करती झामुमो प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के जामा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मंगलवार को डॉ लुईस मरांडी ने जामा के आसपास के विभिन्न गांव का दौरा किया। जिसमें तपसी, गुनछुआ, असंथर, मोहलबना, सुगनीबाद, करैया, बेलकूपी, पलसिया, बगझोपा सहित दर्जनों गांव का दौरा जेएमएम प्रत्याशी ने किया।

इस दौरान उन्होंने हेमंत सोरेन के कार्यकाल में हुए महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी कार्यों को गिनाया। जिसमें 200 यूनिट बिजली बिल माफी योजना, कृषि ऋण माफी योजना, मइया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, सर्वजन पेंशन योजना सहित दर्जनों योजनाओं के बारे में लोगों को बताया।

उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि 12 बजे रात को भी जामा की जनता के लिये वो खड़ा रहेगी। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं का भीड़ प्रत्याशी को सुनने एवं देखने के लिये इकट्ठा हुई। मौके पर कालेश्वर सोरेन, पूनम देवी, सत्तार खां, बाबुल यादव, गौतम दरवे, विजय कापरी, विमल बेसरा, प्रवीण हेम्ब्रम, दिलीप दत्ता, सिकंदर दरवे, रजनीश कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

### एनसीपी के प्रत्याशी यसवीर सिंह ने ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा



बोकारो। बोकारो विधानसभा में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी यसवीर सिंह के पंचायत से वंचित क्षेत्र उत्तरी क्षेत्र के जनसंपर्क अभियान के दौरान सैकड़ो की संख्या में राष्ट्रवादी कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल थे। जनसंपर्क अभियान एवं पदयात्रा के दौरान प्रत्याशी यसवीर सिंह ने पंचायत से वंचित गांवों की समस्याओं को जानने का प्रयास किया। जनसंपर्क अभियान और पदयात्रा का कारवां उत्तरी क्षेत्र के वास्तेजी बेधमारा पचौडा महलीटोला चिरूबेडा मोहनपुर शिबूटाड़ झीगलप्पा कोच कुली बदरोटाड़ भंडारी बस्ती मानगो सहित दर्जनों विस्थापित गांव तक गया। मौके पर प्रत्याशी यशवीर सिंह के साथ विजय तुरी गोपाल महली विष्णु महतो रामप्रसाद महतो राजेश मंडल शंकर मंडल शंकर सिंह विश्वनाथ प्रताप आस प्रदीप मंडल मिथुन महतो राजेश महतो संतोष महतो अब्दुल अंसारी शामिल रहे। जसवीर सिंह ने बोकारो के वर्तमान भाजपा विधायक पर निशाना साधते हुए कहा कि बोकारो विधानसभा की जनता 10 सालों से देख रही है कि विधायक जी का कितना संपत्ति का उछाल हुआ है। भाजपा विधायक विरंची नारायण 10 वर्षों से अपना ही विकास कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी श्वेता सिंह पर भी कटाक्ष किया।

### जमशेदपुर कलाकार मंच बोकारो ने स्व शारदा सिन्हा को किया नमन

बोकारो। जमशेदपुर कलाकार मंच की मंच के महामंत्री आरपी प्रसाद की अध्यक्षता में चास सदर बाजार कार्यालय में संपन्न बैठक में दिवंगत गायिका शारदा सिन्हा के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें नमन किया गया। सभी ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व की चर्चा की। मौके पर मंच के राष्ट्रीय मंत्री पपाई चक्रवर्ती बोकारो जिला मंत्री साधना चक्रवर्ती कुमारी शिल्पा नम्रता पिंटू महतो नरेश प्रसाद रूपा सिंह अल्पना दास रूमा बनर्जी सुमन कुमार पाठक डिम्पल जायसवाल सीमा जायसवाल शक्ति दास गणेश भूमि मुन्ति भूमि स्नेहा भूमि शिखा दुबे महेश रजक आदि मौजूद थे।

### बेरमो : नगर परिषद पेयजल परियोजना में ठेकेदारों की धांधली



बेरमो। नगर परिषद के द्वारा स्वच्छ पेयजल परियोजना का शुभारंभ से बेरमो क्षेत्र की जनता यहां के के लिए जीवन दाहिनी साबित हुई है। जिससे क्षेत्र के बहुतायत लोगों के पेयजल की समस्या का समाधान हो सका है परंतु इस कार्य को निष्पादित करने वाले ठेकेदार जिन्हें पाइपलाइन तथा उससे जुड़े हुए अन्य कार्यों की जवाब दे ही दी गई थी उन्होंने सड़क को तोड़ के इस पाइपलाइन को बिछाया था इसके उपरांत थे नगर परिषद के शहरी क्षेत्र में पेयजल की समुचित सुविधा मिल पा रहे हैं। सारे कार्य संपन्न हो जाने के बाद अब शुद्ध पेयजल लोगों तक पहुंच रहा है। सभी कार्यों के निष्पादन के बाद टूटे हुए सड़क की मरम्मती का काम भी इन ठेकेदारों की जिम्मे था जिसे उन्होंने बेहतर ढंग से नहीं किया और जहां तहां सड़क अभी भी आपको टूटे नजर आएंगे। पाइपलाइन बिछाने के बाद टूटे हुए सड़क को वैसे ही छोड़ दिया गया है। इस सारी व्यवस्थाओं की जवाबदेही नगर परिषद के अधिकारियों पर थी जिसे उन्होंने बिना देखरेख के ठेकेदार पर छोड़ दिया जिसे उन्होंने अभी तक पूरा नहीं किया।

# झारखण्ड मे बनेगी अबकी भाजपा की सरकार : निशिकांत दूबे



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** 13 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन के पूर्व सिकटिया मे प्रेस वार्ता के माध्यम से गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने जनता से प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व मे देश मे और इस राज्य मे भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ने के लिये एक साथ सबको आने की अपील की। प्रधानमंत्री के नेतृत्व मे ही गोड्डा जैसे पिछड़े क्षेत्र को विकास की गति दी गई है गोड्डा मे रेल का आगमन हो या देवघर मे एयर पोर्ट का निर्माण या एम्स की स्थापना। पिरपेती रेल लाइन की पूर्ण होती योजना हो या फोर लेन सड़क का निर्माण तीव्र गति से विकास रथ दौड़ रही है। जेपीएससी घोटाले का जिक्र करते हुए कहा 2007 मे जे पी एस सी के घोटालों का जिक्र करते हुए कहा गोड्डा से ही भ्रष्टाचार का प्रारंभ हुआ था। व्यक्तिगत रूप से उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया लेकिन एक प्रोफेसर का जिक्र अवश्य किया और बताया एक ही परिवार के बेटे और बेटियां सम्बन्धीयो को बी डी ओ और सी ओ बनाये गए। लेकिन उन पर केस अभी चल रहे हैं और इस केस मे आरोपित हैं। वो जेल जायेंगे ये तय है। जिसने युवाओं के भविष्य को बर्बाद किया है। युवाओं को 2000 रुपए प्रतिमाह भत्ते के रूप मे चुनाव के बाद मिलेगी। राज्य मे महिलाओं को 2500 रुपए प्रतिमाह दिए जायेंगे प्रत्येक महिलाओं को। आयुष्मान कार्ड के द्वारा 70 वर्ष से ऊपर के सभी बुजुर्गों को 5लाख तक के मुफ्त इलाज कराये जायेंगे। आदिवासियों की घटती जनसंख्या पर भी प्रकाश डाला राज्य सरकार बनने के बाद बांग्लादेशियो को भारत से चुनचुन कर देश की सीमा से बाहर किया जायेगा। प्रधानमंत्री मोदी झारखण्ड के जल जंगल और जमीन को अर्बन नक्सल के चंगुल से आजाद कराएंगे 20000 दो लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे आदि कई और भी योजनाओं का जिक्र किया है।

**अमित ने बाइक यात्रा निकाली** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गोड्डा आगमन के पूर्व संध्या पर भाजपा विधानसभा उम्मीदवार अमित मंडल ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ बाइक यात्रा निकाली और आमंत्रण पत्र भी बांटते गए। गोड्डा आगमन हेतु आम जनता को प्रधानमंत्री के विचारों को सुनने का अनुरोध किया गया है। यात्रा में परिषद अध्यक्ष अजित कुमार सिंह, बमशंकर चौबे आदि शामिल थे।

## प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था में जुटे अधिकारी



**गोड्डा।** आज प्रधानमंत्री मोदी के गोड्डा आगमन को लेकर पुलिस और प्रशासन एलर्ट मोड पर नजर आ रही है। एक ओर चॉपर उतारने का ट्रायल किया जा रहा है। उसके लिये जमीन तैयार करने मे रोलर, टीपर, ग्रेडर जेसीबी से ग्राउंड की मिट्टी को काम्पेक्ट किया जा रहा है। दूसरी ओर मंच की तैयारी और दर्शकों के बैठने की पानी की ब्यवस्था के साथ सुरक्षा के तगड़े और व्यापक प्रबंध किये जा रहे हैं। गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे और भाजपा के निवर्तमान विधायक और बीजेपी उम्मीदवार की संयुक्त प्रेस मीटिंग की। एसडीपीओ गोड्डा, एसडीपीओ महगामा गोड्डा नगर थाना, मुफ्फसिल थाना, मोतिया टिओ पी थाना प्रभारी और कई पुलिस अधिकारी भी एसपी गोड्डा के निर्देश पर व्यवस्था में जुटे है।

## पाकुड़ से सपा प्रत्याशी अकील अख्तर की बाइक रैली में उमड़ी भीड़



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरहरवा।** समाजवादी पार्टी से पाकुड़ विधानसभा के प्रत्याशी अकील अख्तर की बाइक यात्रा ऐतिहासिक समर्थन के साथ संपन्न हुई। रैली में हजारों की संख्या में समर्थकों ने बाइक पर झंडे लहराते हुए, अकील अख्तर के नेतृत्व में एकजुटता और बदलाव का संदेश दिया। बाइक यात्रा का प्रारंभ नगर के मुख्य चौक से हुआ, जहां अकील अख्तर ने हाथ उठाकर सभी समर्थकों का स्वागत किया। उत्साह से भरी यह यात्रा पूरे विधानसभा क्षेत्र में घूमी, जिसमें युवाओं, किसानों और महिलाओं ने जोश और उमंग के साथ हिस्सा लिया। रास्तेभर जनसैलाब ने नारे लगाते हुए समाजवादी विचारधारा का समर्थन किया और एक नई दिशा में बढ़ने का आह्वान किया। अकील अख्तर ने इस अवसर पर जनता के अपार समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह समर्थन इस बात का प्रतीक है कि पाकुड़ की जनता बदलाव चाहती है और समाजवादी पार्टी ही वह पार्टी है जो उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि यह बाइक यात्रा केवल एक शुरूआत है, और आने वाले दिनों में जनता के साथ मिलकर एक सशक्त, न्यायसंगत और विकासशील पाकुड़ बनाने का संकल्प पूरा करेंगे।

## नलिन सोरेन ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन कर झामुमो कार्यकर्ताओं को जीत के दिये मंत्र



खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से झामुमो के उम्मीदवार आलोक सोरेन को बड़े अंतर से विजयी बनाने को लेकर मंगलवार को शिकारीपाड़ा कॉलेज मैदान में झामुमो की ओर से एक दिवसीय बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पार्टी उम्मीदवार आलोक सोरेन के साथ उनके पिता व दुमका के सांसद नलिन सोरेन एवं माता व जिला परिषद अध्यक्ष जोयस बेसरा ने उपस्थित होकर अपने पुत्र को विजयी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने का मंत्र सिखाया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आलोक सोरेन ने कहा कि किसी भी पार्टी या उम्मीदवार को विजयी बनाने में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं का काफी योगदान होता है। इसी कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने बैठक में यह निर्देश दिया था कि प्रत्येक बूथ पर 25 महिला एवं 25 पुरुष कार्यकर्ताओं को तैनात किया जाए, ताकि कोई दूसरी पार्टी बूथ पर कब्जा नहीं कर पाए और वहां पर अपने पक्ष में मतदाताओं को दिग्भ्रमित नहीं करें। इस अवसर पर सांसद नलिन सोरेन ने शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से झामुमो के उम्मीदवार व अपने पुत्र आलोक सोरेन को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि 18 एवं 19 नवंबर को प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ क्षेत्र में ही रहे। भाजपा के बाहरी लोगों को यहां की भोली भाली जनता को बरगलाने का समय नहीं दे। ईवीएम मशीन को अपने सामने सील करवाएं। क्योंकि भाजपा वाले मशीन के माध्यम से ही बड़ा खेल करते हैं। पिता के साथ-साथ पार्टी उम्मीदवार आलोक सोरेन की माता जोयस बेसरा ने भी कार्यकर्ताओं से अपने पुत्र को विजयी बनाने की अपील की। सम्मेलन का संचालन एवं अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष चुंडा हेंब्रम ने किया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जॉन सोरेन के साथ जिला प्रवक्ता अब्दुल सलाम अंसारी, जिला परिषद सदस्य प्रकाश हांसदा, शिकारीपाड़ा प्रखंड प्रमुख हुडू मरांडी, प्रखंड उपाध्यक्ष लाल मोहम्मद उर्फ लालू, प्रखंड सचिव प्रभुनाथ हांसदा, कोषाध्यक्ष कलीमुद्दीन अंसारी, रजनीश कुमार सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आपकी सेवा एवं बोकारो की उन्नति में कोई कसर नहीं छोडूंगी : श्वेता सिंह



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो विधानसभा इंडिया गठबन्धन प्रत्याशी श्वेता सिंह ने मेरा बोकारो मेरा अभिमान के नारे के साथ बोकारो विधानसभा के कनारी पंचायत के पोखरिया टांड़ सीमा टांड स्टेशन रोड गड़िया घुट्टू बोरवा टांड विरसिंग डीह नीचे टोला बरवा टांड उपर झिगलप्पा सिकारीडीह बसियाडीह बोदरो टांड़ कोचा कुल्ही कनारी तथा मानगो पंचायत के केवट टोला क्लाली टोला राम टोला मुस्लिम टोला भंडारडीह टांड़ घर गोराडीह बस्तीकुलीह पहाड़पुर करमागोड़ा जिमनाबांध शिबूटांड पंचायत के बोधनाडीह मोहनपुर मोहलीडीह चिरू बेड़ा पचौरा चीराडीह शेरसाडीह वहीं वास्तेजी पंचायत अंतर्गत बेधमारा धनगरी मधुडीह बाबूडीह रानीपोखर चौफान भतुआ धन डबरा लेवा टांड में जनता से मिलकर 20 नवंबर को बैलट नंबर 3 के सामने हाथ के निशान पर बटन दबाकर कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाने के लिए अपील की। सिंह ने कहा कि पूर्व के 10 वर्षों में यहां के जनप्रतिनिधिगण विस्थापितों के समस्याओं को नजरअंदाज कर के चले हैं जिसके कारण यहां का विकास अधूरा रह गया है। बोकारो के निर्माण में यहां के विस्थापितों का अहम योगदान है इसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है आप सभी ने मुझे और मेरे परिवार के प्रति जो असीम अपनापन और विश्वास दिखाया इसके लिए हृदय से आभार व्यक्त करती हूं और विश्वास दिलाती हूं कि आपकी सेवा एवं बोकारो की उन्नति में कोई कसर नहीं छोडूंगी।

## साहिबगंज : भाजपा की जीत के लिए परिवर्तन चौपाल का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बरहरवा।** कोटालपोखर मंडल अंतर्गत मयूरकोला के बूथ संख्या 151में भाजयुमो मंडल महामंत्री अनुप लाल रजक के नेतृत्व मे झारखंड में भाजपा के जीत के लिए परिवर्तन चौपाल का आयोजन किया गया।

जिसमे बताया गया कि भाजपा सरकार बनते ही 18 से 50 तक सभी महिलाओं के खाते मे प्रत्येक महीना के 11 तारीख को 2100 रूपया दिया जाएगा। एवं प्रत्येक परिवार को 500 रुपए में सिलिंडर त्योहारों में दो सिलिंडर मुफ्त में दिया जाएगा। सरकार बनते ही 21 लाख पक्का मकान दिया जाएगा। सभी महिलाओं से पाकुड़ विधानसभा के एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम जी को केला छाप पर क्रमांक संख्या 01 पर मुहर लगाकर भारी मतों से विजय बनाने का आग्रह किया गया।

एक नजर में

### अबुल कलाम आजाद की जयंती पर इस्लामी शिक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



बेरमो। नमाज मगरिब मदरसा इस्लामिया मिल्लत क्लब एरिया कुरपनिया में मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को इस्लामिक शिक्षा और तालीम के महत्व पर जागरूक किया गया। नमाज से संबंधित, वजू और गुस्ल से संबंधित, नबी (श.) से संबंधित, नमाज की दुआओं से संबंधित सवाल जवाब किए गए। इसमें भाग लेने वाले बच्चों मे मो आशिफ, मोहम्मद नवाज, मो फैसल, मो शमी उर रहमान, मो इरशाद,मो शाद खान, कैंसर खान, मो असद अनीस, चाहत परवीन,शीबा नाज, आफिया नाज, सायना परवीन, गौसिया परवीन, अफजा आयमा,मो रेहान को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत फ्राइडे बाजार के हाफिज सईद अख्तर ने नातिया कलाम से की। मो असलम मास्टर ने शिक्षा (तालीम) पर विशेष जोर दिया और इसे समाज के विकास की बुनियाद बताया। जामा मस्जिद कुरपनिया के ईमाम मौलाना शहाबुद्दीन ने नमाज की पाबंदी और बच्चों के आचार-व्यवहार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नमाज का नियमित पालन न केवल व्यक्ति की आध्यात्मिक उन्नति के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे अनुशासन और चरित्र निर्माण भी होता है। मौलाना ने बच्चों के आदाब के बारे में कहा कि यह माता-पिता और समाज की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को अच्छे संस्कार और नैतिक मूल्यों की शिक्षा दें। मौके पर अफजल अनीस ने कहा कि बच्चों को मौलाना अबुल कलाम आजाद की जिंदगी से प्रेरणा और सीख लेनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मौलाना आजाद न केवल एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि एक विद्वान, शिक्षाविद, और पहले शिक्षा मंत्री के रूप में भी उनकी अहम भूमिका थी। उनकी जीवन यात्रा से मेहनत, शिक्षा के प्रति समर्पण, और देशभक्ति का सबक लिया जा सकता है। अफजल अनीस का मानना है कि अगर बच्चे मौलाना आजाद के आदर्शों को अपनाते हैं, तो वे न सिर्फ अपने जीवन में सफलता हासिल करेंगे, बल्कि देश और समाज के विकास में भी योगदान दे सकेंगे।कार्यक्रम का संचालन मदरसा इस्लामिया कमिटी के इमाम मौलाना जियाउल ने की सदारत जामा मस्जिद कुरपनिया के ईमाम मौलाना शहाबुद्दीन ने की।इस मौके पर मदरसा इस्लामिया कमिटी के सदर मो जलील अंसारी, नायब सदर मो बलाल अनीस, सेक्रेटरी हबीब उर रहमान, वयोवृद्ध अबू मोहम्मद, हाजी एहसान अंसारी, हारून रशीद, मो जहांगीर, कमाल मलिक, बद्रे आलम,जसीमअंसारी, सरफुद्दीन, मुख्तार, मोइन अंसारी, फिदा हुसैन, बबलू के इलावे मिल्लत क्लब के सभी नौजवान शामिल थे।

### झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा, बोकारो में श्वेता व चंदनकियारी में उमाकांत के पक्ष में






बोकारो। बहादुरपुर स्थित कल्याणेश्वरी उच्च विद्यालय के प्रांगण में जिला अध्यक्ष राजदेव माहथा की अध्यक्षता में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की संपन्न बैठक में सभी आंदोलनकारियों ने अपना अपना विचार व्यक्त किया। कहा कि झारखण्ड की प्रथम सरकार से लेकर वर्तमान सरकार तक अलग राज्य के निमार्ता झारखण्ड आंदोलनकारियों की किसी ने सुध नहीं ली। कितने आंदोलनकारी इन चौबीस सालों में मान सम्मान पहचान पेंशन आदि के इंतजार में परलोक सिधार गए। बैठक में विधानसभा चुनाव को देखते हुए सभी आंदोलनकारियों ने एक स्वर में कहा कि संगठन का एक ही उद्देश्य है कि जो आंदोलनकारियों के हित में बात करेगा-मोर्चा उसी के पक्ष में मतदान करेगा। मोर्चा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि झारखंड/ वनांचल आंदोलन के अग्रणी नेता स्व समरेश सिंह की पुत्रवधू श्वेता सिंह को बोकारो विधानसभा क्षेत्र से एवं चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र से आंदोलनकारी उमाकांत रजक का समर्थन करेंगे। आंदोलनकारियों ने उम्मीद जतायी कि समय आने पर यही दोनों प्रत्याशी आंदोलनकारियों के हित में सकारात्मक कार्य करेंगे। बैठक का संचालन संजय लाल महतो एवं गोलबाबू अंसारी ने किया। बैठक में मोर्चा के पूर्व मुखिया परीक्षित महथा खिरोधर महतो प्रभारी खगेन्द्र नाथ वर्मा लाल मोहन शर्मा कृष्णा तिवारी लम्बोदर महतो सुनील महतो समीर महतो अरुण बरनदिंहा अमीर शेख ज्योति लाल महतो राजेश राय राम पद महतो रमेश महतो गणेश दत्ता माधब रजवार निखिल मल्लिक शिबू मल्लिक डॉ चंद्रशेखर सिंह मंजूर हुसैन राजकिशोर महतो नीलकंठ महतो राजमुकुट महथा सहित अन्य आंदोलनकारी उपस्थित रहे।

# आपका मत मूल्यवान

दुनिया के सबसे बड़ें लोकतंत्र में आम चुनाव एक महत्वपूर्ण जबावदेही है। आज झारखंड में पहले चरण का मतदान है। आमलोगों की ताकत मतदान से प्रकट होती है। हमें बिना किसी नकरात्मक भाव के बढ़-चढ़कर इसमें हिस्सा लेना चाहिए। लोकतांत्रिक मूल्यों का महत्व पूरी दुनिया स्वीकार करती है। झारखंड के निर्माण के बाद से राज्य का लोकतांत्रिक मूल्य लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान सरकार और पिछली सरकार ने अपना कार्यकाल पूरा किया। यह इस बात का संकेत है कि राज्य की जनता अपने हितों को लेकर सजग और सावधान है। राज्य में भाजपा और कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियां सक्रिय हैं तो झारखंड मुक्ति मोर्चा और आजसू जैसी क्षेत्रिय दलों को भी राज्य की जनता पसंद करती है। इस चुनाव में दो दलों से हटकर दो गठबंधन के बीच मुकाबला है। 81 विधानसभा के लिये आज और 20 नवंबर को मतदान होगा। चुनाव का परिणाम 23 नवंबर को आयेगा। राज्य में अब तक किसी भी विधानसभा चुनाव में किसी एक दल को बहुमत नहीं मिला है। सभी दलों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिये घोषणा पत्र जारी किया है। युवाओं को नौकरियां, घुसपैठिया, अनुदान, कृषि से जुड़ें अनुदान सहित लोक लुभावन और लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रस्ताव भी दिया गया है। आम लोगों से चुनाव आयोग लगातार अपील कर रहा है कि मतदान अवश्य करें। राजनीतिक स्थिरता से राज्य का विकास तेज होता है और आम लोगों को बिजली,पानी,स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन और युवाओं को रोजगार सहित पलायन और औद्यौगिकीकरण जैसे विषयों पर विमर्श का अवसर भी मिलता है। विकसित राज्यों की तरह राज्य भी आगे बढ़ें इसके लिये सभी को बगैर किसी प्रलोभन और व्यक्तिगत हित से उपर उठकर मतदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि मत सबसे मूल्यवान है।

## कार्टून वर्ल्ड






मेष : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहासुनी न हो यही ध्यान रहे। अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। पुराने मित्र मिलेंगे। शुभांक-4-6-7

वृष : अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग जनों से मतभेद रहेगा। शुभांक-3-5-7

मिथुन : आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। शत्रुओं की पराजय होगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। शुभांक-2-4-6

कर्क : उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। शुभांक-1-3-5

सिंह : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। शुभांक-4-6-8

कन्या : घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-5-7-8

तुला : संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता है। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कलह विवाद का डर बना रहेगा। पारिवारिक तनाव, अलगाव का सामना करना पड़ सकता है। शुभांक-5-7-9

वृश्चिक : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। किसी अपने की सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-3-5-7

धनु : कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभांक-1-4-8

मकर : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आय के अच्छे योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-3-5-7

कुंभ : बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। संतान की उन्नति के योग हैं। शुभांक-1-4-6

मीन : व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। आवेश में आना आपके हित में नहीं होगा, इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शुभांक-2-4-6

# आदिवासी महिलाओं की समस्याओं पर गंभीर विमर्श जरूरी





- डॉ उषा किरण

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-3 के आंकड़ों से पता चलता है कि 65 प्रतिशत आदिवासी महिलाएं (15-49 वर्ष आयु वर्ग में) अन्य महिलाओं की 46 .9 प्रतिशत की तुलना में एनीमिया से पीड़ित हैं। महिला के लिए पोषण संबंधी ज्ञान एक महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि वे परिवार के सभी सदस्यों के लिए भोजन की तैयारी की देखरेख करती है।

**आदिवासी** महिलाओं में पोषण संबंधी एनीमिया एक गंभीर समस्या है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-3 के आंकड़ों से पता चलता है कि 65% आदिवासी महिलाएं (15-49 वर्ष आयु वर्ग में) अन्य महिलाओं की 46.9% की तुलना में एनीमिया से पीड़ित हैं। महिला के लिए पोषण संबंधी ज्ञान एक महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि वे परिवार के सभी सदस्यों के लिए भोजन की तैयारी की देखरेख करती है। इसे आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय भोजन की आदतों और खाद्य संसाधनों की उपलब्धता पर विशेष ध्यान देने व अनुपालन की आवश्यकता है ।

2. शिक्षा :-शिक्षा और साक्षरता स्तर किसी समाज के विकास के महत्व की ओर संकेत करते हैं। आज की दुनिया में, किसी भी वर्ग, जाति, लिंग, जातीयता या धार्मिक पहचान के बावजूद शिक्षा पुरुषों और महिलाओं के लिए समान रूप से महत्वपूर्ण है। यह समाज में महिलाओं के समग्र विकास को सुनिश्चित करने का एक उपकरण है। हालाँकि, औपचारिक शिक्षा तक पहुंच आदिवासी महिलाओं के सामने आने वाली प्रमुख समस्याओं में से एक है। 1950 के दशक से पहले स्थिति इतनी गंभीर थी क्योंकि कोई भी प्रत्यक्ष सरकारी कार्यक्रम आदिवासी शिक्षा को लक्षित नहीं कर रहा था। हालाँकि, संविधान को अपनाने के साथ, केंद्र और राज्य सरकारों ने आदिवासी शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया। जनगणना 2011 के आंकड़ों के अनुसार, कुल साक्षरता दर 72.99 है, लेकिन अनुसूचित जनजातियों के लिए साक्षरता दर 58.96 है। यदि हम 1961 से 2011 तक समग्र साक्षरता दर पर विचार करें तो आदिवासियों की साक्षरता दर में काफी वृद्धि हुई है, यानी 8.53% से 58.96% तक। इसी अवधि में महिलाओं की साक्षरता दर 3.16 से बढ़कर 49.35% हो गई। हालाँकि, आदिवासी आबादी के बीच शिक्षा में लैंगिक अंतर काफी है। जनगणना 2011 के आंकड़ों के अनुसार, जनजातियों में महिला साक्षरता दर केवल 49.35% है, जबकि पुरुष साक्षरता दर 68.53% है।

2012 में, गुजरात के आदिवासी बहुल डांग जिले में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति का वर्णन करते हुए है बताया गया है कि सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में 5वीं कक्षा के बाद आदिवासी लड़कियों की उच्च शिक्षा में ड्रॉपआउट दर का प्रमुख कारण सामान्य शौचालय की सुविधा है। एक अध्ययन में झारखंड में हो और महली और पश्चिम बंगाल में लोढ़ा के बीच यह दशार्या गया कि महिला नामांकन दर उनके पुरुष समकक्षों की तुलना में कम है। खेती की अवधि के दौरान स्कूल छोड़ने की दर विशेष रूप से अधिक होती है, क्योंकि बच्चे बुआई, वृक्षारोपण, निराई आदि में अपने परिवारों की सहायता करते हैं। जनजातीय लड़कियों की स्कूल छोड़ने की दर सामान्य आबादी की तुलना में बहुत अधिक है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। आदिवासी लड़कियों की उच्च शिक्षा स्कूल छोड़ने की दर की घटना के लिए कई कारण जिम्मेदार ठहराए जा सकते हैं। आदिवासी लड़कियों की उच्च ड्रॉप-आउट दर को समझाने के लिए निम्नलिखित बाहरी कारणों को बताया जाता है :-

स्कूल का स्थान बहुत दूर होना.

लड़कियों के लिए अलग कार्यात्मक शौचालय सहित उचित बुनियादी ढांचे का अभाव होना.

विद्यालय परिसर में सुरक्षा का अभाव.

स्कूल में महिला शिक्षकों की कमी और शिक्षकों की अनुपस्थिति.

उनकी स्थानीय भाषा में प्रासंगिक पाठ्यक्रम का अभाव

विभिन्न आंतरिक कारक आदिवासी लड़कियों की उच्च शिक्षा में स्कूल छोड़ने की दर को बढ़ावा देते हैं:-

माता-पिता में अपनी लड़कियों के लिए शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता की कमी.

कम उम्र में बालिका विवाह के लिए सांस्कृतिक और सामाजिक दबाव.

घरेलू काम और बच्चों के पालन-पोषण के काम के लिए लड़कियों की आवश्यकता.

यह आवश्यक है कि माता-पिता को अपनी लड़कियों की भलाई और समग्र विकास के लिए शिक्षा के महत्व को समझने के लिए जागरूक और प्रशिक्षित किया जाए। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र में कौशल विकास और व्यावसायिक प्रशिक्षण पर उचित ध्यान दिया जाना चाहिए जैसा कि नई शिक्षा नीति, 2020 में परिकल्पना की गई है। पाठ्यक्रम के संदर्भ मेंआदिवासी संस्कृति, लोककथाओं और इतिहास को शामिल करना भी आवश्यक है जो आदिवासी बच्चों को आत्मविश्वास हासिल करने में मदद करते हैं। स्कूलों में नामांकन और ठहराव बढ़ाने के लिए, आदिवासी कहानी कहने, पेंटिंग, स्थानीय नृत्य और संगीत प्रदर्शन को बढ़ावा देने पर पर्याप्त ध्यान दिया जाना चाहिए जो स्वदेशी ज्ञान की परिकल्पना करते हैं। इसी तरह, सरकार को आदिवासी क्षेत्रों में खेल अकादमियों को बढ़ावा देकर आदिवासी प्राकृतिक प्रतिभा काबढ़ावादेने पर ध्यान देना चाहिए। आदिवासी लड़कियों सहित उभरते खिलाड़ियों को एथलेटिक्स, तीरंदाजी, दौड़, मुक्केबाजी, फुटबॉल, क्रिकेट आदि जैसे खेलों के लिए अवसर प्रदान करनाआवश्यकहै, जहां वे अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों में देश का प्रतिनिधित्व कर सकें। मैरी कॉम और दुती चंद ने कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं और खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए आदिवासी महिलाओं के लिए आदर्श बन गई हैं। इसी तरह, लड़कियों को आदिवासी रोल मॉडल की प्रेरणादायक सफलता की कहानियों को साझा करके शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।आदिवासी महिलाओं की शिक्षा सुनिश्चित करने की समस्याएँ और चुनौतियाँ जटिल और विविध प्रकृति की हैं। इस पर काबू पाने के लिए, विभिन्न हितधारकों- केंद्र और राज्य सरकारों, स्थानीय पंचायतों और गैर सरकारी संगठनों के एक ठोस प्रयास की आवश्यकता है। केवल सरकारी नीतियों और उप-योजनाओं पर निर्भर रहने के बजाय आदिवासियों की जागरूकता और शिक्षकों का ईमानदार समर्पण इस बाधा को दूर करने में मदद कर सकता है।

(विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग, रांची महिला महाविद्यालय, रांची)

## लेटर टू एडिटर

### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा के अभाव में मिलावट का खेल पनप रहा है। मिलावट करने वाले सिर्फ अपने फायदे की सोचते हैं, जबकि इसके परिणाम समाज और स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालते हैं।

**-दिनेश सिंह, रांची**

### कठोर सजा मिले

**त्योहारों** के दौरान नकली मेवा और मिलावटी सामानों की भरमार हो जाती है, जिससे उपभोक्ताओं का स्वास्थ्य खतरे में पड़ता है। मुनाफा कमाने के लिए कुछ लोग नैतिकता को ताक पर रख देते हैं और भूल जाते हैं कि ये मिलावटी उत्पाद जानलेवा बीमारियों का कारण बन सकते हैं। **- शिवशंकर, गुमला**

## ट्वीट

रांची में कनेक्विटी का विस्तार हो या फिर यहां के लोगों का जीवन आसान बनाने के प्रयास, इस दिशा में भी तेजी से कदम बढ़ाए गए हैं। रांची रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास, रेलवे लाइनों का दोहरीकरण, सिटी गैस वितरण या फिर लाइट हाउस प्रोजेक्ट्स इसके बड़े उदाहरण हैं।

**- नरेन्द्र मोदी, पीएम**

झारखंड में परिवर्तन को महिलाएं तैयार हैं। आज खिजरी के ओरमांझी में आयोजित सभा में उपस्थिति महिलाओं के जनसमूह ने भाजपा को आशीर्वाद दिया। असम के मुख्यमंत्री सह भाजपा के सह चुनाव प्रभारी हेमंत विश्वसर्मा जी ने झारखंड में डबल इंजन की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया।

**- संजय सेठ, केन्द्रीय मंत्री**

# ब्रिक्स शिखर सम्मेलन और भारत

## सामयिक

**सत्यनारायण गुप्ता**

**अक्टूबर** में रूस के कजान शहर में आयोजित सोलहवां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ने जहां एक तरफ रूस के विश्व समुदाय से अलग-अलग पड़ने की धारणा को गलत साबित किया वहीं दूसरी ओर भारत और चीन के बीच 2020 से व्याप्त तनाव को कम करने में भी भूमिका निभाई।

2006 में सेंट पीटर्सबर्ग में जब जी-8 (अबसहयोगजी-7 )शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया था ,इसी दौरान ब्राजील, रूस ,भारत और चीन ने ब्रिक नामक संगठन की स्थापना का निर्णय लिया था। वर्ष 2010 में दक्षिण अफ्रीका के समूह में शामिल हो गया और इसे ब्रिक्स के नाम से जाना गया। सदस्य देशों के प्रथम अक्षरों को मिलाकर इसका नाम ब्रिक्स रखा गया था। प्रथम ब्रिक्स शिखर सम्मेलन वर्ष 2009 में रूस के येकातेरिनबर्ग में आयोजित किया गया था। कजान में 16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान इस संगठन में अन्य पांच देश इसमें शामिल हो गए, यह हैं - मिश्र, इथोपिया, ईरान ,सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात। इस तरह आप वृक्ष के सदस्य देशों की संख्या 10 हो गई है। 2023 तक वृक्ष की विश्व आबादी में 40% और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 26 प्रतिशत भागीदारी थी। इस समय इसके सदस्य देश- ईरान ,सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात सामूहिक रूप से वैश्विक कच्चे तेल उत्पादन में लगभग 44% का योगदान करते हैं।

ब्रिक्स का प्राथमिक उद्देश्य अपने सदस्य देशों के बीच शांति, सुरक्षा ,विकास और सहयोग को बढ़ावा देना है। समूह के व्यापक लक्ष्य आर्थिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देना, वैश्विक शासन में सुधार, राजनीतिक सुरक्षा सहयोग बढ़ाना और तकनीकी सांस्कृतिक आदान-प्रदान करना है। ब्रिक्स और अन्य विकासशील देशों में बुनियादी ढांचे और सतत विकास परियोजनाओं को पोषित करने के लिए 2014 में न्यू डेवलपमेंट बैंक एन डी बी की स्थापना की गई है।

16 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में नए सदस्य देशों की भागीदारी को प्रदर्शित करने के साथ ही ब्रिक्स प्लस गठबंधन के तहत बढ़ते प्रभाव और विविधता को रेखांकित किया गया?। इसके नेताओं ने बहुपक्षवाद को मजबूत करने, आतंकवाद का मुकाबला करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, सतत विकास को आगे बढ़ाने तथा ग्लोबल साउथ की चिताओं को दूर करने के बारे में चर्चा की? सम्मेलन के अंत में कजान घोषणा जारी किया गया, जिसमें यूक्रेन समस्या का वार्ता एवं कूटनीति के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान पर बल दिया गया। गाजापट्टी और पश्चिमी तट में बढ़ते मानवीमानवीयय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। दक्षिणी लेबनान में इजरायली हमलों से हुई नागरिक जान माल की हानि और बुनियादी ढांचे की क्षति की निंदा की गई । वैश्विक अर्थव्यवस्था अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के संदर्भ में अवैध प्रतिबंधों सहित गैर कानूनी व्यवहारों के प्रति चिंता व्यक्त की गई। ब्रिक्स के तहत एक अनाज व्यापार मंच( अनाज एक्सचेंज )की स्थापना की संभावना पर विचार किया गया । जिसमें भविष्य के विकास की योजनाएं शामिल होने के साथ अन्य कृषि क्षेत्र भी शामिल हो सकते हैं। इस शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों के बीच अधिक वित्तीय एकीकरण की आवश्यकता पर बल दिया गया। जैसे - स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को महत्व देना ,सुचारू सीमा पर भुगतान की सुविधा प्रदान करना ,भारत के यूपीआई को एक सफल मॉडल के रूप में रेखांकित करना , ब्रिक्स के नेतृत्व वाली भुगतान प्रणाली स्विफ्ट को प्रतिसंतुलित करना, दुर्लभ प्रजातियां विशेष रूप से बड़ी बिल्लियों को संरक्षण करने के लिए सदस्य देशों को प्रयासों का समर्थन किया गया तथा इंटरनेशनल बिग कैट एलाइन्स बनाने की भारत की पहल पर ध्यान दिया गया । ब्रिक्स के देशों को इन संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण प्रयासों में और अधिक सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने पर भी बल दिया गया। भारत अपनी स्वतंत्रता के बाद वैश्विक शीत युद्ध के काल से गुटनिरपेक्ष नीति का पालन करता आया है।शीत युद्धोत्तर काल में इसकी प्रासंगिकता जरूर कम हुई, लेकिन आज भी वैश्विक शक्ति संतुलन की दृष्टि से इसका महत्व है और इसी कारण भारत जहां एक तरफ क्वाड का सदस्य है वहीं दूसरी तरफ ब्रिक्स का भी सक्रिय सदस्य है। भारत के राष्ट्रीय हित के लिए और विश्व शांति के लिए भी यह मार्ग उचित है।

# चीन से जंग में हार का दोषी नेहरू जी को क्यों न माना जाये?

## इतिहास

**आर.के. सिन्हा**

भारत और चीन के बीच हाल ही में पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इससे यह आशा की जाती है कि दोनों देशों के बीच सीमा विवाद को हल करने में मदद मिलेगी। दशकों बाद यह एक सकारात्मक पहल हुई है । सबको पता है कि दोनों मुल्कों के सीमा विवाद के कारण ही 1962 में जंग हुई थी। उस जंग में भारतीय सेना के वीर जवानों ने चीन के गले में अंगूठा तो डाल दिया था, पर चीन ने हमारे बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा भी कर लिया था। चीन के खिलाफ जंग में भारत के उन्नीस रहने के लिए कौन मुख्य रूप से दोषी था? कांग्रेस नेता और देश के पूर्व विदेश मंत्री के. नटवर सिंह कहते थे कि चीन नीति पर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की दूरदृष्टि में कमी थी। इसी कारण 1962 में भारत की सेना चीन से हारी थी। उस जंग के समय नटवर सिंह भारतीय विदेश सेवा के एक वरिष्ठ जिम्मेदार अफसर थे। वे कहते थे, जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि हम चीन के साथ अच्छे संबंध बना सकते हैं। वे समझ ही नहीं सके कि चीन हमारी पीठ पर छुरा घोंप देगा। दुर्भाग्यवश, उनकी चीन नीति बुरी तरह से गलत साबित हुई। यह लिखा है पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह ने जो कांग्रेस सरकार में ही मंत्री थे ।

1949 में पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना से लेकर 1964 में मृत्यु तक, नेहरू का दृष्टिकोण चीन के प्रति विश्वास और आकर्षण से शुरू होकर अंततः चरम उदासीनता में बदल गया था। चीन से स्पष्ट नकारात्मक संकेतों के बावजूद, नेहरू हिंदी-चीनी भाई-भाई ह्ल का नारा बुलंद कर न जाने क्यों संबंध के भ्रम को बनाए रखने के लिए ही उत्सुक थे। वे देश को चीन से जुड़े विवाद को लगातार छिपाते रहे और कृष्ण मेनन जैसे कम्युनिस्ट की बात मानकर लगातार देश विरोधी गलत निर्णय लेते रहे ।

दरअसल नेहरू के साथ एक बड़ी दिक्कत यह थी कि उन्हें लगता था कि सारी बुद्धि-विवेक और समझदारी उन्हीं के पास है। चीन से युद्ध के बाद उनके जन्मदिन (14 नवंबर) को संसद में चीन से युद्ध के परिणामों पर हो रही चर्चा पर उन्हें बोलना था। चर्चा 8 नवंबर, 1962 से ही जारी थी। सभी दलों के नेता अपनी बेबाक राय रख रहे थे। संसद के बाहर भी नेहरू को ही घेरा जा रहा था। लोहिया ने 1949 में ही देश को आगाह कर दिया था कि उत्तरवर्ती सीमाओं से देश पर साम्यवाद का खतरा मंडरा रहा है। यह बात उन्होंने खासतौर पर तिब्बत, नेपाल और सिक्किम में चीन की भूमिका को लक्ष्य करते हुए कही थी। साल 1950 में तिब्बत पर चीन के हमले की निंदा करने वालों में डॉ. लोहिया अग्रणी रहे। इसके बाद से उन्होंने लगातार चीन की सीमा पर नजर जमाए रखी और नेहरू को खबरदार किया कि चीनी निजाम को उसकी कथनी के हिसाब से देखना-समझना या फिर चीन के साथ सीमाओं को लेकर किसी किस्म के लेन-देन की बातचीत में उतरना ठीक नहीं। साल 1962 में भारत को जो सदमा झेलना पड़ा उसके लिए लोहिया ने नेहरू को बड़ी खरी-खरी सुनायी थी। खैर, नेहरू ने संसद में लंबी बहस के बाद अपना वक्तव्य देना शुरू करते हुए कहा-"मुझे दुख और हैरानी होती है कि अपने को विस्तारवादी शक्तियों से लड़ने का दावा करने वाला चीन खुद विस्तारवादी ताकतों के नक्शेकदम पर चलने लगा।" उन्हें सारा सदन पूरी गंभीरता से सुन रहा था। नेहरू जी बता रहे थे कि चीन ने किस तरह से भारत की पीठ पर छुरा घोंपा। पर जब उनके भाषण के बीच किसी सदस्य ने हस्तक्षेप किया तो वे बुरी तरह नाराज हो गए। करनाल के तत्कालीन सांसद स्वामी रामेश्वरानन्द ने व्यंग्य भरे अंदाज में कहा, "चलो अब तो आपको भी चीन का असली चेहरा दिखने लगा।" इस टिप्पणी पर नेहरू नाराज हो गए। कहने लगे, "अगर माननीय सदस्य चाहें तो उन्हें सरहद पर भेजा जा सकता है।" सदन को भी नेहरू की यह बात समझ नहीं आई। नेहरू प्रस्ताव पर बोलते ही जा रहे थे। तब एक और सदस्य एच.वी.कामथ ने कहा, "आप बोलते रहिए। हम बीच में व्यवधान नहीं डालेंगे।"

अब नेहरू विस्तार से बताने लगे कि चीन ने भारत पर हमला करने से पहले कितनी तैयारी की हुई थी। इसी बीच, स्वामी रामेश्वरानंद ने फिर तेज आवाज में कहा, "मैं तो यह जानने में उत्सुक हूं कि जब चीन तैयारी कर रहा था, तब आप क्या कर रहे थे?" अब नेहरू अपना आपा खो बैठे और कहने लगे, "मुझे लगता है कि स्वामी जी को कुछ समझ नहीं आ रहा। मुझे अफसोस है कि सदन में इतने सारे सदस्यों को रक्षा मामलों की पर्याप्त समझ नहीं है।" वे सदन में अंग्रेजी में अपनी बात रख रहे थे। निश्चित रूप से चीन से जंग के कारण वे हताश थे। उन्हें उस जंग की परिणाम ने गहरी चोट पहुंचाई थी। इसलिए वे सदस्यों पर बरसने लगते थे।

बहरहाल, चीन के खिलाफ जंग के 62 साल गुजरने के बाद भी देश उस युद्ध में जो कुछ हुआ, उसे भुला नहीं पाया है। हालांकि तब से की कई पीढ़ियां पैदा हुईं और जवान हो गईं। राजधानी दिल्ली में अनेक सड़कों के नाम जंग में देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीरों के नामों पर हैं। पर साउथ दिल्ली की ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग पहली सड़क थी जो किसी रणभूमि के योद्धा के नाम पर रखी गई थी। यह बात 1963 की है। चीन के साथ हुई जंग के बाद पहले जिस सड़क को लक्ष्मी बाई नगर मार्ग कहा जाता था, वो हो गई ब्रिगेडियर होशियार सिंह मार्ग। ब्रिगेडियर होशियार सिंह ने चीन के खिलाफ 1962 में हुई भीषण जंग में अपने प्राणों का बलिदान दिया था। वे भारतीय सेना की टुकड़ी की अगुवाई कर रहे थे। कड़ाके की ठंड में गर्म कपड़े न होने और युद्ध के लिए आवश्यक शस्त्रों के अभाव को उन्होंने आड़े आने नहीं दिया था। इसलिए उस युद्ध की समाप्ति के तुरंत बाद राजधानी की एक खास सड़क का नाम उस महान वीर के नाम पर रख दिया गया। होशियार सिंह मार्ग का नामकरण करने के लिए देश के तत्कालीन रक्षा मंत्री यशवंत राव चव्हाण खुद आए थे। यानी देश ने अपने उस महान शूरवीर की याद में एक कृतज्ञता का भाव प्रकट किया था।

# बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में वोटिंग आज

## 15 बूथों पर सिर्फ महिलाएं

## 456 बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम : एसपी

## डीसी ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रूप से चुनाव कराने का दिया निर्देश





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ कॉलेज कंट्रोल रूम से मंगलवार को बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लिए पोलिंग पार्टी को ईवीएम के साथ रवाना किया गया। डीसी चंदन कुमार ने पोलिंग पार्टी को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण रूप से चुनाव कराने का निर्देश दिया। बड़कागांव में बुधवार को होगा मतदान। साथ ही मतदान केंद्र पर ईवीएम और वीवीपैट के सही इस्तेमाल करने का भी निर्देश दिया। डीसी ने बताया कि सभी प्रेसाडिंग ऑफिसर और पोलिंग पार्टी को ईवीएम और वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया गया है। उसे प्रशिक्षण के मुताबिक भी सारे कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टी को सीधे भेजा जा रहा है। सभी गाड़ियों की से ट्रैकिंग की जा रही है मतदान केंद्र और पोलिंग पार्टी की सुरक्षा के पुख्ता का इंतजाम किए गए हैं। डीसी ने बताया कि विधानसभा में 456 बूथों में से कुछ बूथ संवेदनशील हैं। इनमें 18 बूथों पर शाम 4:00 बजे तक ही मतदान की प्रक्रिया चलेगी। शेष बूथ पर शाम 5:00 बजे तक मतदान होगा। पोलिंग पार्टी को सुबह 5:00 बजे मॉक पोल करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही ठीक 7:00 बजे मतदान की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया गया है। मतदान केंद्र में पोलिंग की प्रक्रिया में देरी न हो इसके लिए पोलिंग पार्टी को पूरी जानकारी दे दी गई है। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में 15 महिला बूथ बनाए गए हैं। इसमें बूथ संख्या 257, 264, 266, 267, 282, 301, 303, 321, 324, 405, 415, 420, 430, 433 और 438 शामिल हैं। इन सभी बूथ पर महिला कर्मचारियों को लगाया गया है। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने सुरक्षा की कमान संभाली है। सोमवार की देर रात तक वह खुद फ्लैग मार्च में शामिल रहे। साथ ही पतरातू से लेकर बरकाकाना तक गली-गली पुलिस की टीम ने जांच की है। मंगलवार की सुबह से ही एसपी स्ट्रांग रूम में डिस्पैच सेंटर के पास मौजूद रहे। यहां उन्होंने पोलिंग पार्टी के साथ पुलिस फोर्स की टैगिंग की। एसपी ने बताया कि 456 बूथों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में कोई परिंदा भी पर नहीं मार सकता। एसपी ने बताया कि पारा मिलिट्री फोर्स, सीएपीएफ के जवान और झारखंड पुलिस बाल सुरक्षा में मुस्तैद रहेगी। एसपी ने बताया कि संवेदनशील बूथों पर पहले से ही पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई है। बड़कागांव, केरेडारी और पतरातू प्रखंड के संवेदनशील इलाकों में चार दिनों तक पारा मिलिट्री फोर्स सामाजिक तत्वों के खिलाफ छापेमारी कर रही है। मतदान केंद्र के आसपास भी लगातार गश्त लगाई जा रही है।

# हर तरफ बस दारू-हड़िया, मांस-भात की चर्चा

### एजेंट और ठेकेदारनुमा समर्थकों ने वोटरों के लिए पुख्ता प्रबंध किया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान बुधवार को है। चुनावी रंग परवान चढ़ने के साथ गांव, शहर और कस्बे झूमने लगे हैं। वोटरों को लुभाने के लिए मांस, भात, शराब, देसी दारू व हंडिया की पार्टी धड़ल्ले से शुरू हो गई है। हजारीबाग सदर, बड़कागांव, बरही, बरकट्ठा विधान सभा के कई ग्रामीण इलाको में होली जैसा माहौल है। प्रत्याशियों के एजेंट और ठेकेदारनुमा समर्थकों ने वोटरों के लिए पुख्ता प्रबंध कर रखा है। सूत्र बता रहे हैं कि चंद गांवों को छोड़ कर अधिकतर गांवों में मांस के लिए बकरा-बकरी और मुर्गा-मुर्गी की के साथ दारु की भी व्यस्वस्था कर दी गयी है। आज की रात प्रत्याशी के एजेंट के पास जाइए, पैसा लीजिए और मुर्गा दारु की पार्टी कीजिए। बताया जा रहा है एक सप्ताह पहले ही एजेंटों ने गांव के टोलों में चावल की बोरी पहले ही पहुंचा दी है। वहीं, गांवों में ही देशी दारू बेचने वालों को पिलाने का ठेका दिया गया है। स्थानीय कार्यकर्ता वोटरों को सीधे देशी दारु की दुकान पर रेफर कर रहे हैं। कोई भी विधान सभा क्षेत्र अछूता नहीं है। कमोबेश यही हाल सब जगह है। आज की रात ही प्रत्याशियों ने जो मेहनत की है उसकी परीक्षा है। आज रात की मैनेजमेंट स्किल में जिस प्रतियाशी के एजेंट खरे उतरे कल बूथ पर उनकी ही पकड़ मजबूत होगी। पार्टी पूरी तरह से परवान पर है। ग्रामीण इलाको में चक्कलस है। सदर विधान सभा में तस्वीर थोड़ी जुदा है। यहां हंडिया और मांस- भात से ज्यादा लाल पानी का बोलबाला है। प्रत्याशी के एजेंट वोटरों के बीच लाल व हरे रंग की पर्ची बांट रहे हैं। जिनके पास लाल वाली पर्ची है, एजेंट पॉउच वाली शराब दे रहे है। जिनके पास हरी पर्ची है, उन्हें अंग्रेजी शराब हाथ लग रही है। चुकी यहाँ दो दिन ड्राई दे घोषित है तो दारू दूकान कल शाम तक के लिए बंद है तो समझदार प्रतियाशियों ने दूकान बंद होने से पहले ही अपने वोटरों के लिए भारी मात्रा में शराब की खरीदारी कर ली थी। पीने वालो वोटरों की व्यवस्था में कोई कमी न रहे इसकी पूरी जुगाड़ है। जिसको नकद चाहिए नकद ले जिसको मुर्गा दारु चाहिए वो मुर्गा दारु ले इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है। बाकी लाल और हरी पर्ची तो है ही।

### कैसे की जा रही है सेटिंग

- प्रत्याशी आयोग की डर से सीधे वोटरों को पैसा या किसी तरह की सामग्री नहीं बांटता है। एजेंट, समर्थक व ठेकेदार की मदद लेता है।
- एजेंट के पास प्रत्याशी का पैसा इसी के पास आता है। सक्रिय नेता के रूप में नजर नहीं आता है।
- वोटरों तक सामग्री पहुंचाना और अन्य तरह की सुविधाओं का इंतजाम करना। यह संबंधित गांव का होता है।
- वोटरों के लिए भोज का आयोजन करता है। लोग इसे प्रत्याशी का खास समझते हैं। ऐसा खेल हर चुनाव में होता है। ये कोई नयी बात नहीं है। गांवों में मांस, भात, हंडिया, शराब, दारू और पैसे के प्रलोभन ने चुनाव जैसे पवित्र कार्य को दूषित कर दिया है। इस कारण अच्छे प्रत्याशी भी मैदान में कई बार पस्त हो जाते हैं। आयोग को इस पर नकेल कसने के लिए और मजबूत तंत्र विकसित करना चाहिए। लेकिन ये सब भी सिस्टम का हिस्सा है और इसे बदलना संभव नहीं है।

# रिटायर्ड फौजी के घर से चोरी गयी बंदूक बरामद





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** पुलिस ने रिटायर्ड फौजी रमेश राय के घर से चोरी हुई लाइसेंसी बंदूक बरामद किया। साथ ही एक आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी अजय कुमार ने मंगलवार को कॉन्फ्रेंस में बताया कि अगस्त महीने में रिटायर्ड फौजी के घर में चोरी हुई थी। उनके घर से लाइसेंसी बंदूक के अलावा अन्य कीमती सामान चोर उड़ा ले गए थे। चुनाव के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि अपराधियों को हथियार बेचने की तैयारी चल रही है। सूचना पर रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने छापेमारी की और पारेबस्ती निवासी शशि कुमार को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने किराए के घर में चोरी का सामान रखा है। हथियार को झाड़ियां में छुपा दिया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बंदूक बरामद किया। साथ ही उसके घर से चूल्हा, बर्तन, डीवीडी प्लेयर, सूटकेस आदि भी बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि रिटायर्ड फौजी रमेश राय के घर में बहू की हत्या हुई थी। इस मामले में पूरा परिवार जेल में बंद था। चोरों ने देखा कि घर लंबे समय से बंद है, तो वहां चोरी की योजना बनाई। तीन चोरों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था।

## झरपो में अमित यादव ने डोर-टू-डोर किया जनसंपर्क



**टाटीझरिया।** बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत झरपो में भाजपा प्रत्याशी अमित यादव ने अपने कार्यकताओं संग डोर टू डोर जनसंपर्क किया और अपने पक्ष में मतदाताओं से मतदान देने को आग्रह किया ।उन्होंने कहा कि मैं विधान सभा क्षेत्र में कोई ऐसा गांव मुहल्ले नहीं है जिसमें क्षेत्र विकास की कार्य नहीं किया । आगे भी सभी देव तुल्य मतदाताओं से आशीर्वाद की अपेक्षा है कि आप सभी मुझे ईवीएम क्रम संख्या 01 पर कमल फूल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से जीत दिलाए ताकि मैं आप सबों का नेता नहीं बल्कि बेटा और सेवक बनकर क्षेत्र का चहुमुखी विकास कर सकूं। मौके पर कार्यकर्ताओं में महेश अग्रवाल ,सुनील कुमार,दीपक कुमार,राजेंद्र उर्फ राजा,किशोरी ठाकुर, दिलीप शर्मा, दीपक रजक,सुरेश मिश्रा, सुरेश प्रसाद, विकास मिश्र समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

# भुरकुंडा में प्रकाशोत्सव पर निकली प्रभातफेरी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा भुरकुंडा के तत्वावधान में सिख धर्म के प्रवर्तक एवं सिखों के प्रथम गुरू श्री गुरुनानक देव जी के 555वें प्रकाशोत्सव के चौथे दिन बुधवार को प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में भारी संख्या में सिख समाज के महिला-पुरूष व बच्चे शामिल हुए।

प्रभातफेरी गुरूद्वारा से शुरू होकर जवाहर नगर, विकास क्लब, हनुमानगढ़ी, भारत मेडिकल, भुरकुंडा बाजार आदि क्षेत्रों से होते हुए गुरूद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु सिंह के बौनर धौड़ा स्थित आवास पर पहुंचा। यहां श्रद्धालुओं को चाय-नास्ता कराया गया। प्रभातफेरी में शामिल लोग साध संगत गुरूवाणी गायन करते हुए हाथों में निशान साहब लेकर संगत की अगुवाई कर आगे-आगे चल रहे थें। इस दौरान अमृत वेले बोले पपीहा, आओ जी आओ हमारे, नहीं छोड़े रे बाबा राम नाम आदि गुरूवाणी से पूरा भुरकुंडा कोयलांचल गूंजता रहा। तत्पश्चात गुरूद्वारा में लंगर का आयोजन हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर गुरूद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु ने बताया कि प्रकाशोत्सव के अवसर पर 13 नवंबर तक प्रभातफेरी निकाली जायेगी। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को श्री गुरू सिंह सभा गुरूद्वारा भुरकुंडा में पूरे धूमधाम और भक्तिभाव के साथ श्री गुरुनानक देव जी का 555वां प्रकाशोत्सव मनाया जायेगा। साथ ही गुरू के अटूट लंगर का आयोजन किया जायेगा।

प्रभातफेरी में गुरूद्वारा के ग्रंथी हीरा सिंह, अमर सिंह, प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, तजेन्द्र त्रेहन, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत छाबड़ा, निशांत सिंह, नरेन्द्र सिंह रेखी, गुरजीत सिंह रेखी, राजा सिंह, परमजीत सिंह धामी, जगतार सिंह, जसपाल सिंह, रिन्कु धामी, करण सिंह, मोनू सिंह, प्रित सिंह, संदीप सिंह, गुसदीप सिंह रंधावा, सोनू सोनू सिंह, सिंह, पीयूष सिंह, अग्रज सिंह, वशवंत सिह, प्रियांश, नवजोत सिंह, रतन सिंह रेखी, साजन सिंह, जसवीर कौर, अनिता कौर, संगीता कौर, ज्या कौर, जसमित कौर, रेखा कौर, सस्वजीत कौर, अमरजीत कौर, दलविन्दर कौर रिंकी कौर, राज कौर, हरभजन कौर, शीतल कौर, अमृता कौर, सविन्दर कौर, पूनम कौर, उषा कौर, अंग्रेज सिंह, बबली कौर, बलजीत सिंह, राजरानी कौर, करम कौर, कमलेश कौर सहित सिख समाज के दर्जनों लोग शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### बोंगावार में महिलाओं की बैठक



**कुजू।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव के निर्देश पर मंगलवार को बोंगावार फोरलेन स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स परिसर में भाजपा की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति व संचालन वीणा कुमारी ने किया। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने मौजूद भाजपा महिला कार्यकर्ताओं को 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा के समर्थित उम्मीदवार को वोट देने की बात कही। साथ हीअधिक से अधिक संख्या में महिलाओं को आगे आकर उनका समर्थन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस बार राज्य में एनडीए की सरकार बनना तय है। बैठक में सुखदेव सोनी, आशा देवी, वीणा देवी, मनसरी, अनिता, संगीता, शांति, गंगा देवी, सुनीता देवी, गीता देवी, छोटन प्रजापति सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### लायंस क्लब ने लगाया हेल्थ कैंप



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब भुरकुंडा के तत्वावधान में मंगलवार को राज नर्सिंग होम में ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच शिविर लगा। जिला चेयरपर्सेन लायन अशोक सिन्हा के नेतृत्व में लगे इस शिविर में स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा 10 लोगों का ब्लड शुगर एवं 20 लोगों का ब्लड प्रेशर जांच किया गया। शिविर में पाये गये मरीजों को उचित परामर्श देते हुए जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने लोगों को नियमित रूप से योगाभ्यास को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। मौके पर जिला चेयरपर्सेन लायन अशोक सिन्हा ने कहा कि जागरूकता ही किसी भी बीमारी का सही उपचार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शुगर के मरीजों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है। लोगों को खान-पान और एक्सरसाईज पर विशेष ध्यान देना चाहिए। साथ ही नियमित व्यायाम और डॉक्टरों के सलाह को फोलो किया जाए तो शुगर और बीपी को कंट्रोल किया जा सकता है। श्री सिन्हा ने कहा कि क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के प्रति लायंस कटिबद्ध हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो,सहित राज नर्सिंग होम के स्वास्थ्यकर्मी जुटे हैं।

### ए ला एंगलाइज में संगीत प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में मंगलवार को शांति बिना सीमा कार्यक्रम आयोजित। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में शांति और एकता की भावना को बढ़ावा देना था। उन्होंने कहा कि एकजुटता के बल हर मुकाम को पाया जा सकता है। हमसभी को एकजुट होकर देश और समाजहित में कार्य करना चाहिए। इस दौरान संगीत, नाटक, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता आदि का भी आयोजन हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा को उजागर किया। विद्यार्थियों ने शांति के संदेश को फैलाने के लिए पोस्टर और बैनर भी बनाएं। विद्यार्थियों ने शांति के महत्व के बारे में अपने-अपने विचार रखें। मौके पर लायन राजेंद्र महतो, लायन विजय वर्णवाल, लायन अशोक सिन्हा, लायन अखिलेश शर्मा सहित लायंस क्लब के कई लोग मौजूद थे।

### नयामोड़ जंगल से बाइक बरामद



**कुजू।** कुजू पुलिस ने नयामोड़ स्थित ओवरब्रिज जंगल से मंगलवार को एक पैशन प्रो बाइक को बरामद किया है। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर ओपी ले आयी। बताया जाता है कि स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मवेशियों को चरा रहे थे। इसी दौरान बाइक को देखा। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय को दिया गया। इसके बाद कुजू ओपी के सअनि रौशन कुमार ने जंगल पहुंचकर बाइक संख्या जेएच 24ई-7393 को बरामद किया। इधर बाइक संख्या की छानबीन करने पर पता चला कि बाइक के मालिक का नाम पंकज कुमार पिता नारायण अगरिया बसंतपुर केदला पाया गया। वही कुछ दिन पूर्व कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में हुई चोरी की घटना में गायब हुए एलईडी टीवी को बरामद कर लिया गया है. इस संबंध में मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताय कि स्थानीय एक व्यक्ति द्वारा जब झाड़ियों के पास गया तो देखा कि एलईडी टीवी पड़ा है। इसके जाकर टीवी को बाहर निकालते हुए पंचायत सचिवालय लाया गया।

### किसानों को किया गया जागरूक



**रजरप्पा।** गांगी यमुनी स्थित राजधानी मोटर्स चितरपुर के परिसर में मोतुल लुब्रिकेंट कंपनी की तरफ से दो दिवसीय फ्री ऑयल चेंज कैंप लगाया गया। इस दौरान मोतुल लुब्रिकेंट कंपनी द्वारा किसानों के बीच उपहार वितरण किया गया। किसानों को जानकारी दी गई कि यह तेल लंबे अंतराल के साथ उच्च प्रदर्शन इंजन तेल कारगार साबित है। मौके पर कंपनी के क्षेत्र व्यापार महाप्रबंधक सविंदर सिंह, डीलर सह राजधानी मोटर्स के निदेशक हितेश तिवारी, राजरतन तिवारी, किसान शंकर कुमार, प्रकाश कुमार महतो, कृष्णा महतो, दिलीप कुमार, कंचन कुमार, सुशील सिंह, जनार्दन मुंडा, सन्नी सिंह आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### बरही में चुनाव के लिए तैयारी पूरी



**बरही।** झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल ने बरही अनुमंडल क्षेत्र के मतदाताओं से 13 नवंबर को मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने की अपील की है। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि प्रशासन द्वारा निष्पक्ष और सुरक्षित चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक तैयारी कर ली गई है और मतदाता निर्भीक होकर घरों से निकलें और अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने बरही के आम नागरिकों को आश्वस्त किया है कि सुरक्षा व्यवस्था प्रशासन की पूरी जिम्मेदारी है और मतदाताओं को किसी भी प्रकार का डर महसूस नहीं करना चाहिए। बरही क्षेत्र में निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने बताया कि हर मतदान केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि कोई अप्रिय घटना न घटे और मतदाता बिना किसी दबाव के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का हर पहलू ध्यान में रखा गया है और सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा बल की गश्त जारी रहेगी। इसके अतिरिक्त बरही अनुमंडल क्षेत्र में विभिन्न मतदान केंद्रों पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। प्रशासन ने शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव के लिए पूरे क्षेत्र में सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित किया है। एसडीपीओ विमल ने मतदाताओं को यह भी सलाह दी कि वे चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की जानकारी तत्काल पुलिस प्रशासन को दें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने मतदाताओं से आग्रह किया कि लोकतंत्र के इस महापर्व को एक उत्सव के रूप में मनाएं। पहले मतदान करें, फिर जलपान करें। हर मतदाता का मत अनमोल है और आपके द्वारा दिए गए हर वोट से लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का आधार है और इसमें हिस्सा लेना हर नागरिक का अधिकार है।

### टाटीझरिया पुलिस ने किया बूथ का निरीक्षण

**टाटीझरिया।** बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के खैरा झरपो भराजो तीनों पंचायत के मतदान केंद्र बूथ स्थलो का निरीक्षण शांति पूर्ण तरीके से चुनाव को संपन्न करवाने को लेकर टाटीझरिया थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने अपने दल बल के साथ निरीक्षण किया और सभी मतदाताओं से आग्रह किया कि क्षेत्र के सभी मतदाता निर्भीक होकर बूथ स्थल में जाकर अपना मतदान करे। यदि किसी प्रकार से कोई भी राजनैतिक दल के कार्यकर्ता जबरन पार्टी विशेष पर मतदान करने को लेकर उकसाए अथवा परेशान करे तो प्रशासन को अविलंब सूचित करे ताकि वैसे मनचलों पर आचार संहिता को उल्लंघन करने के आरोप में प्रशासनिक नियमावली के अनुसार कार्यवाही की जा सके। क्षेत्र के सभी मतदाता निर्भीक स्वतंत्र स्वेक्षा पूर्वक अपना मतदान करें प्रशासन हर संभव आपकी सहायता के लिए हरेक बूथ में मौजूद है।

### बरही अनुमंडल में निषेधाज्ञा लागू : एसडीओ



**बरही।** विधानसभा चुनाव को लेकर बरही अनुमंडल में चुनाव प्रचार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से अनुमंडल दंडाधिकारी जोहन टुड द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत 11 नवंबर से 14 नवंबर तक निषेधाज्ञा लागू की गई है। यह आदेश आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद चुनाव के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जारी किया गया है। मुख्य निर्देश में पांच या उससे अधिक लोगों का किसी स्थान पर एकत्रित होना वर्जित रहेगा, यदि इसका उद्देश्य कानून-व्यवस्था भंग करना हो। मतदान के 48 घंटे पूर्व, यानी 11 नवंबर 2024 शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार पूरी तरह बंद रहेगा। चुनाव प्रचार समाप्ति के बाद किसी भी प्रकार के राजनीतिक जुलूस या कार्यक्रम आयोजित करने पर रोक रहेगी। जाति, धर्म या समुदाय के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव या नफरत फैलाने वाले पोस्टर, पर्चे या सोशल मीडिया सामग्री पर सख्त पाबंदी रहेगी। इसका उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी भी व्यक्ति, दल या उम्मीदवार द्वारा मतदाताओं को डराने धमकाने या प्रलोभन देने पर कड़ी कार्रवाई होगी। लाइसेंसी हथियार सहित सभी प्रकार के आग्नेयास्त्र, लाठी, भाले आदि का सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शन पूरी तरह से निषेध है। किसी भी राजनीतिक दल का कार्यालय मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी पर ही हो सकता है, और प्रचार सामग्री 100 मीटर के दायरे में नहीं लगाई जा सकेगी। मतदान के दिन प्रत्येक प्रत्याशी के लिए सिर्फ तीन वाहनों की अनुमति होगी, और किसी वाहन में पांच से अधिक व्यक्ति नहीं होंगे। मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग पर प्रतिबंध है। मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन का उपयोग नहीं किया जा सकेगा (मतदान कर्मियों को छोड़कर) शामिल है। इस आदेश के तहत निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी नियम तत्काल प्रभाव से लागू होंगे।

स्पीड न्यूज

## श्री हरि जागरण का महापर्व देवोत्थान धूमधाम से मना

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड में श्री हरि जागरण का महापर्व देवोत्थान मरकच्चो समेत विभिन्न ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को धूम-धाम से मनाया गया। देवोत्थान पर लोगों ने अपने-अपने घरों को रोली, सिंदूर व तिलक से जगाया। कई घरों में श्रृंगार पूजन का भी आयोजन किया गया। प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो, नावाडीह, दरदाही, देवीपुर, जामु,पपलो, पांडेडीह, दशारो, विचरिया, नईटांड़, तेलोडीह, चोपनाडीह आदि समेत कई गांव के घरों में तुलसी विवाह का आयोजन किया गया।

## पति ने सहयोगियों के साथ मिलकर की पत्नी की हत्या

**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के देल्हो चाड़रम जंगल में शव फेंके जाने की खबर पर सिमरिया पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया है। जहां बरामद शव एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय सिमरिया के शिक्षिका प्रीति कुमारी का है। मामले की जानकारी परिजनों को दी गई। मामले का उद्भेदन करने के बाद उक्त मामले में मुख्य रूप से तीन व्यक्ति मिल कर हत्या का अंजाम दिया गया था। जिसमें मृतिका प्रीति कुमारी के पति शंकर रजक, और शंकर रजक के भाई रामचंद्र रजक और चालक संतोष कुमार का नाम शामिल है।

## भद्रकाली महाविद्यालय को गौरवांवित करने वाला कौशल हुए सम्मानित

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय के छात्र कौशल किशोर ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। कौशल किशोर ने अपनी सफलता का श्रेय भद्रकाली महाविद्यालय के अनुशासन और प्राचार्य सहित सभी प्रोफेसर गणों को दिया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक देवचरण दांगी, विशिष्ट अतिथि योगगुरु शंकर चंद्रवंशी, समाजसेवी देवकुमार सिंह, कौशल किशोर के प्रारंभिक शिक्षक जयगोविंद पाठक और कौशल के माता-पिता अर्जुन साव और गीता देवी को सम्मानित किया गया। कौशल किशोर ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में रहकर यूपीएससी परीक्षा में सफलता प्राप्त करना बहुत बड़ी कामयाबी है और वह आज की युवा पीढ़ी के लिए एक रोल मॉडल हैं।

## बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल सिटी ऑफिस का उद्घाटन

**कोडरमा।** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल सिटी ऑफिस का विधवत उद्घाटन किया गया। इस शुभ अवसर पर विजय आनंद (जनरल मैनेजर, सेल्स) और अभिषेक कुमार (ऑपरेशंस मैनेजर, ईस्ट) कुणाल झा (मैनेजर, सेल्स) के साथ डॉ. दिलीप कुमार, डॉ.शरद कुमार, अभिषेक कुमार, धीरेंद्र कुमार सिंह, धनंजय कुमार, संजय कुमार एवं अधिवक्ता मृत्युंजय कुमार की उपस्थिति रही। वहीं विजय आनंद ने उद्घाटन के मौके पर कहा कि संस्थान विद्यालय में बच्चों के बेहतर भविष्य को देखते हुए शिक्षा नीति पर आधारित शिक्षा प्रणाली को

## कोडरमा में मगध सम्राट जरासंध जी महाराज की 5227वीं जयंती मनाई गई

**कोडरमा।** मगध सम्राट जरासंध जी महाराज की 5227वीं जयंती लोकतंत्र के महापर्व को देखते हुए चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा जिला कमिटी के द्वारा कोडरमा महावीर मोहल्ला में मंच मुख्य संरक्षक रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, ओम प्रकाश राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, सुरेंद्र भारती की उपस्तिथि में मंच अध्यक्ष दीपक कुमार नवीन की अध्यक्षता एवं सचिव महेश भारती के संचालन में सादे समारोह आयोजित कर मनाया गया। जिसमें मुख्य वक्ता ने जरासंध कि जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जरासंध जी का जन्म मगध सम्राट बृहद्रथ के दो पत्नियों से हुई। जरासंध जी महाभारत काल के सबसे शक्तिशाली राज्य मगध का सम्राट था, जो अपने पराक्रम से 86 राजाओं को बंदी बना लिया था।

### भारी सुरक्षा के बीच क्लस्टर के लिए कर्मी हुए रवाना, कोडरमा विधानसभा में कुल 4 लाख 5 हजार 318 मतदाता

# कोडरमा के 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

### पोलिंग पार्टी सुरक्षित माहौल में त्रुटिरहित निर्वाचन संपन्न करायेंगे : मेघा भारद्वाज






## कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के ये हैं 13 प्रत्याशी

**आज होगा भाग्य का फैसला**

कोडरमा विधानसभा क्षेत्र से इस बार 13 प्रत्याशी चुनाव ए मैदान में खड़े हैं, जिनके भाग्य का फैसला आज होगा, इसमें प्रत्याशियों के नाम इस प्रकार हैं-

डॉ.नीरा यादव-भाजपा
सुभाष प्रसाद यादव-राजद
शालिनी गुप्ता-निर्दलीय
प्रकाश अंबेडकर-बसपा
गालिब मंसूरी-आपकी विकास पार्टी
कामेश्वर महतो-निर्दलीय
महेंद्र प्रसाद यादव-निर्दलीय
राजेश राज-निर्दलीय
रीतलाल प्रसाद सिंह-निर्दलीय
रौनक कुमार यादव-निर्दलीय
वीरेंद्र प्रसाद वर्मा-निर्दलीय
सुनील कुमार सिन्हा-निर्दलीय
योगेंद्र पण्डित-निर्दलीय



## मतदान कार्य के लिए 2002 कर्मियों पदाधिकारियों को लगाया गया

कोडरमा विधानसभा चुनाव के लिए 13 नवम्बर को होने वाले मतदान को लेकर 429 बूथों के लिए 2002 (रिजर्व सहित) पदाधिकारियों और कर्मियों को लगाया गया है, प्रत्येक बूथ पर एक प्रजाईटिंग पदाधिकारी, पीठासीन पदाधिकारी 1, 2 और तीन यानी हरेक बूथ पर चार पदाधिकारियों को लगाया जाएगा। जबकि 10 प्रतिशत कर्मियों को रिजर्व रखा गया है।

## डीसी एसपी ने मतदाताओं से किया अपील

**निर्भीक होकर, करें मतदान :** डीसी, एसपी ने मतदाताओं को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने और निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया है।

वहीं सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारियों और चुनाव कर्मियों को अपने कर्तव्य व दायित्वों की जानकारी देते हुए मतदान के दौरान सतर्क रहने व विधि व्यवस्था भंग होने की आशंका होने पर अपने स्तर से त्वरित कदम उठाते हुए तत्काल इसकी सूचना वरीय पदाधिकारियों व नियंत्रण कक्ष को देने को कहा।

## एक नजर में जानें

- कुल मतदाताओं की संख्या : 405318
- महिला वोटर : 200061
- पुरुष वोटर : 205254
- अन्य वोटर : 03
- कुल मतदान केंद्र : 429
- महिला प्रधान केंद्रों की संख्या :19
- मॉडल केंद्र की संख्या : 09
- प्रदानशीं केंद्रों की संख्या : 55
- कुल सेक्टर की संख्या : 82
- क्लस्टर : 18
- वैकल्पिक दस्तावेजों से भी आप दे सकते हैं वोट
- चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदाता पहचान पत्र नही रहने और वोटर लिस्ट में नाम होने पर पहचान के 11 वैकल्पिक फोटो पहचान पत्र के जरिये आप अपना वोट डाल सकते हैं। इसमे पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, राज्य, केंद्र सरकार के लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पहचानपत्र, बैंकों, डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतगर्त आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतगर्त जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, सरकारी पहचान पत्र, आधार कार्ड।

## 405318 वोटर करेंगे 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

विधानसभा चुनाव में खड़े 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 405318 वोटर अपने मतों का प्रयोग कर करेंगे। इसमे महिला मतदाताओं की संख्या 200061 जबकि पुरुष मतदाताओं की संख्या 205254, वहीं अन्य वोटरों की संख्या 3 है। इन मतदाताओं में से पीडब्ल्यूडी वोटरों की संख्या 3977 जबकि सीनियर सिटीजन वोटरों की संख्या 7025 है।

**उमा शंकर**

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर होने वाले मतदान को शांति और भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न करवाने के लिए मंगलवार को स्थानीय बाघीटांड स्टेडियम से ईवीएम, विविपैट मशीन तथा अन्य मतदान सामग्रियों के साथ भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव कर्मियों को रवाना किया गया। सभी चुनाव कर्मी (सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन पदाधिकारी 1, 2 और 3) शाम तक अपने-अपने क्लस्टरों में योगदान देंगे। इसके बाद वे वहां से बुधवार की सुबह करीब 5 बजे अपने अपने प्रतिनियुक्त मतदान केंद्रों पर पहुंचेंगे, मॉक पोल के बाद 7 बजे से वोटिंग शुरू होगी, जो दोपहर 5 बजे तक जारी रहेगा। मतदान कर्मियों को मतदान सामग्री, ईवीएम विविपैट मशीन आदि वितरित करने के लिए सुबह से ही राजकीय पॉलिटेक्निक संस्थान में बनाये गए डिस्पैच सेंटर में गहमा गहमी बढ़ी हुई थी। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, डीडीसी ऋतुराज और एसडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में चुनाव कर्मियों को प्रतिनियुक्ति पत्र और मतदान से सम्बंधित सामग्रियों का वितरण प्रखंडवार बनाये गए काउंटर से किया गया, जहां से बारी-बारी से चुनाव कर्मियों को मतदान केंद्रों के लिए प्रतिनियुक्ति पत्र बांटा गया, तत्पश्चात सामाग्री कोषांग से मतदान से सम्बन्धित चुनाव सामग्री वितरित किये गए। सामग्री और प्रतिनियुक्ति पत्र प्राप्त करने के बाद चुनाव कर्मियों को ईवीएम और विविपैट मशीन के साथ बाघीटांड स्टेडियम स्थित वाहन कोषांग से उन्हें भारी सुरक्षा व्यवस्था के साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को रवाना किया गया। प्रत्येक मतदान केंद्र पर चार-चार पीठासीन पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किये गए हैं। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, डीडीसी ऋतुराज के अलावे, एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, डीएसई अजय कुमार, डीआईओ सुभाष यादव, राजदेव महतो, डीटीओ विजय कुमार सोनी समेत अन्य पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

## सरकारी अस्पताल में घायल युवक को नहीं मिला इलाज

### एम्बुलेंस के लिए घंटो गुहार लगाती रही वृद्धा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** सड़क दुर्घटना में घायल युवक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज देने के बजाय रेफर कर दिया। वृद्ध माँ तीन घंटे तक एम्बुलेंस के लिए गुहार लगाती रही, लेकिन सदर अस्पताल कैम्पस में मौजूद एम्बुलेंस नहीं दी गई। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी घायल मरीज और वृद्ध महिला की गुहार पर ध्यान नहीं दे रहे थे, यहाँ तक कि वरीय अधिकारियों ने भी पीड़ित परिवार के फोन रिसीव नहीं किए। डॉक्टर मरीज को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के बजाय अपने चैंबर में मोबाइल में गेम खेलने में व्यस्त थे, जिससे परिजनों में आक्रोश है। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के कारण घायल युवक को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया। वर्तमान में युवक का इलाज आर बी हॉस्पिटल में चल रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, लेकिन इसका लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के कारण आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने उपायुक्त रमेश घोलप से लापरवाह चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## आज सुबह 07:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक दिन भर होगा मतदान, तैयारियां पूरी

### मतदाता फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर कर सकते है मतदान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा।** सोमवार को चतरा कॉलेज से सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के 24 मतदान केंद्रों और चतरा विधानसभा क्षेत्र के 8 मतदान केंद्रों, कुल 32 मतदान केंद्रों के लिए पी-2 पार्टी को इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिए भेजा गया।मंगलवार को सिमरिया विधानसभा के लिए 395 और चतरा विधानसभा के लिए 467 पी-1 पोलिंग पार्टियों को मतदान कराने के लिए मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। जिले के सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे 13 नवंबर को अपने बूथ पर जाकर मतदान करें और चतरा जिले को अच्छी पहचान दिलाएं।प्रत्येक मतदाता का वोट लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण है और मतदान करके वे लोकतंत्र को मजबूत कर सकते हैं। पोलिंग पार्टी डिस्पैच के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री रमेश घोलप ने पूरी डिस्पैच प्रक्रिया का निरीक्षण किया और पार्टियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वैसे मतदाता जिनका नाम मतदाता सूचि में है परन्तु उनके पास वोटर कार्ड या मतदाता पर्ची नही हैं वो भी कर सकेंगे मतदान। जिन मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट में है परन्तु वोटर कार्ड या मतदाता पर्ची प्राप्त नहीं हुआ है वैसे मतदाता भी फोटोयुक्त इन दस्तावेजों के साथ मतदान कर सकते है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चतरा रमेश घोलप ने लोगों से अपील किया कि आप सभी मतदान करने अवश्य अपने घर से निकल कर बूथ पर जाएं, परिवार के साथ जाएं और मतदान करें। वहीं अपने आस पास जान्ने पहचान्ने वाले लोगों को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम चतरा में बनाए गए वाहन कोषांग का भी निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पाण्डेय, कामांडेंट सीआपीएफ 190 बटालियन, उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चतरा जहूर आलम समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

## भव्य मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**चतरा।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के टंडवा एनटीपीसी उड़ान स्टेडियम में स्वीप कार्यक्रम के तहत भव्य चुनाव मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 2 हजार से अधिक मतदाताओं ने मेरा वोट, मेरा भविष्य थीम पर मानव कलाकृति बनाई और मोबाइल फ्लैश लाइट जलाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

एक नजर में

## 419 मतदान केंद्रों पर 3,77,446 मतदाता आज करेंगे मतदान




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा/गिद्धौर।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से दो पूर्व विधायकों के पुत्रों की साख दांव पर लगी है। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के 3,77,446 मतदाता आज अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 1,92,968 पुरुष व 1,84,478 महिला मतदाता शामिल है। विधायक स्व रामचंद्र राम के पुत्र मनोज कुमार चंद्रा तीसरी बार चुनाव हारने के बाद चौथी बार जेएमएम पार्टी से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं।पूर्व विधायक स्व उपेंद्रनाथ दास के पुत्र उज्जवल दास एक बार चुनाव हारने के बाद दूसरी बार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। मनोज कुमार चंद्रा तीनों बार चुनाव हारने के बाद भी क्षेत्र में लगातार 5 साल प्रखंड के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों से मिलते जुलते रहे हैं, जिससे उनकी लोकप्रियता अच्छी है। मतदाताओं का मानना है कि सिमरिया विधानसभा सीट में दोनों प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। मतदाताओं का कहना है कि सरकार द्वारा चलाई गई महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे बिजली बिल माफी योजना, कृषि ऋण माफी योजना और मंईयां सम्मान योजना से महागठबंधन के जेएमएम प्रत्याशी मनोज कुमार चंद्रा को फायदा मिल रहा है। मंईयां सम्मान योजना से महिलाएं भी अग्रसर हो रही हैं। भाजपा पार्टी के प्रत्याशी और पार्टी कार्यकर्ता श्री चंद्रा को कड़ी टक्कर देने की कोशिश में जुटे हैं। हालांकि, महागठबंधन पार्टी के पदाधिकारी की मनमानी से नाराजगी व्यक्त की जा रही है। लेकिन मनोज कुमार चंद्रा के नाम से लोग तीर कमान में मत देने की बात कह रहे हैं। अब देखना यह होगा कि 23 नवंबर को कौन बाजी मारता है।

## सपरिवार करें मतदान: सरिता पांडेय



**खबर मन्त्र संवादाता**

**सिमरिया।** भीम बिरसा इनमेंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन सरिता पाण्डेय ने झारखंड के मतदाताओं से अपील की और कहा कि लोकतंत्र के महापर्व आया है। अपने अधिकारों से नए जनप्रतिनिधि को चुनना है। मताधिकार हम सबका अधिकार है। झारखंड के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण हेतु, अलग झारखंड के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए पांच साल बाद आए इस झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदाताओं से अनुरोध है कि घर से मतदान केंद्र पर जाएं और अपना बहुमूल्य वोट दें। इस विधानसभा चुनाव में सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार का चयन कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपील की।

## सभी लोग अपना वोट जरूर दें : डॉ.नीरा

**खबर मन्त्र संवादाता**



**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर अब कुछ ही क्षण शेष रह गए हैं और एक अच्छी सरकार चुनने के लिए हमें एक बार फिर से 5 साल बाद मौका मिल रहा है। इसलिए इस मौका का फायदा सभी मतदाताओं को उठाना चाहिए। भाजपा प्रत्याशी और कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने लोगों से वोट देने की अपील करते हुए कहा कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है, हमें मजबूत राष्ट्र व मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। सभी मतदाताओं को अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए 13 नवम्बर को बिना किसी डर और लालच के मतदान केंद्रों पर जाकर अपना मतदान करना चाहिए। उन्होंने भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील करते हुए कहा कि मतदान अपने निजी हितों को ना देखते हुए विकास, अच्छी सरकार, अच्छे भविष्य के लिए वोट जरूर करना चाहिए।

## रात भर माहौल बदलने में जुटे रहे नेता व कार्यकर्ता

**पंकज सिंह**

**चतरा।** चतरा और सिमरिया विधानसभा चुनाव का मैदान जीतने के लिए मंगलवार की रात प्रत्याशियों व कार्यकताओं के लिए कयामत की रात रही। क्योंकि इस रात सभी प्रत्याशी निर्वाचन आयोग के दस्तों से बचते हुए वोटरों को प्रभावित करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी। कार्यकर्ता गांवों से लेकर कस्बों तक में पैसा, शराब व अन्य तरीकों से लोगों को साधने में जुट रहे।

कई गांवों में वोटरों के लिए पैसा पहुंचाने की भी चचाएं चलीं, लेकिन इसकी भनक निर्वाचन आयोग के दस्तों को नहीं लगने दी गई। चुनाव प्रबंधन की कमान संभाल रहे कार्यकर्ता ने एक-एक बूथ का आकलन किया। मतदाताओं को प्रत्याशी के पक्ष में बनाए रखने के लिए प्रयास करते रहे। कोशिश रही कि प्रत्याशी के बारे में किसी तरह की अफवाह न शुरू हो जाए, जिससे हार का खामियाजा न भुगतना पड़े। चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशियों व कार्यकताओं ने करीब बीस दिनों तक जमकर पसीना बहाया। हर गली, हर घर पर दस्तक देकर वोट के लिए झोली फैलाई। किसी के पैर छूकर वोट का आशिर्वाद मांगा तो किसी के गले मिलकर भावनात्मक बंधन बांधने की कोशिश की। वोट पाने की खातिर कई दिनों से चल रही इस कवायद को परिणाम तक पहुंचाने के लिए मंगलवार रात प्रत्याशियों व कार्यकताओं के लिए कयामत की रात रही। रात भर कार्यकर्ता इस कोशिश में जुटे रहे कि उनके समर्थक वोटरों को कोई अंतिम समय पर हाईजैक न कर जाए। एहतियातन इलाके वार कार्यकताओं को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई, उन्हें यह भी हिदायत दी गई कि अगर कोई गड़बड़ी महसूस हो तो तुरंत इसका सूचना दें, ताकि समय रहते इसका उपचार हो जाए। मतदान शुरू होने के साथ ही वोटरों को घरों से निकालकर मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए भी कार्यकताओं को नुस्खे दिए गए। समर्थक व कार्यकर्ता भी अपने प्रत्याशी की जीत पक्की करने के लिए भूखे प्यासे भाग दौड़ में जुटे रहे। मतदाताओं तक संदेश पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी कि उनका प्रत्याशी ही जीत दर्ज करने जा रहा है। राजनीति से जुड़े लोगों का कहना है कि मतदान से ठीक पहले वोटर अपना अंतिम फैसला लेते हैं और इस दौरान माहौल अचानक किसी एक के पक्ष में भी बदल जाता है। कई बार अफवाह फैलाकर भी माहौल को बदलने का प्रयास किया जाता है।

# गुमला जिले के 938 मतदान केंद्रों पर मतदान कर्मी पहुंचे

## लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने को आतुर दिखे मतदान कर्मी, महिला मतदान कर्मियों के चेहरे में देखी गयी गजब की खुशी

**जिले के 76 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से अपराह्न 4 बजे तक होगा मतदान, बाकि स्थानों पर पांच बजे तक होगा मतदान**








**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र 67 सिसई, 68 गुमला और 69 बिशुनपुर में पहले चरण में 13 नवंबर बुधवार को मतदान दिवस का आयोजन किया गया है। मंगलवार को लोहरदगा रोड स्थित पॉलटेकनीक कॉलेज के डिस्पैच सेंटर से जिले के 938 बूथों के लिए मतदान कर्मियों को क ड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ ईवीएम व वीवीपैट मशीन के साथ रवाना किया गया। विधान सभा वार मतदान कर्मियों के बीच पॉलटेकनीक कॉलेज में सामग्री का वितरण किया गया। सामग्री लेने के बाद मतदान कर्मी बसों व छोटे वाहनों से प्रतिनियुक्त बूथों के लिए रवाना हुए। सामग्री लेने के बाद पॉलटेकनकी कॉलेज परिसर में उसकी मिलान मतदान कर्मियों ने किया। इधर लोकतंत्र के महापर्व को निष्ठा व ईमानदारी पूवर्क निर्वहन करने की ललक मतदान कर्मियों में देखा गया। हर मतदान कर्मी लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी सहभागिता निभाने को लेकर काफी खुश नजर आयें। पहले की तुलना में अब मतदान केंद्रों में प्रतिनियुक्त कर्मियों के चेहरे में किसी तरह की तनाव नजर नहीं आया।

क्योंकि जिले से लगभग नक्सल समस्या का समाधान हो गया है। पहले नक्सली संगठनों के द्वारा चुनाव बहिष्कार करने की घोषणा से मतदान कर्मियों के चेहरे में सिकन नजर आती थी। लेकिन अब वह दौर खत्म हो चुका है। लोकतंत्र के महापर्व में सहभागिता निभाने के लिए महिला मतदान कर्मियों में गजब का उत्साह देखा गया। चुनाव सामग्री लेने के बाद डिस्पैच सेंटर में बने सेल्फी प्वांईट पर महिला मतदान कर्मी काफी उत्साह के साथ तस्वीर खींचवाती दिखी। महिला मतदान कर्मी ईवीएम व वीवीपैट मशीन लेकर खुशी-खुशी बूथों की ओर जाने हेतु वाहन चढ़ती नजर आयी। मतदान कर्मियों के साथ ईवीएम व वीवीपेट मशीन लेकर सुरक्षा कर्मी भी उनके साथ बूथों के लिए रवाना हुए। पूरा प्रशासनिक अमला लोकतंत्र के महापर्व को शांति पूर्ण संपन्न कराने में जुटा हुआ है। गुमला जिले में कुल 995 मतदान केंद्र हैं। जिसमें 67 सिसई में 332, 68 गुमला में 314 व 69 बिशुनपुर में 349 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें 202 क्रिटिकल मतदान केंद्र, 3 अति संवेदनशील केंद्र और 21 शैडो एरिया में स्थित मतदान केंद्र शामिल हैं। जबकि 18 मतदान केंद्रों का पुनर्स्थापन किया गया है। इसके अलावा जिले में 7 पर्दानशी मतदान केंद्र और 30 ऐसे केंद्र हैं जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है। वहीं जिले में कुल 76 मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मतदान का समय निर्धारित किया गया है। पी 2 दिवस को कुल 46 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टी को रवाना किया जाएगा एवं 13 हेलीकॉप्टर द्वारा सामग्री पहुंचाने वाले केंद्र है।

### गुमला जिला में 125 ऑल विमेन मतदान केंद्र बनाया गया

गुमला जिले में कुल 125 ऑल विमेन मतदान केंद्र बनाएं गए हैं एवं 120 ऐसे मतदान केंद्र बनाएं गए हैं जहां पी1 एवं पी 3 महिला कर्मी हैं। जिले में विभिन्न मतदान केंद्रों में इस बार लगभग 750 महिलाएं मतदान करवाएंगी। वहीं सभी मतदान केंद्रों में खास कर महिला क्लस्टरों में भी सभी महिला मतदान कर्मियों का पारंपरिक रूप से पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित रूप से स्थानीय महिलाओं एवं बीएलओ के द्वारा स्वागत किया गया।

### डिस्पैच सेंटर का डीसी व एसपी ने किया निरीक्षण

उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह व डीडीसी दिलेश्वर महतो ने डिस्पैच सेंटर का भ्रमण कर जायजा लेते हुए कर्मियों को दिशा निर्देश भी दिए। डीसी, एसपी ने सभी मतदान कर्मियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा सभी मतदान केंद्रों में सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था है। सभी कर्मी निडर होकर निष्पक्षता के साथ चुनाव सम्पन्न कराएं जिला प्रशासन आपके साथ है।

## स्पीड न्यूज

### चुनावी महापर्व में मतदाता बूथ तक जायें : विनय लाल

**गुमला।** भाजपा जिला अध्यक्ष विनय लाल ने जिले के सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में अपना बहुमूल्य वोट देने का अपील की है। जितना अधिक मतदान होगा लोकतंत्र की खूबसूरती उतनी बढ़ेगी, देश का लोकतंत्र और अधिक मजबूत होगा। जिला अध्यक्ष ने कहा क्षेत्र में मतदाताओं का स्नेह-प्यार भाजपा को मिला है,जनसंघ काल से मिल रहा समर्थन की बदौलत अटल जी ने झारखंड दिया है भाजपा ने राज्य बनाया है भाजपा ही संवारेगी।

### जिला संवेदक संघ के अध्यक्ष ने की मतदाताओं से वोट करने की अपील

**गुमला।** जिला संवेदक संघ गुमला के अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता गुड्डू ने जिले के मतदाताओं से विधानसभा चुनाव में अपना कीमती वोट देकर सरकार चुनने के लिए उपयोग करने की अपील की है। अपने आस-पास के साथियों को भी इस अपील को पहुंचाएं और उन्हें भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने मतदाताओं से एक कर्मठ जुझारू व क्षेत्र के विकास करने वाले उम्मीदवार के पक्ष में वोट कर अपने क्षेत्र व विकास के लिए मतदान करने की बात कही। जनता का एक वोट जिला के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### डीएवी के वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक को सेवानिवृति पर दी गयी विदाई



**सेवानिवृत शिक्षक को विदाई देते प्रधानाचार्य व अन्य।**

गुमला। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षक डॉ लाल हरे मुरारी नाथ सहदेव को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई। वह 2001 से डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में कार्यरत थे। वे लगभग 24 वर्षों तक डीएवी गुमला से जुड़े रहे। मौके पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डा रमाकान्त साहु ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं, वे हमेशा समाज के लोगों को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। सहदेव सर न सिर्फ समयनिष्ठ, परिश्रमी एवं काबिल शिक्षक रहे हैं बल्कि अंग्रेजी के प्रकांड विद्वान हैं। किसी भी शिक्षक की सबसे बड़ी उपलब्धि यही है कि उनके जाने के बाद विद्यार्थी उन्हें याद करें। विद्यार्थी तथा अभिभावकों का प्यार तथा विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। जो विद्यार्थी आपसे शिक्षा ग्रहण किए हैं, वे हमेशा आपके कृतज्ञ रहेंगे। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें शॉल ओढ़ाकर तथा उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। सहदेव सर ने इस स्कूल में अपने सफर को काफी दिलचस्प बताया और कहा कि सहकर्मियों के प्यार, स्नेह और विद्यार्थियों की श्रद्धा ने मुझे अंतिम समय तक ऊजार्वान बनाए रखा। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थी आज जिस मुकाम पर हैं, वही हमारी पूंजी है। सकारात्मक सोच ही सफलता का सोपान है, बुरे वक्त में आपके अंतरात्मा की आवाज आप सभी को मार्गदर्शन करेगी। कौशल किशोर महाराज ने गजलप्रस्तुत किया। मौके पर पवित्र कुमार मोहंती, एस के आचार्या, रोहित कुमार सुतार, रमाकान्त त्रिपाठी, शैलेंद्र कुमार सिंह, एसके पटनायक, पीके झा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं सुखद भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। मंच संचालन श्रीमती संजुक्ता खटुआ ने किया।

# गुमला : तीनों विधानसभा सीट के 44 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

## गुमला में त्रिकोणीय, विशुनपुर में चतुष्कोणीय व सिसई में भाजपा-जेएमएम आमने-सामने



















**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला के सिसई, विशुनपुर व गुमला विधान सभा सीट पर कुल 44 उम्मीदवार मैदान में हैं। जिनके भाग्य का फैसला आज जिले के 7 लाख 92 हजार 183 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर करेंगे। जिसमें सिसई विस में 15 प्रत्याशियों के बीच टक्कर है। गुमला विधान से 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। जिनमें भाजपा के सुदर्शन भगत, झामुमो के भूषण तिर्की, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के कुलदीप मिंज, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के निशा भगत, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के मंगल इंदवार, निर्दलीय चंदर टोप्पो, निर्दलीय चापा उरांव, निर्दलीय धरमा मुंडा, निर्दलीय प्रदीप उरांव, निर्दलीय बोनीफास कुजूर, निर्दलीय महेश्वर बैगा, निर्दलीय मिशिर कुजूर, निर्दलीय रोज मधु तिर्की, निर्दलीय विनय भूषण टोप्पो, निर्दलीय सुधीराम किसान के नाम हैं। वहीं विशुनपुर विधान सभा सीट से 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं सिसई विधान सभा सीट से 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। सिसई विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी डॉ अरूण उरांव, झामुमो प्रत्याशी जिग्गा सुसारन होरो, जेएलकेएम प्रत्याशी सुशील टोपनो, सीपीआई प्रत्याशी मधु कच्छप उर्फ मदुआ कच्छप, भागीदारी पार्टी के प्रत्याशी श्याम सुंदर बड़ाईक, झापा प्रत्याशी डेविड सुशील मिंज, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी बंदे कुमार तिर्की, चंद्रकिशोर उरांव, अरविंद कुजूर, लोहरमईन उरांव, राजेश लिंडा, जेंगा उरांव, संजय बारला, रैमोन बा, संजीत टेटे आमने-सामने हैं। वहीं बिशुनपुर विधान सभा में 14 प्रत्याशी मैदान में हैं। बिशुनपुर विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव, झामुमो प्रत्याशी चमरा लिंडा, झारखंड पार्टी के प्रत्याशी महात्मा उरांव, सीपीआई प्रत्याशी महेंद्र उरांव, झारखंड पीपुल्स पार्टी के प्रत्याशी गोवर्द्धन बड़ाईक, लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी संजय कुमार भगत, झारखंड आंदोलनकारी प्रत्याशी रोजलिन तिर्की, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी पार्टी के प्रत्याशी यशोदा देवी, भारत आदिवासी पार्टी के प्रत्याशी भूषण चीक बड़ाईक, निर्दलीय प्रत्याशी शिवकुमार भगत, बुद्धिमान उरांव, नारायण उरांव, जगरनाथ उरांव व भुपेंद्र नाथ राम आमने-सामने हैं। तीनों विधान सभा सीटों पर मुख्य मुकाबला भाजपा व जेएमएम के बीच है। लेकिन विशुनपुर विधान सभा में चतुष्कोणीय व गुमला में त्रिकोणीय मुकाबला है तो सिसई विधान सभा सीट में भाजपा व जेएमएम आमने-सामने हैं। अब मतदाता ही हैं जो अपने उचित उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे ताकि उनके क्षेत्र के विकास की परिकल्पना साकार हो सके। हालांकि जनता यह मान रही

# लोहरदगा विस में कुल 17 उम्मीदवार आजमा रहे है किस्मत, आज मतदाता करेंगे फैसला

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा विधानसभा में मतदान आज होगा। जिसे लेकर प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। इस विधानसभा चुनाव में कुल 17 उम्मीदवार मैदान में है। जिससे ये चुनाव दिलचस्प बन गया है। मतदाताओं की खामोशी से प्रत्याशियों की बेचैनी और बढ़ गई है। हालांकि चुनाव प्रचार की समय सीमा सोमवार की शाम ही थम गई थी जिसके बाद सभी प्रत्याशी बूथ मैनेजमेंट में जुट गए है। लोहरदगा विधानसभा से एनडीए की ओर से आजसू प्रत्याशी नीरू शांति भगत, बसपा से यशपाल भगत, इंडी गंठबंधन से कांग्रेस के डॉ रामेश्वर उरांव, अनिल कुमार भगत, अवधेश उरांव, किशोर उरांव, पवन तिग्गा, बिहारी भगत, राजपति देवी, बिरेन्द्र उरांव, बृज मोहन उरांव, रमेश उरांव, राजेश लोहरा, रामेश्वर लोहरा, संतोष भगत, सनीया उरोव और सोमा उरांव चुनावी मैदान में है। 13 को मतदान के बाद 23 नवंबर की मतगणना के बाद साफ हो जायेगा कि मतदाताओं ने किसी आशीर्वाद दिया और किसे रिजेक्ट किया।

### जिला में कुल 3 लाख 75 हजार 6 मतदाता





जिला में कुल 428 मतदान केंद्र हैं जिनमें 72-लोहरदगा क्षेत्र में 324 और 69-बिशुनपुर (अंश) में 104 मतदान केंद्र हैं। कुल मतदाता 3 लाख 75 हजार 06 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 90 हजार 345 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 84 हजार 661 है। 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 2 लाख 87 हजार 746 हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 46 हजार 308 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 41 हजार 438 है। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 1008 है। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 3342 है। 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाता 87 हजार 260 है जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 44 हजार 37 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 43 हजार 223 है। 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या 393 है। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1362 है। डिस्पैच सेंटर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां द्वारा पोलिंग पार्टियों को सुरक्षित माहौल में त्रुटिरहित निर्वाचन संपन्न कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही, आपसी समन्वय रखते हुए एक-दूसरे की सुरक्षा, आपात स्थिति में निर्णय लिये जाने, ससमय मतदान कराने की जानकारी दी गई। डिस्पैच सेंटर में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर समेत अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# गुमला : मतदान को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को बनाया गया सुगम

## कई स्थानों पर बनाया गया ड्राप गेट, बडे वाहनों का प्रवेश वर्जित


**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के तहत 13 नवंबर को गुमला जिले में मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था और यातायात को सुगम बनाने के लिए जिला पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। जिले में आने-जाने वाले वाहनों के लिए निर्धारित मार्गों और ड्रॉप गेट्स की जानकारी दी गई है। जिसमें घाघरा की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए टोला बैंक के पास (प्रवेश ड्रॉप गेट), घाघरा की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए खटवा नदी पुल के पास (द्वितीय ड्रॉप गेट), घाघरा की तरफ से आने वाले वाहनों के लिए पॉलिटेक्निक कॉलेज से करीब 100 मीटर पहले असनी ग्राम जाने वाले सड़क के पास (तृतीय ड्रॉप गेट), गुमला शहरी क्षेत्र से घाघरा की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए डीएवी स्कूल मोड़ के पास ड्रॉप गेट, पुगू बाईपास के पास ड्रॉप गेट, सिलम बाईपास रोड के पास ड्रॉप गेट, उर्मी चौक के पास ड्रॉप गेट, परिसदन मोड़ के पास ड्रॉप गेट, चंदाली चौक के पास ड्रॉप गेट, चंदाली चौक से असनी गांव जाने वाले मोड़ के पास ड्रॉप गेट व पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास ड्रॉप गेट बनाया गया है। ये सभी स्थान विधानसभा चुनाव के दौरान सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ड्रॉप गेट के रूप में स्थापित किए गए हैं। सभी बड़े वाहनों का जिले में प्रवेश 12 नवंबर 2024 को प्रातः 6:00 बजे से 13 नवंबर की संध्या तक प्रतिबंधित रहेगा। आवश्यक सेवा वाले वाहनों का आवागमन यथावत रहेगा।

थाना प्रभारियों को निर्देश दिया गया है कि 12 नवंबर को सुबह 5:00 बजे से संध्या तक इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाए। पुलिस बल एवं अन्य तैनात सुरक्षा कर्मी ट्रैफिक व्यवस्था और ड्रॉप गेट्स पर नियमित पेट्रोलिंग करेंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य नागरिकों को सुरक्षित और सुचारू मतदान प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करना है।

# शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है : डीसी






**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले में आज होने होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

जिले के लोहरदगा विधानसभा के 324 बूथ और विशुनपुर विधानसभा के 104 बूथ के लिए सभी मतदान कर्मियों को चुनाव सामग्री के साथ मतदान केंद्र के लिए रवाना कर दिया गया है। जिला प्रशासन शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उक्त बाते जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने बताया कि लोहरदगा विधानसभा में कुल 2 लाख 87 हजार 746 मतदाता मतदान करेंगे।

जिसमें महिला वोटर 1 लाख 46 हजार, 308 और पुरुष मतदाता 1 लाख 41 हजार, 438 है। वही उन्होंने बताया कि बुधवार को मतदान के बाद अधिकतर बूथ से कर्मी वापस आ जाएंगे लेकिन सुदूरवर्ती क्षेत्र से 14 नवंबर को मतदान कर्मियों की वापसी होगी।

जो कृषि बाजार समिति में बनाए गए स्ट्रॉग रूम में ईवीएम मशीन जमा कराएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में कोई भी आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज नहीं हुआ है।

### जमीयत उलमा द्वारा जारी फतवा की हो रही है जांच : डीसी

जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने जमीयत उलमा संगठन लोहरदगा द्वारा इंडी गंठबंधन को वोट करने को लेकर निकाली गई पत्र को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि जिला प्रशासन को इस तरह की सूचना मिली है और खुद एसपी हारिसा बिन जमा उसकी जांच कर रहे है। जांच के बाद इसकी सच्चाई सामने आएगी और विधि सम्मत करवाई की जाएगी।

# लोहरदगा : 310 पोलिंग पार्टियां हुईं रवाना, मतदान आज 7 बजे से







**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त आज 13 नवंबर को होनेवाले मतदान के लिए पोलियां पार्टियां मंगलवार को सदर प्रखण्ड कार्यालय, परिसर में बनाये गये डिस्पैच सेंटर से अपने-अपने मतदान सामग्रियों के साथ आवंटित पोलिंग बूथों के लिए रवाना हो गईं। मंगलवार को कुल 310 बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया। वहीं 11 नवंबर को 14 पोलिंग पार्टियों को दुर्गम क्षेत्र के बूथों के लिए रवाना किया गया था। 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 60 सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 28 क्लस्टर बनाये गये हैं। 52 माईक्रोऑब्जर्वर प्रतिनियुक्त किये गये हैं। 69-बिशुनपुर (अंश) विधानसभा क्षेत्र के लिए 19 सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 12 क्लस्टर बनाये गये हैं।

**मतदान सुबह 7 बजे से**

मतदान आज 13 नवंबर 2024 को सुबह 7 बजे से प्रारंभ होगा। 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में कुल 324 बूथ हैं जहां के 276 बूथ ऐसे हैं जहां सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। वहीं 48 बूथ ऐसे जहां सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक ही मतदान होगा।

# आज सोशल मीडिया पर चलेगा हैशटैग # वोट देने चलो अभियान

## आम लोगों को भी अभियान से जुड़ने की अपील

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 में मतदान प्रतिशत में वृद्धि एवं मतदाता जागरूकता के निमित्त आज बुधवार 13 नवंबर 2024 को सोशल मीडिया पर हैशटैग *#वोट देने चलों अभियान चलाया जाएगा।

#वोट देने चलों अभियान विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 के प्रथम चरण अंतर्गत होनेवाले मतदान दिवस 13 नवंबर को सुबह 7 बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस दिन कोई भी परिवार/मतदाता भी अपने सोशल मीडिया अपने परिवारजनों, मित्रजनो एवं अपने परिचितों को वोट देने के लिए अपील करते हुए हैशटैग वोट देने चलो का इस्तेमाल कर उन्हें प्रेरित कर सकते हैं। साथ ही मतदान के पश्चात भी अपनी व अपने परिवार के साथ सेल्फी फोटो लेकर सोशल मीडिया पर हैशटैग #वोट देने चलों के साथ अपलोड कर सकते हैं।

### गुमला जिले के 7 लाख 92 हजार 183 मतदाता अपने मताधिकार का आज करेंगे प्रयोग

**गुमला।** जिले में 7 लाख 92 हजार 183 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर जिले के 44 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला आज करेंगे। जिले में पुरुष से ज्यादा महिला मतदाता हैं। तीन विधानसभा क्षेत्रों में 3 लाख 88 हजार 755 पुरुष मतदाता और 4 लाख 3 हजार 426 महिला मतदाता हैं। जबकि 11,626 दिव्यांग मतदाता भी हैं। जिनके लिए मतदान केंद्रों पर विशेष व्यवस्था की गयी है। 67 सिसई विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 63 हजार 126 मतदाता हैं। 68 गुमला विधानसभा क्षेत्र में कुल 2 लाख 47 हजार 449 और 69 बिशुनपुर में 2 लाख 81 हजार 605 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# जाते-जाते शहर का अमन चैन बिगाड़ना चाहते हैं सरयू राय, पर ऐसा संभव नहीं है: बन्ना गुप्ता

■ कहा- बीते चुनाव में भाजपा कार्यकर्ताओं को पानी पी-पी कर कोसते थे, अब उनकी बदौलत वोट चाहते हैं सरयू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** बन्ना गुप्ता ने चुनाव की पूर्व संध्या पर माता रानी की पूजा-अर्चना अपनी धर्मपत्नी सुधा गुप्ता के साथ की, और चुनाव में विजय का आशीर्वाद मांगा। इसके पश्चात जमशेदपुर पश्चिमी से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने कहा कि सरयू राय प्रचार के दौरान क्षेत्र घूम कर यह समझ गए हैं कि पश्चिमी की जनता उन्हें नकार चुकी है। उनके पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है, इसीलिए अब वे धार्मिक उन्माद फैलाने पर उतारू हो चुके हैं। पिछले चुनाव में पानी पी पी कर भाजपा कार्यकर्ताओं को कोसने वाले सरयू राय अब उन्हीं के भरोसे नैया पार करना चाहते हैं किंतु भाजपा के परिपक्व कार्यकर्त्ता अपना अपमान भूले नहीं हैं। बन्ना गुप्ता ने कहा कि पश्चिमी के मतदाता और कार्यकर्त्ता सरयू राय के चाल चरित्र भागोड़ापन और पलटू कला से वाकिफ हो चुके हैं।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि जाते जाते सरयू राय शहर का अमन चैन बिगाड़ना चाहते हैं। वे धर्म और जात पात के नाम पर वोटों का ध्रुवीकरण करना चाहते हैं किंतु जमशेदपुर की जनता इस बार भागोड़ा प्रत्याशी की किसी चाल में फंसने वाली नहीं है। जमशेदपुर के समझदार मतदाता विकास के लिए वोट करेंगे। मेरा लक्ष्य है कि जमशेदपुर में रिंग रोड बने। जमशेदपुर एजुकेशन हब बने। जमशेदपुर अपराध मुक्त शहर बने। जमशेदपुर के हर युवा के पास रोजगार हो। जमशेदपुर की हर माता बहन को मईया योजना का लाभ मिले। हर वो योजना जिसका शिलान्यास मेरे द्वारा किया जा चुका है, एमजीम हो या लॉ डिग्री कॉलेज, मानगो का फ्लाइ ओवर हो या अंतरराजीय बस अड्डा, सभी को ससमय पूर्ण करना मेरा लक्ष्य होगा। सोनारी दोमुहानी संगम को पर्यटन स्थल के रुप में विकसित करना उनका सपना है।

**सीएम हेमंत के साथ बन्ना पहुंचे आस्तिक महतो के आवास :** सीएम हेमंत सोरेन और मंत्री बन्ना गुप्ता झामुमो के दिग्गज एवं समाजसेवी आस्तिक महतो की माताजी के निधन पर शोक प्रकट करने उनके आवास पर पहुंचे। दोनों नेताओं ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। इस अवसर पर उनके साथ जमशेदपुर पूर्व के कांग्रेस सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डा अजय कुमार भी मौजूद थे।

**बन्ना की जीत तय - मार्जिन बढ़ाने की तैयारी में जुटे :** समर्थकों का कहना है कि इतना तो जरूर माना जा रहा है कि बन्ना गुप्ता की जीत तय है। चुनाव प्रचार के दौरान बन्ना गुप्ता के साथ जुटी भीड़ का उत्साह उनके एकतरफा जीत का इशारा कर रहा है।





अपनी धर्मपत्नी संग चुनाव की पूर्व संध्या पर माता रानी की पूजा करते कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता और झामुमो नेता आस्तिक महतो की माता का निधन होने की खबर मिलने पर आज उनके सोनारी आवास पर सीएम हेमंत सोरेन के साथ मंत्री बन्ना गुप्ता भी पहुंचे, और परिवार को सांत्वना दी। साथ में जमशेदपुर पूर्व के कांग्रेस प्रत्याशी डा अजय भी थे।

### बन्ना गुप्ता और डॉ अजय को पक्ष में मतदान करें बैंककर्मी : आरए सिंह



**जमशेदपुर।** पीएनबी इम्पलाइज यूनियन के प्रदेश महासचिव, एआइबीइए के महासचिव और जेपीबीईए के वाइस चेयरमैन आरए सिंह ने जमशेदपुर में कार्यरत तमाम बैंक, एलआइसी, जीआईसी एवं अन्य संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों से अपील की है कि वे जमशेदपुर पश्चिम में बन्ना गुप्ता को और जमशेदपुर पूर्व में डा अजय कुमार को वोट करें। ये दोनों प्रत्याशी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हैं। आरए सिंह ने कहा है कि हमें याद रखना चाहिए कि 19 जुलाई 1969 को तत्कालीन प्रधानमंत्री ने बैंकों, एलआइसी, जीआइसी का राष्ट्रीयकरण करवाया था। हम राष्ट्रीयकरण के लिए कांग्रेस एवं वाम दलों के संघर्ष को भूल नहीं सकते। राष्ट्रीयकरण से देश के कमजोर तबके तक बैंकों एवं बीमा कंपनियों की पहुंच सुनिश्चित हुई बल्कि देश में लघु एवं मध्यम उद्योग को फलने-फूलने का मौहा मिला जो आज भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

## प्रचार के आखिरी दिन सरयू राय ने झोंकी ताकत

# बिहार के मंत्री श्रवण कुमार ने भी जमकर किया प्रचार-प्रसार

■ बोले सरयू- निर्भीक होकर लोग करें मतदान, कोई धमकी दे तो फौरन मुझे सूचित करें

■ पूछा- गिच्चू को कदमा पुलिस ने क्यों किया गिरफ्तार और सोनारी थाने में क्यों रखा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा से एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय ने चुनाव प्रचार के आखिर दिन जबरदस्त जनसंपर्क किया। उन्होंने रामजनम नगर, ग्रीन पार्क, बागे बस्ती, कुमरूम बस्ती, सुकना बस्ती, बालीगुमा बागान एरिया, सिविल कोर्ट आदि इलाकों में जोरदार तरीके से जनसंपर्क चलाया। श्री राय ने अपनी पदयात्रा में हर जगह लोगों से ज्याद संख्या में वोट करने की अपील की ताकि प्रदेश में एनडीए की सरकार बन सके और भय, भ्रष्टाचार, आतंक और अत्याचार को खत्म कर लोगों को बेहतरीन नागरिक सुविधाएं मुहैया करायी जा सके।



जन संपर्क के दौरान अपने पक्ष में वोट की अपील करते सरयू राय।

### सरयू समर्थक गिच्चू को कदमा पुलिस ने किया गिरफ्तार, राय के दखल के बाद हुई रिहाई



**जमशेदपुर।** सोमवार की देर रात, करीब पौने 12 बजे जमसेदपुर पश्चिमी विधानसभा से एनडीए के प्रत्याशी सरयू राय के समर्थक और भाजपा कार्यकर्ता निमाई अग्रवाल उर्फ गिच्चू को कदमा पुलिस ने उठा लिया। गिच्चू की गिरफ्तारी की खबर सुनते ही सैकड़ों सरयू समर्थक कदमा थाना पहुंच गये और नारेबाजी करने लगे। बाद में जब सरयू राय ने वरीय पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात की तो गिच्चू को रिहा किया गया। दूसरी ओर, सीनियर एसपी किशोर कौशल से जब खबर मन्त्र ने संपर्क किया तो उन्होंने कहा, कि संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एक शिकायत मिली थी और पूछताछ के लिए उन्हें हिरासत में लिया गया था। पूछताछ के बाद उन्हें पीआर बांड पर रिहा कर दिया गया। दूसरी ओर सरयू राय समर्थकों का कहना है कि गिच्चू अपने घर में थे। रात पौने 12 बजे के करीब पुलिस उनके घर पर पहुंची और कहा कि आपको डीएसपी साहब ने बात करने के लिए थाने में बुलाया है। जब गिच्चू ने पूछा कि इतनी रात में डीएसपी क्यों बुला रहे हैं तो पुलिस ने उनसे कहा कि चुपचाप चलो हमारी गाड़ी में नहीं तो मार-पीट कर ले जायेंगे।

## स्पीड न्यूज

### करनी सेना के अध्यक्ष संजय सिंह ने की बन्ना को समर्थन की घोषणा

**जमशेदपुर।** करनी सेना के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि बन्ना गुप्ता एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने जमशेदपुर पश्चिमी में विकास की गंगा बहाई है। उन्होंने सोनारी दोमुहानी संगम को धार्मिक स्थल के रुप में तब्दील कर दिया है। गंगा आरती में लाखों लोगों का जुटान कर ऐसा कर दिया मानों स्वर्णरेखा खरकाई का संगम ही वाराणसी का गंगा तट है। मानगो को जाम से मुक्ति दिलाने हेतु उनके द्वारा बनवाया जा रहा फ्लाइ ओवर काबिले तारीफ परियोजना है। जमशेदपुर में रिंग रोड बनाने का उनका सपना सच हो, इसके लिए करनी सेना उनके साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी है। संजय सिंह ने कहा कि करनी सेना अपना पूर्ण समर्थन बन्ना गुप्ता को देने की घोषणा करती है और अपने सदस्यों से आह्वान करती है कि जमशेदपुर पश्चिमी में भारी मतों से बन्ना गुप्ता को विजयी बनायें।

### सरयू राय कर्मठ और ईमानदार : शिवपूजन

**जमशेदपुर।** सिंहभूम केंद्रीय नागरिक समिति के अध्यक्ष शिवपूजन्न सिंह का कहना है कि ईमानदारी सच्चाई कर्मठता के प्रतिक है सरयू राय जो जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक प्रत्याशी हैं जिन्होंने उस सच्चाई का उजागर किया कि कितने मुख्यमंत्री और राजनेता घोटाले के मुकदमा में अपराधी साबित होकर न्यायालय का चक्कर काट रहे हैं। कितने मंत्री और राजनेता जेल जाने वाले है जो शीघ्र ही सबके सामने आयेगा। इसी ईमानदारी कर्मठता का नतीजा था कि अपना क्षेत्र छोड़कर रघुवर दास के खिलाफ लड़ें और उनको सिर्फ हराये ही नहीं रघुवर दास को राजनीति से संन्यास लेना पडा। किसी के फतवा जारी करने से किसी समुदाय पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। हमें पश्चिमी जमशेदपुर विधान सभा के हर वर्ग के बुद्धिजीवियों से बात हुई सबने कहा कि हमलोग बड़ी भाग्यशाली हैं कि इस बार हमलोगों को सरयू राय जैसा प्रत्याशी मिला है इसलिए जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा के सभी बुद्धिजीवियों वरिष्ठ नागरिकों तथा आम जनता से अपील है कि किसी के बहकावे में न आकर अपना वोट सरयू राय के सिलेंडर छाप 12 न० पर मुहर लगाकर विजयी बनाये।

### भगवान की माता सुरजीत कौर पंचतत्व में विलीन

**जमशेदपुर।** कांग्रेस प्रत्याशी ने सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार भगवान सिंह की माता सुरजीत कौर उम्र 86 वर्ष केनिधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। मंगलवार को तमोलिया स्थित ब्रम्हानंद अस्पताल में ईलाज के क्रम में उनका निधन हो गया। वे कुछ दिन से बीमार चल रही थी। वे अपने पीछे पुत्र हरजिंदर सिंह, प्रधान भगवान सिंह, जसवीर सिंह शिरे, अवतार सिंह तारी का भरा पूरा परिवार छोड़ गयी है।

# आज पहले मतदान, तब जलपान

■ आज सुबह 7 बजे से मतदान, प्रशासन तैयार

■ सभी आरओ, एआरओ, बीडीओ, सीओ, नगर निकाय पदाधिकारी ने कलस्टर व बूथों का किया निरीक्षण

■ कलस्टर व बूथ में मतदान दल के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं का रखा जा रहा विशेष ध्यान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण करते डीसी अनन्य मित्तल व एसएसपी किशोर कौशल।

**जमशेदपुर।** एलबीएसएम व कॉपरेटिव कॉलेज स्थित डिस्पैच सेंटर से मतदान दल रवाना करने के पश्चात जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल द्वारा सभी आरओ, एआरओ, बीडीओ, सीओ, नगर निकाय पदाधिकारी को कलस्टर व बूथ निरीक्षण का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में संबंधित विधानसभा क्षेत्र के आर.ओ, ए.आर.ओ व अन्य पदाधिकारियों ने कलस्टर व बूथ का निरीक्षण कर मतदान दल के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया । निरीक्षण के क्रम में सेंटर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, बिजली आपूर्ति, छाया हेतु शेड, महिला-पुरुष हेतु अलग अलग शौचालय, रैंप, फर्नीचर आदि से संबंधित सभी आधारभूत सुविधाओं की जांच की गई ताकि सुगम मतदान कराने में कोई व्यवधान नहीं उत्पन्न हो। निरीक्षण के दौरान पदाधिकारियों ने मतदान दल से उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का फीडबैक लिया जिसपर सभी ने संतुष्टि जाहिर की। गौरतलब है कि जिले के 1913 मतदान केन्द्रों में 13 नवंबर की सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो जाएगा । सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दल संबंधित कलस्टर एवं मतदान केन्द्रों में पहुंच चुके हैं। चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप सभी मतदान कर्मियों को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुगमता से मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया गया है।

## बेहतर और सुरक्षित पोटका के लिए कमल छाप पर बटन दबायें: मीरा मुंडा



पोटका विधानसभा क्षेत्र

डोर-टू-डोर के दौरान भाजपा सह एनडीए प्रत्याशी मीरा मुंडा।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी मीरा मुंडा ने पोटका विस के आसनबनी में डोर टू डोर अभियान चलाकर मतदाताओं से भाजपा के के पक्ष में मतदान की अपील की। कहा कि यह लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व है और इसमें सभी मतदाता भाइयों-बहनों को घर से बाहर निकलकर मतदान अवश्य करना चाहिए। यह मतदान ही पोटका एवं इस राज्य का भविष्य तय करेगा। मीरा मुंडा ने कहा कि पोटका के सभी देवतुल्य मतदाताओं से आग्रह है कि पोटका के आने वाले बेहतर कल के लिए मतदान करें।

## कमल फूल का बटन दबाकर भाजपा को विजयी बनायें : पूर्णिमा दास साहू

■ जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र में भाजपा की प्रतिष्ठा दांव पर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू ने मतदान से एक दिन पूर्व क्षेत्र के अधिकांश क्षेत्रो में घर-घर जाकर मतदाताओं को साधने की कोशिश की। अब तक कार्यकर्ताओं की फौज के साथ पूरे तामझाम के साथ प्रचार में लगी पूर्णिमा अकेले चुपचाप लोगों तक पहुंच रहीं थीं। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि 13 तारीख के दिन ईवीएम के 3 नंबर का बटन दबा कर कमल फूल छाप पर मतदान करें। राज्य और क्षेत्र के विकास और माटी ,बेटी, रोटी की सुरक्षा के लिए झारखंड में भाजपा की सरकार बनाना जरुरी है। कांग्रेस-झामुमो की गठबंधन सरकार को तुरंत नहीं हटाया गया तो आने वाले कुछ वर्षों में हिन्दुओं और आदिवासियों की आबादी बहुसंख्यक से अल्पसंख्यक में बदल जाएगी। इसलिए भाजपा को विजयी बना कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों को मजबूत करें।



जन संपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू।

## ब्रह्मर्षि समाज शिक्षित, ईमानदार और कर्मठ उम्मीदवार का करे चयन : उपेंद्र

■ किसी को फतवा जारी करने का अधिकार नहीं : अशोक चौधरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** ब्रह्मर्षि समाज की आपात बैठक मंगलवार को गोलमुरी क्लब में आयोजित की गई। बैठक में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। मीडिया को संबोधित करते हुए अशोक चौधरी ने कहा कि कोई संस्था किसी समाज का ठेकेदार कैसे हो सकता हैञ उन्होंने कहा कि ब्रह्मर्षि समाज बुद्धिजीवी समाज है और वह अपना भला बुरा बेहतर समझ सकता है। समाज के लोग अपने विवेक से शिक्षित,ईमानदार और जमशेदपुर का विकास करने वाले उम्मीदवार को चयन करेंगे। ब्रह्मर्षि समाज हमेशा जमशेदपुर के विकास में अपना योगदान देते रहा है। इसबार भी समाज के लोग सुयोग्य एवं कर्मठ उम्मीदवार का ही चयन करेंगे। किसी के फतवा जारी करने से समाज के लोगों पर कोई असर पड़ने वाला नहीं और किसी को फतवा जारी करने का अधिकार भी नहीं।



बैठक में शामिल उपेंद्र शर्मा, अशोक चौधरी व अन्य ब्रह्मर्षि।

## परिवारवाद को आखिरी चोट देने का अंतिम मौका बूथ एजेंटों को धमका रहे विरोधी : शिवशंकर सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विस क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार शिव शंकर सिंह ने चुनाव में भारी जनसमर्थन मिलने का दावा किया है। मंगलवार को घर घर जनसंपर्क के दौरान अपने सभी मतदाताओं से अपने पक्ष में वोट करने की अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव परिवारवाद से बाहर निकलने का आखिरी मौका है, इसलिए बुधवार को वोट करते समय यह जरूर याद रखें कि कैसे मतदाताओं पर परिवारवाद को थोपने का प्रयास किया गया। इसलिए परिवारवाद को आखिरी चोट देने के लिए अपने सभी सगे संबंधियों के साथ भारी संख्या में गैस चूल्हा छाप पर वोट करें। गैस चूल्हा को पड़ा एक एक वोट जमशेदपुर पूर्वी के घर घर में सुख-समृद्धि को लाने में मददगार साबित होगा। कहा कि पहली बार और निर्दलीय चुनाव लड़ने के बावजूद उन्हें अपनी जीत का पूरा भरोसा है।

**जमशेदपुर पूर्व विस क्षेत्र**

■ पोस्टर फाड़ने और झंडा उतारने की शिकायत पहुंची चुनाव आयोग



## जुगसलाई विस क्षेत्र में केला छाप पर बटन दबायें, एनडीए की सरकार बनेगी : सहिस

■ रामचंद्र सहिस ने लोगो से किया जनसंपर्क, बूथ प्रभारी और चूल्हा प्रमुख से करते रहे संवाद

■ कहा-आजसू सह एनडीए की जीत से राज्य को भ्रष्टाचार और अपराध खत्म होगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** मंगलवार को हर दिन की भांति चुनावी सरगर्मी से उतर पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने लोगो से करते रहे जनसंपर्क बूथ प्रभारियों और चूल्हा प्रमुख से संवाद स्थापित कर चुनावी रणनीति तैयार सभी को अपने अपने बूथ जितने का संकल्प दिलाते हुए एनडीए को मजबूत करने का दावा किए। साथ ही श्री सहिस ने यह भी कहा कि वर्तमान सरकार महिलाओ के प्रति कितनी संवेदनशील है यह चुनाव में दिखने को मिल रहा है। एक तरफ आजसू पार्टी के लोग चूल्हा प्रमुख को चूल्हा दीदी और सहिया सेविका दीदी या बहन कहके उनके अधिकार और सम्मान की बात करते है तो दूसरे तरफ लोग महिलाओं के चरित्र हरण करने में मशगूल हैं। एक तरफ आजसू पार्टी युवाओं को शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया है और उसके लिए हर संभव प्रयास के रहे है तो दूसरी तरफ वर्तमान सरकार युवाओं से मुर्गी पालन जैसे धंधा कराकर रोजगार के नाम पर कलंकित करते है और क्षेत्र के अधिकतर माताएं बहने विधवा पेंशन और वृद्धा पेंशन के साथ साथ सरकारी सुविधा से वंचित कर दिया है । लेकिन मईया योजना के नाम का प्रचार प्रसार में करोड़ों रुपया लगाकर जनता के पैसे का चुना लगा रहे हैं।

सहिस ने सभी बूथ प्रभारियों से कहा कि आप अपना बूथ जीतिए पार्टी चुनाव जीतेगी और आपकी जीत इस राज्य की दशा और दिशा तय करेगी। एक शिक्षित समझदार प्रत्यासी जो इस राज्य के किसी विभाग का दायित्व निभाएंगे तो दूसरी तरफ ऐसे प्रत्यासी है जो जमीन की दलाली, शराब और जुआ अड्डा से मोटी पैसा वसूली करता है युवाओं का नशेड़ी बना कर उन्हें इस्तेमाल करता है। क्षेत्र में जात-पात, उच्च-नीच करके लोगों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास करता है लेकिन जुगसलाई विधानसभा की जनता नासमझ नहीं है बल्कि अपने सूझ बुझ से इस क्षेत्र में मतदान करेगी।



अपने आवास पर चुल्हा प्रमुखों से संवाद करते आजसू सह एनडीए प्रत्याशी रामचंद्र सहिस।

## एक नजर में

### डुमरिया के मानकी मुंडा विवेक के आधार पर करेंगे मतदान : रोशन पूर्ति




**डुमरिया।** डुमरिया प्रखंड के हो समाज मानकी मुंड़ा की एक बैठक मानकी मुंडा के जिलाध्यक्ष रोशन पूर्ति की अध्यक्षता में सोमवार को नरसिंहबहाल सामरदापा में सम्पन्न हुआ। बैठक में हो समाज के तमाम मानकी मुड़ा शामिल हुए . बैठक में रोशन पूर्ति ने कहा कि रविवार को नुदाईडीह में हो समाज के कुछ लोगों द्वारा बैठक कर यह घोषणा किया था कि हो समाज संजीव सरदार का समर्थन करेगा। इस घोषणा का हो समाज विरोध करता है। डुमरिया हो समाज संजीव सरदार का समर्थन नहीं करता हैं। हो समाज के मानकी मुंडा द्वारा बैठक कर निर्णय लिया हैं कि हो भाषा के बारांग क्षिति को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का ठोस पहल करेगा इस बार हो समाज उसी का साथ स्व विवेक से देगा। हो समाज संजीव सरदार का समर्थन नहीं दे रहा हैं। यह मानकी मुंडा हो समाज डुमरिया प्रखंड का निर्णय हैं। कुछ लोगों द्वारा संजीव सरदार को पूरे हो समाज का समर्थन देने का दुष्प्रचार किया गयाद्व। डुमरिया प्रखंड के पूरा हो समाज उसका विरोध करता हैं। हो समाज का अपना अस्तित्व हैं। उस बैठक में जो भी बात कही गई वो निराधार व भ्रामक हैं .वह कुछ लोगों नीजी राय हो सकता हैं। यह पूरे हो समाज का निर्णय नहीं हैं। मौके पर सूरा पूर्ति, कविराज सुंडी, भगवान विरूआ, राहुल सिंह बांडरा, बुधराम पाड़िया, विष्णु विरूली, रघुनाथ हेम्ब्रम, भगवान बिरूआ, रघुनाथ हेम्ब्रम, लखन देवगम, विजय सिंह पाड़िया, कोलाई पूर्ति, जामादार सिंकु, सोंड़ा पाडिया,काटे तापे, जानुम सिह सोय के अलावे कई मानकी मुंड़ा उपस्थित थे।

### दक्षिण भारतीय समाज का समर्थन कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता को : जम्मी भास्कर

**जमशेदपुर।** आगामी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर जमशेदपुर में दक्षिण भारतीय समाज ने अपने राजनीतिक समर्थन को स्पष्ट कर दिया है। आंध्र भक्त श्री राम मन्दिरम के कार्यकारी अध्यक्ष, जम्मी भास्कर ने बताया कि जमशेदपुर के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, तमिलनाडु, कर्नाटक और केरल से संबंध रखने वाले समुदायों ने एकमत से कांग्रेस प्रत्याशी बन्ना गुप्ता को समर्थन देने का निर्णय लिया है। श्री भास्कर ने कहा कि बन्ना गुप्ता ने जमशेदपुर में विकास और समृद्धि के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिससे यहां के दक्षिण भारतीय समुदायों को लाभ हुआ है। उन्होंने कहा, श्हमने देखा है कि श्री गुप्ता ने न केवल शहर के समग्र विकास के लिए कार्य किया है, बल्कि समाज के हर वर्ग के सुख-दुख में भी शामिल रहे हैं। उनके द्वारा पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र में किए गए विकासात्मक कार्य प्रशंसनीय हैं। यही कारण है कि हम सभी ने एकजुट होकर हाथ छाप पर वोट देने का निर्णय लिया है। दक्षिण भारतीय समाजों का यह सामूहिक समर्थन जमशेदपुर के राजनीति परिदृश्य को नए आयाम देने की ओर इंगित कर रहा है। जमशेदपुर में तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयाली समुदायों की संगठित संख्या और उनकी एकजुटता हमेशा से ही महत्वपूर्ण रही है। श्री भास्कर ने बताया कि यह निर्णय सभी दक्षिण भारतीय समाज के संस्थाओं के आपसी विचार-विमर्श और सामूहिक सहमति से लिया गया है। उन्होंने कहा, यह समय हमारे समाजों के बेहतर भविष्य और विकास के लिए एकता दिखाने का है। हमने इस समर्थन के माध्यम से अपनी आवाज को मजबूत करने का प्रयास किया है। इस कदम के पीछे एक और महत्वपूर्ण कारण यह है कि बन्ना गुप्ता ने दक्षिण भारतीय समाज की सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं को समझा और उन्हें प्रोत्साहित किया। चाहे वह मंदिरों के पुनर्निर्माण की बात हो, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की सहायता हो या फिर शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत मुद्दों पर समर्थन हो, श्री गुप्ता का सहयोग हमेशा सराहनीय रहा है। श्री जम्मी भास्कर ने विश्वास जताया कि इस सामूहिक समर्थन से बन्ना गुप्ता की जीत सुनिश्चित होगी और जमशेदपुर का विकास और तेजी से आगे बढ़ेगा। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अपील की कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा लेकर अपनी जिम्मेदारी निभाएं और जमशेदपुर के भविष्य को उज्ज्वल बनाने में अपना योगदान दें।

### श्री रामचरित मानस अखंड संपूर्ण पाठ शुरू



**जमशेदपुर।** प्रात: 10 बजे पंडित परशुराम पांडे ने पूजा अर्चना के साथ श्री रामचरितमानस अखंड संपूर्ण पाठ प्रारंभ किया। पूजा में मुरारी लाल अग्रवाल उसकी पत्नी ने किया। पाठ प्रारंभ योगेंद्र चौधरी, राम आशीष लाल, अक्षर लाल मिश्रा, मनोज मिश्रा, संतोष सिंह, शैलेश ठाकुर ने प्रारंभ किया। मुरारी लाल अग्रवाल ने बताया कि कल संध्या 6 :30 बजे उनावती के कार्यक्रम एवं वितरण का कार्यक्रम भक्तों के बीच करने का अवसर मिला है। हमारे यहां विगत 1983 से श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष में हर साल होते आ रहा है। 42 वर्ष हो चुकी है आगे बाबा की कृपा रहा तो फिर होगा या मैं आशा करता हूं।

### आइएमए के डॉक्टर शत प्रतिशत करेंगे मतदान

**जमशेदपुर।** आइएमए जमशेदपुर ने अपने सदस्यों से आग्रह किया कि 13 को पहले मतदान करें,तब जलपान करें। अध्यक्ष डा जीसी माझी और सचिव डा सौरव चौधरी ने यहां जारी संयुक्त बयान में कहा कि जमशेदपुर अपने सभी मेंबर्स से आग्रह करता है कि १३ नवंबर को मतदान में हिस्सा लेकर सामाजिक हित में अपने कर्तव्य को निभाए। हमने अपनी फ्रेटरनिटी का 100 परसेंट मतदान का लक्ष्य तय किया है।

# आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दरभंगा एम्स का करेंगे शिलान्यास

## लंबी है एआइआइएमएस अस्पताल के संघर्षों की कहानी

एजेंसी

**पटना।** 13 नवंबर को बिहार के लिए बड़ा दिन होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार वासियों को दूसरे एम्स का तोहफा देंगे। दरभंगा के शोभन बाईपास के पास बलिया मौजे के पंचोभ में बिहार के दूसरे एम्स का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिलान्यास करेंगे। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे। करीब एक दशक के संघर्ष के बाद दरभंगा में एम्स का शिलान्यास बुधवार को होने वाला है।

**दरभंगा एम्स के संघर्ष की कहानी :** बिहार में दूसरे एम्स के निर्माण की घोषणा नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल की सरकार में की गई थी। नरेंद्र मोदी की सरकार के पहले कार्यकाल 2015-16 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने दरभंगा में नए एम्स के निर्माण की घोषणा की थी। 2 वर्षों के बाद केंद्र की सरकार ने दरभंगा में एम्स बनाने के लिए बिहार सरकार से फोरलेन कनेक्टिविटी के साथ करीब 200 एकड़ का दो-तीन विकल्प मांगा।

**8 साल केंद्र और राज्य के बीच अटका रहा मामला :** इसके अलावा यह शर्त रखी गई कि बिहार सरकार को यह जमीन केंद्र सरकार को मुफ्त में उपलब्ध करवानी पड़ेगी। इसके बाद 2019 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और बाद में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने भी दरभंगा में एम्स निर्माण को लेकर बिहार सरकार के साथ कई दौर की बातचीत की। 8 वर्षों में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के बीच केंद्र सरकार का एम्स के लिए बजट,




जगह का चयन, केंद्र और राज्य के बीच तकरार के कारण यह मामला अटका रहा।

**2019-20 में मिली थी स्वीकृति :** 19 सितंबर 2019 को नरेंद्र मोदी सरकार ने दरभंगा में एम्स बनाने की इजाजत दे दी थी। 3 नवंबर 2021 को बिहार सरकार ने जमीन दे दी थी। दरभंगा के उद्दउल्ठ को अपग्रेड कर एम्स बनाने की चर्चा हुई। लेकिन बिहार सरकार ने दरभंगा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (डीएमसीएच) के परिसर में 200 एकड़ जमीन चिह्नित की थी। डीएससीएच के उसी परिसर में एम्स बनाने का प्रस्ताव भेजा गया। जो जमीन बिहार सरकार ने प्रस्तावित किया था, वह दो खंडों में था। इसको लेकर संसय बना हुआ था। डीएमसीएच के मेडिकल ग्राउंड की ओर से मिट्टीकरण का काम भी शुरू हो गया था।

**सरकार बदली निर्माण स्थल बदला :** दरभंगा के शोभन बाईपास के नजदीक पंचोभ के बलिया मौजे में 187 एकड़ जमीन पर राज्य का दूसरा एम्स बनेगा। 2019-20 में दरभंगा में एम्स की स्वीकृति प्रदान की गई थी। लेकिन जब बिहार में महागठबंधन सरकार सत्ता में आई, तो उन्होंने 2023 में स्थान बदल दिया। पहले दरभंगा के अशोक पेपर मिल परिसर में एम्स बनने की चर्चा हुई। फिर बाद में महागठबंधन की सरकार ने दरभंगा के शोभन एकमी बाईपास के पास पंचोभ स्थित बलिया मौजे में नए एम्स का स्थल चयन किया।

**केंद्र-बिहार सरकार के बीच तनातनी :** महागठबंधन सरकार के द्वारा चयनित एम्स के नए स्थल को लेकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के बीच तनातनी बढ़ गई। 26 में 2023 को केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण का बिहार सरकार को एक पत्र मिला। केंद्र सरकार ने लोलैंड एरिया बढ़ाकर इस जगह को अस्वीकृत कर दिया। लेकिन बिहार की सरकार लगातार यह कहती रही की फोरलेन से कनेक्ट यह जगह एम्स के लिए सबसे उपयुक्त होगा।

**309 करोड़ रुपए से मिट्टी भराई :** बिहार सरकार ने दरभंगा बाईपास को फोरलेन बनाने की स्वीकृत प्रदान कर दी। इसके अलावा बिहार सरकार ने एम्स के चयनित स्थल के मिट्टी भराई के लिए 309 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की। बिहार सरकार ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि केंद्र की सरकार बिहार में दूसरा एम्स नहीं बनना चाह रही है।

# प्रमंडलीय आयुक्त ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

## मतदाताओं से की मतदान करने की अपील



निरीक्षण करते प्रमंडलीय आयुक्त व डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने मंगलवार को जिले के श्री सद्गुरु जगजीत सिंह नामधारी महाविद्यालय स्थित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 80-गढ़वा एवं 81-भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केन्दों पर मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए ईवीएम, वीवीपैट एवं अन्य सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ मतदान केंद्रों पर भेजे जा रहे मतदान कर्मियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मतदान कर्मियों से सीधा बातचीत की और उनके उत्साह की सराहना भी की। उन्होंने मतदान कर्मियों की सुविधा के लिए डिस्पैच सेंटर पर बने विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया और डिस्पैच प्रक्रिया की पूरी जानकारी ली। साथ ही निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप डिस्पैच प्रक्रिया पूर्ण कराने का निर्देश दिया। प्रमंडलीय आयुक्त ने सभी मतदानकर्मियों का उत्साहवर्ान करते हुए निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप निर्भिकता के साथ स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान कराने का निर्देश देते हुए शुभकामनाएं दी। आयुक्त ने पलामू प्रमंडल के सभी विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से भी अपील किया कि 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महती भूमिका निभाएं। उन्होंने सभी मतदाताओं से उत्सवी माहौल में सपरिवार मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान करने की अपील की। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा, गढ़वा के एसडीओ सह 80 गढ़वा के निर्वाची पदाधिकारी संजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नमामी गंगे के द्वारा 30 महिला को दिया गया सिलाई प्रशिक्षण

**पश्चिम चंपारण(बगहा)।** भारतीय वन्य जीव संस्थान नमामि गंगे के द्वारा गंगा नदी के बेसिन में जलीय जीवों के समुदाय आधारित संरक्षण एवं परिस्थितिकिए सेवाओं के रखरखाव के लिए नियोजन एवं प्रबंधन के तहत 30 महिला एवं युवतियों को रोजगार मुहैया कराने एवं आत्म स्वालंबी बनाने के उद्देश्य से12 जुलाई 24 से 13 अक्टूबर 2024 (तीन माह) तक सिलाई प्रशिक्षण वाल्मीकिनगर के शिवपुरी मुहल्ला में मंगलवार की दोपहर उन्हें प्रमाण-पत्र दिया गया। इस सन्दर्भ में फील्ड अस्सिटेंट होसिल कुमार ने बताया कि रोजगार सृजन हेतु गंगा नदी के सहायक गंड़क नदी आदि के किनारे बसे महिलाओं और युवतियों को जलीय जीवों के संरक्षण हेतु जागरूक करने की दिशा में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण दिया गया है।इन्हें जलीय जीवों के बारे में उनके संरक्षण की दिशा में जागरूक किया गया है। महिलाओं व यूवतियों को प्रशिक्षण प्रशिक्षक सीमा देवी के द्वारा दिया गया है। प्रशिक्षित महिलाओं को पंचायत के मुखिया पन्नालाल साह, बीडीसी प्रतिनिधि प्रेम कुमार, वार्ड सदस्य उदय कुमार, के अलावा नमामि गंगे संस्था के फिल्ड असिस्टेंट होसिल कुमार, सहायक क्षेत्र रक्षक हिमांशु के द्वारा प्रशिक्षित महिलाओं व युवतियों के बीच प्रमाण- पत्र वितरण किया गया।इस अवसर पर योगेन्द्र कुमार के अलावा कई ग्रामीण उपस्थित रहें।

# मतदान कर्मी सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ मतदान केंद्रों पर रवाना

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश





मतदान केंद्र के लिए रवाना होते कर्मी व डिस्पैच सेंटर पर डीसी व अन्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** जिला अंतर्गत विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 80-गढ़वा एवं 81-भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों पर मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर से सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ सभी मतदान पदाधिकारी (पीठासीन, प्रथम मतदान पदाधिकारी, द्वितीय मतदान पदाधिकारी एवं तृतीय मतदान पदाधिकारी), सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने-अपने निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। सभी डिस्पैच संबंधी प्रक्रिया जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पांडेय की उपस्थिति में निर्वाचन आयोग के एसओपी का अनुपालन करते हुए पोलिंग पार्टी डिस्पैच प्रक्रिया को सम्पन्न कराया गया। इस दौरान पार्टी मिलान करते हुए सभी मतदान कर्मियों को मतदान के लिए ईवीएम वीवीपीएटी समेत अन्य सभी आवश्यक सामग्री मुहैया कराई गई एवं वाहन के माध्यम से सभी को निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए भेजा गया। मतदान कर्मियों की सुविधा के लिए डिस्पैच सेंटर पर विभिन्न काउंटर अधिष्ठापित किए गए थे। जिनमें कार्मिक कोषांग फैसिलिटेशन सेंटर, हेल्पडेस्क, मेटेरियल कोषांग, ईवीएम कोषांग, चिकित्सा दल आदि। एसएसजेएस नामधारी कॉलेज में बनाये गये डिस्पैच सेंटर का एवं सभी मतदान कर्मियों को डिस्पैच करने आदि संबंधी कार्यों का पलामू प्रमंडल आयुक्त बालकिशुन मुंडा ने भी जायजा लिया। ज्ञात हो कि 13 नवम्बर को गढ़वा जिला अंतर्गत मतदान संपन्न कराया जाना है, जिसकी सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। गढ़वा-80 एवं भवनाथपुर-81 को लेकर एसएसजेएस नामधारी कॉलेज गढ़वा में बने डिस्पैच सेंटर से मतदान कर्मियों को अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना करने से पूर्व जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी एवं एसपी ने मतदान दलों को आवश्यक दिशा निर्देश किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी से मतदान प्रक्रिया को निर्वाचन आयोग के निहित निर्देशों के अंतर्गत पूर्ण सतर्कता व सावधानी से सम्पन्न कराने की बात कही। साथ ही सभी को अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों में ही ठहरने की बात कही। विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए गढ़वा जिले के विधानसभा क्षेत्र 80-गढ़वा एवं 81-भवनाथपुर के लिए रिसीविंग सेंटर कृषि उत्पादन बाजार सामिति गढ़वा में बनाया गया है। मतदान समाप्ति के पश्चात ईवीएम को उक्त रिसीविंग सेंटर में जमा कराने को लेकर निर्देशित किया गया। एसपी ने सभी सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को अपने गंतव्य स्थल (मतदान केंद्रों) पर अपने-अपने पोलिंग पार्टी के साथ जाकर पूरी सतर्कता से कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गयें हैं। मतदान कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी, एसपी एवं अन्य पदाधिकारियों ने सभी मतदान पदाधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को शुभकामनाएं दी।

# डीएम ने बेलवतिया में किया धान की क्रॉप कटिंग,उत्पादन की ली जानकारी

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पीपराकोठी प्रखंड के पंडितपुर पंचायत के बेलवतिया ग्राम में किसान दुर्गा सिंह के प्लॉट नम्बर 149 पर मंगलवार को धान फसल का क्रॉप कटिंग डीएम ने किया।

धान की वेरायटी राजेंद्र मंसूरी है। क्रॉप कटिंग प्रयोग के लिए 10 गुना 5 मीटर प्लॉट का चयन किया गया था, जिसमें 34.6 किलोग्राम धान प्राप्त किया गया। फसल कटनी प्रयोग के सूत्र के अनुसार अवशेष पदार्थ एवं नमी को छांटकर कर प्रति हेक्टेयर 60.10 क्विंटल की उपज का आंकलन किया गया। किसान दुर्गा सिंह ने बताया कि खेती के दौरान उनके द्वारा डीएसपी, यूरिया, जिंक एवं पोटाश का सही मात्रा में उपयोग किया गया है। मौके पर उपस्थिति किसानों द्वारा धान की सीधी बुआई के साथ ही रबी मौसम के फसल जैसे गेहूं, मसूर, सरसो इत्यादि की जीरोटिलेज मशीन से बुआई की जानकारी तथा गांव में लेजर लैंड लेवलर मशीन से खेत का समतलीकरण के बारे बताया गया।



# युवक ने की घर में फांसी लगाकर आत्महत्या



मृतक ओम प्रकाश विश्वकर्मा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरडीहा।** थाना अंतर्गत ग्राम ओबरा निवासी रामजी विश्वकर्मा के 22 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश विश्वकर्मा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार की रात ओम प्रकाश खाना खाकर अपने रुम में सोने चला गया। जिसके बाद घर के बाकी लोग भी अपने अपने रुम में सोने चले गये। सुबह लगभग 8 बजे तक घर से नहीं निकलने पर उसकी मां जगाने गई तो देखा कि बेटा फांसी पर लटका है और उसका मौत हो चुका है। इसकी जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और घटना के संबां में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने शव को अपने कब्जे लेकर पोस्टमार्टम करवाया। जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश मामूली रूप से मानसिक रूप से पीड़ित था। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी ने बताया कि ओमप्रकाश विश्वकर्मा अपने मिट्टी के घर में साड़ी के सहारे फांसी लगाया था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना के संबंध में जांच की जा रही है।

# आपकी एक भूल गढ़वा को पांच वर्ष पीछे धकेल देगी : मिथिलेश

## मंत्री मिथिलेश ने किया डोर-टू-डोर जनसंपर्क, की वोट देने की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संसति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री गढ़वा विस क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंगलवार को गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाया। मंत्री श्री ठाकुर ने घर-घर जाकर मतदाताओं से अपने चुनाव चिन्ह तीर-धनुष छाप पर वोट देने की अपील की। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा वासियों ने वर्ष 2019 में उन्हें जिस उम्मीद के साथ अपना आशीर्वाद दिया था, उस पर उन्होंने पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास किया। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के लोगों के आशीर्वाद से आज गढ़वा के चप्पे-चप्पे में विकास की किरण झलक रही है। उन्होंने कहा कि अभी भी गढ़वा को विकसित जिला बनाने का कार्य अधूरा है। इसे पूरा करने एवं गढ़वा के विकास के गाड़ी को और आगे बढ़ाने के लिए सभी लोग पुनः उन्हें भारी मतों से जीतायें। ताकि शेष बचे कार्य को भी पूरा किया जा सके। उन्होंने कहा कि गढ़वा के लोगों से मिले प्यार और आशीर्वाद का मैं आजीवन ऋणी रहूंगा। मैं हमेशा जनता के हर सुख - दुख में साथ खड़ा रहूंगा। मंत्री ने कहा कि आप सभी सोच समझ कर अपने क्षेत्र का बेहतर विकास के लिए एव हमेशा आपके बीच उपलब्ध रहने वाला जनप्रतिनिधि का चयन करें। आपकी एक छोटी सी भी भूल गढ़वा को पांच वर्ष पीछे िकेल देगी। अपने क्षेत्र, अपना जिला, एवं अपने राज्य को आगे बढ़ाने एवं अपना आिकार प्राप्त करने के लिए किसी के बहकावे में आकर एवं भावना में बहकर मतदान नहीं करें। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज के गढ़वा एवं पांच वर्ष पूर्व के गढ़वा में तुलना करें उसके बाद तीर-धनुष छाप पर बटन दबायें। साथ ही मंत्री श्री ठाकुर ने सभी मतदाताओं से निश्चित रूप से मतदान करने की अपील की।



डोर-टू-डोर जनसंपर्क करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर

## खबर एक नजर में

### सेक्टॉर्शन मामले के आरोपित ने कोर्ट में किया सरेंडर

**किशनगंज।** सेक्टॉर्शन मामले में फरार आरोपित नकी अनवर ने कोर्ट में सरेंडर किया है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने कहा कि मामले में शामिल सभी आरोपित जेल में हैं। सेक्स स्कैंडल कांड में फरार चल रही एक महिला एवं एक पुरूष आरोपित ने पूर्व में ही न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। बहादुरगंज देशियाटोली निवासी आरोपी असगर व धनपुरा कोचाधामन निवासी नाजमीन ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। इस कांड की आरोपित रोशनी परवीन को पुलिस ने पूर्व में ही रामपुर चेक पोस्ट के पास से गिरफ्तार किया था। इस कांड के आरोपी कोचाधामन सोन्था निवासी फरहान को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका हैं।

### 15 वर्षीय लड़की का अपहरण, छह के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज

**अररिया।** सुपौल जिला के राजेश्वरी थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 06 निवासी 51 वर्षीय एक पिता ने अपनी 15 वर्षीय बेटी के अपहरण की शिकायत फारबिसगंज थाना में दर्ज कराई है,जिसमे उन्होंने छह लोगों पर बेटी के अपहरण का षडयंत्र रचते हुए अपहरण करने का आरोप लगाया है।थाना में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार,शिकायतकर्ता की बेटी 26 अक्टूबर को अपने ननिहाल पूजा को लेकर आई थी। आवेदन के अनुसार, 6 नवंबर की सुबह उनकी बेटी को रानीगंज थाना क्षेत्र के मोढ़ा वार्ड संख्या एक निवासी 24 वर्षीय गोपाल कुमार सिंह ने अन्य साथियों के साथ मिलकर अपहरण कर लिया। आरोप है कि गोपाल के साथ 30 वर्षीय मनमोहन कुमार सिंह , 26 वर्षीय मुकेश कुमार सिंह,22 वर्षीय बालदेव कुमार सिंह,20 वर्षीय सूरज कुमार सिंह और 50 वर्षीय शिवजी सिंह पर अपहरण की साजिश रचने और गायब करने का आरोप लगाया है।आरोपियों के द्वारा मामले में धमकी दिए जाने का भी आरोप प्राथमिकी में लगाया गया है।बाहर रहने के कारण देर से एफआईआर करवाने की बात पीड़ित पिता ने की। फिलहाल पुलिस ने फारबिसगंज थाना प्राथमिकी कांड संख्या 680/24 दिनांक 11.11.24 विभिन्न भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### युवक ने तेल छिड़क कर खुद को लगाया आग, कराया जा रहा इलाज

**पूर्णिया।** एक युवक ने अपने पूरे शरीर पर तेल छीड़ कर खुद को आग लगा दी और एक बर्तन दुकान के अंदर घुस गया। यह दृश्य देख वहां खड़े लोगों में भगदड़ मच गयी। आनन फानन में आग लगाये युवक की पत्नी और अन्य लोगों ने आग को पूरी तरह बुझा दिया। घटना मंगलवार की शाम 6.22 बजे सहायक खजांची थाना क्षेत्र के भट्ठा बाजार स्थित झंडा चौक पर हुई। आग से झुलसे युवक को डायल 112 मोटरसाइकिल पुलिस ने इलाज के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया है। युवक का नाम गौरव साह बताया गया है। युवक की पत्नी ने बताया कि पति का घर फारबिसग्रज है। पूर्णिया शहर के श्रीनगर हाता में वे दोनों किराये के घर में रहे थे। उसका पति मानसिक रूप से बीमार चल रहा है. वर्तमान में डॉक्टर से उसका इलाज हो रहा है। महिला ने बतायाकि उसका मायका स्थानीय सुदीन चौक के पास है। वह प्राइवेट शिक्षका है जबकि उसका पति रसोई गैस एजेंसी में काम करता है। उसने बताया कि वह अपने पति के साथ झंडा चौक पर थी। उसके पति अपने शरीर पर मिट्टी का तेल छिड़ककर खुद को आग लगा लिया और अपने मामा के बर्तन दुकान में घुस गया।

### 84 नये एवं 108 पुराने दिव्यांगों की हुई जांच, मिलेगा एटीएम जैसा कार्ड

**पूर्णिया।** मुख्यालय स्थित फैसिलिटी भवन में दिव्यांगों की जांच के लिए मंगलवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया । इसमें चार विशेषज्ञ दिव्यांगों की जांच के लिए पहुंचे थे। इस शिविर में कुल 192 दिव्यांगों की जांच की गई जिसमें 84 नये एवं 108 पुराने दिव्यांगों की जांच हुई। मौके पर चिकित्सा प्रभारी डॉ नीरज कुमार ने बताया कि सरकार के आदेश पर मुख्यालय में दिव्यांगों की जांच के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया था । इसमें पूर्णिया से अथोर्पेडिक विशेषज्ञ डॉ सुदीप गायनील, इएनटी विशेषज्ञ डॉ अनवर कबीर, बच्चा रोग विशेषज्ञ वसंत सहनी, टेक्नीशियन प्रीती कुमारी पहुंची थीं। इनके द्वारा 192 दिव्यांगों की जांच की गई, जिसमें 84 नये एवं 108 पुराने दिव्यांग थे । उन्होंने बताया कि सरकार अब जो भी लाभ देगी, वह कार्ड पर ही मिलेगा, जो एटीएम की तरह होगा । उसी में रोगी का सारा डाटा रहेगा । उसी के आधार पर अब सभी को सरकार लाभ देगी । पुराने दिव्यांगों के पास जो दिव्यांग कागज वाला कार्ड पहले दिये गए थे, उसे जमा ले लिया गया है, उन्हें भी अब एटीएम की तरह कार्ड मिलेगा ।

### एक दिन पहले गायब मजदूर का पानी में मिला शव

**पूर्णिया।** अमौर थाना क्षेत्र अंतर्गत मझवाहाट पंचायत के तिरुपति बालाजी अर्थ वर्क प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के द्वारा निर्माणधीन भौकरी पुल का कार्य चल रहा है। मंगलवार को निर्माणधीन पुल के नीचे उसी पुल के निर्माण में कार्य करने वाले मजदूर का पानी में तैरता हुआ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। शव की पहचान सिवान जिला के रामनगर निवासी पारस प्रसाद के 51 वर्षीय पुत्र कृष्ण प्रसाद के रूप में हुआ है। जानकारी देते हुए मिस्त्री राजदेव पटेल एवं मुंशी रंजन मिश्रा ने बताया कि कृष्ण प्रसाद सिवान जिला के रामनगर गांव का निवासी है इस भौंकड़ी निमार्णाधीन पुल में अप्रैल से ही कार्य कर रहे हैं ।बीच में बाढ़ का पानी आ जाने से 3 महीना से कार्य बंद था। 21 अक्टूबर को पुनः सभी लोग कार्य करने के लिए भौकरी निमार्णाधीन पुल पर आए हुए थे और 22 अक्टूबर से सभी कार्य कर रहे थे। वही कभी-कभी वह छुट्टी कर इधर-उधर घूमने जाते थे और शाम तक आ जाते थे। लेकिन सोमवार को दिन के 11:00 बजे छुट्टी कर वह साइट से गायब हो गए। जब देर शाम तक नहीं लौटे तो अगल-बगल काफी खोजबीन किया गया।लेकिन इसका पता नहीं चल पाया। वहीं मंगलवार को सुबह पता नहीं चलने पर अमौर थाना में उसकी लापता होने को सूचना दी गई । बाद में सूचना मिली की पुल के नीचे गड्ढे में पानी में तैरता हुआ शव दिख रहा है।कपड़े से उनकी पहचान की गई। अमौर पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

### महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर ने कानून को हाथ में लेकर की महिला की पिटाई

**डेहरी आन सोन।** रोहतास जिले के सासाराम नगर थाना की एक महिला एसआई ने घर में रह रही महिला पर ताबड़तोड़ हाथ से पिटाई की। महिला बिना अपराध किए पिटाई का विरोध करती है तो वदीर्धारी महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर और थप्पड़ से मार असंसदीय भाषा का भी प्रयोग करती हैं। मारपीट की वीडियो सासाराम नगर थाना में पदस्थापित महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर की बताई जाती है । हिंदुस्तान समाचार इस वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। प्रसारित वीडियो की जांच के लिए एसपी रौशन कुमार ने सासाराम एक के एसडीपीओ दिलीप कुमार को जवाबदेही सौंपी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात वरीय पुलिस अधिकारियों द्वारा की जाएगी। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित वीडियो में दिखाया गया है कि सासाराम नगर थाना क्षेत्र के गौरक्षणी मोहल्ला एक घर में महिला पुलिस सब इंस्पेक्टर के द्वारा जांच के दौरान आरोपित के बारे में जानकारी मांगते ही वहां उपस्थित महिला की बाल पकड़ थप्पड़ से पिटाई की जा रही है। यह वीडियो 11 नवंबर का बताया जा रहा है। वीडियो में दिख रही महिला दारोगा सासाराम के नगर थाना में पदस्थापित है। महिला दारोगा के बगल में खड़ा एक पुरुष भी नगर थाना में ही पदस्थापित है।

# आरक्षण से चिढ़ती है कांग्रेस : मोदी

## शाही परिवार ने दलितों, पिछड़े और आदिवासियों को कभी आगे नहीं बढ़ने दिया

**1980 के दशक में एक विज्ञापन प्रकाशित कर दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को अधिकारों पर सवाल उठाये गये थे**



**एजेंसी**

**चिमूर (महाराष्ट्र)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि कांग्रेस आरक्षण से चिढ़ती है और उसके शाही परिवार की हमेशा से मानसिकता रही है कि उसका जन्म देश पर शासन करने के लिए ही हुआ है। महाराष्ट्र में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले चिमूर में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि यही कारण है कि आजादी के बाद कांग्रेस ने दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को कभी प्रगति नहीं करने दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरक्षण से चिढ़ती है। 1980 के दशक में राजीव गांधी के नेतृत्व में पार्टी द्वारा एक विज्ञापन प्रकाशित कर दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को मिले विशेष अधिकारों पर सवाल उठाए गए थे। मोदी ने कहा कि यह पुराना विज्ञापन सोशल मीडिया पर साझा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने दावा कि यहां भारी भीड़ दिखाती है कि भाजपा नीत महायुति महाराष्ट्र में भारी बहुमत के साथ सत्ता में बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि देश में आदिवासी समाज की जनसंख्या करीब 10 प्रतिशत के आसपास है और कांग्रेस अब आदिवासी समाज को जातियों में बांटकर कमजोर करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि हमारे आदिवासी भाई एसटी के रूप में अपनी पहचान खो दें, उनकी ताकत से उनकी जो पहचान बनी है, वह बिखर जाए। आपकी एकता टूट जाए, ये कांग्रेस का खतरनाक खेल है।

### षडयंत्र का शिकार नहीं बने, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे विदेश में जाकर खुद ये ऐलान कर चुके हैं। इसलिए मैं कहता हूं कि हमें कांग्रेस के इस षड्यंत्र का शिकार नहीं होना है, हमें एकजुट रहना है। इसलिए मेरा आपसे आग्रह है। हम एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। उन्होंने कहा कि अगर आप एक नहीं रहे, आपकी एकजुटता टूटी तो सबसे पहले कांग्रेस आपका आरक्षण छीन लेगी। कांग्रेस के शाही परिवार की हमेशा से मानसिकता रही है कि वह इस देश पर राज करने के लिए ही पैदा हुआ है। आजादी के बाद इसलिए ही कांग्रेस ने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को आगे नहीं बढ़ने दिया। कांग्रेस आरक्षण से चिढ़ती है।

### महाविकास अघाड़ी के नेता भ्रष्टाचार के सबसे बड़े खिलाड़ी

प्रधानमंत्री ने महाविकास आघाड़ी के नेता भ्रष्टाचार के सबसे बड़े खिलाड़ी हैं। विकास कार्यों को रोकने में इन लोगों ने डबल पीएचडी हासिल की है, जबकि महाराष्ट्र को समृद्ध बनाने के लिए एनडीए सरकार के माध्यम से कई योजनाएं बनाई हैं। मोदी ने महाराष्ट्र में डबल इंजन वाली एनडीए गठबंधन सरकार दोगुनी गति से काम करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा का संकल्प पत्र महाराष्ट्र के विकास की गारंटी बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में विदेशी निवेश बढ़ रहा है। राज्य भर में 1 दर्जन से अधिक वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। रेलवे लाइन का विस्तार किया जा रहा है। हवाई अड्डों की संख्या बढ़ाई जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए गठबंधन महाराष्ट्र के विकास के लिए काम कर रहा है, लेकिन महाविकास अघाड़ी के नेता विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। महाविकास अघाड़ी पर हमला बोलते हुए कहा कि इन लोगों ने मेट्रो, समृद्धि हाईवे, सीवर आदि विकास कार्यों को रोका। उनका काम किसी भी योजना को अटकाना, लटकाना और भटकाना है। महाविकास अघाड़ी के पास महाराष्ट्र के विकास की गुंजाइश नहीं है।

# संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है कांग्रेस : राहुल



मुंबई । कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गोंदिया में मंगलवार को एक चुनावी सभा में कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रही है। इस लड़ाई को कांग्रेस पार्टी हमेशा जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पर वादे पूरा न करने का झूठा आरोप लगाया जा रहा है, जबकि कांग्रेस ने जनता से किये वादे पूरे किये हैं। राहुल गांधी ने गोंदिया में महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों के लिए आयोजित चुनावी सभा में कहा कि देश के संविधान में भगवान बुद्ध, संत बसवेश्वर, महात्मा फुले, महात्मा गांधी, डॉ. अम्बेडकर, छत्रपति शिवाजी महाराज और तमाम संतों के विचार हैं। यह संविधान समानता, प्रेम, सभी धर्मों के सम्मान के बारे में है, लेकिन अगर यह लाल रंग का संविधान दिखाया जाता है तो इसकी आलोचना की जाती है। इस संविधान में कहीं भी लोगों को मारना, अन्याय करना, गरीबों और किसानों पर अत्याचार करना नहीं लिखा है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पर वादे पूरा न करने का झूठा आरोप लगाया जा रहा है, जबकि कांग्रेस ने जनता से किये वादे पूरे किये हैं। छत्तीसगढ़ में धान का 3 हजार रुपये मूल्य देने का वादा पूरा हुआ है। कर्नाटक में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा शुरू की गई है, महालक्ष्मी योजना भी शुरू की गई है। महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी की सरकार आई तो महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने 3000 रुपये जमा किए जाएंगे, किसानों के सोयाबीन, कपास, धान को बाजार में उचित दाम मिले, 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा, 4000 का युवा भत्ता दिलाने का प्रयास करेंगे।

### केंद्र ने सीआइएसएफ की पहली महिला बटालियन के गठन को दी मंजूरी



**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में पहली महिला बटालियन के गठन को मंजूरी दे दी है। सरकार के इस कदम का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और राष्ट्रीय सुरक्षा में उनकी भूमिका को बढ़ाना है। सीआईएसएफ ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में राष्ट्र की सेवा करने की इच्छा रखने वाली महिलाओं के लिए सीआईएसएफ एक पसंदीदा विकल्प रहा है, जो वर्तमान में बल का 7 प्रतिशत से अधिक है। एक महिला बटालियन के जुड़ने से देश भर में और अधिक महत्वाकांक्षी युवा महिलाओं को सीआईएसएफ में शामिल होने और राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह सीआईएसएफ में महिलाओं को एक नई पहचान देगा। सीआईएसएफ मुख्यालय ने नई बटालियन के मुख्यालय के लिए प्रारंभिक भर्ती, प्रशिक्षण और स्थान के चयन की तैयारी शुरू कर दी है। प्रशिक्षण विशेष रूप से एक उत्कृष्ट बटालियन बनाने के लिए डिजाइन किया जा रहा है, जो वीआईपी सुरक्षा, हवाई अड्डों और दिल्ली मेट्रो रेल की सुरक्षा में कमांडों के रूप में विविध भूमिका निभाने में सक्षम हो। 53वें सीआईएसएफ दिवस समारोह के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देश के अनुसरण में बल में सभी महिला बटालियनों के निर्माण का प्रस्ताव शुरू किया गया था।

## स्पीड न्यूज

### मॉरीशस में नवीन रामगुलाम की पार्टी की ऐतिहासिक जीत



पोर्ट लुइस। मॉरीशस के संसदीय चुनाव में लेबर पार्टी के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवीन रामगुलाम की ऐतिहासिक जीत हुई है। 10 नवंबर को हुए चुनाव में मौजूदा प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ की पार्टी सोशलिस्ट मूवमेंट का खाता भी नहीं खुल सका। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवीन रामगुलाम को जीत पर बधाई दी है। चुनाव में रामगुलाम की लेबर पार्टी के 'एलायंस डु चेंजमेंट' गठबंधन को सभी 62 सीटों पर जीत हासिल हुई है।

### मुंबई एयरपोर्ट पर 2.27 करोड़ का सोना बरामद

**मुंबई ।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने मंगलवार को मुंबई एयरपोर्ट पर दुबई से आए एक यात्री के पास से 2.27 करोड़ रुपये मूल्य का 3 किलोग्राम सोना जब्त किया है। यह सोना यात्री ने अपनी पतलून में छिपा रखा था। यात्री को गिरफ्तार करके उससे मामले की गहन छानबीन की जा रही है। कस्टम सूत्रों ने बताया कि सुबह मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित निगरानी के दौरान दुबई से आया एक यात्री संदिग्ध अवस्था में दिखा। उसकी तलाशी के दौरान एक किलो वजन की 24 कैरेट की तीन सोने की छड़ें जब्त की गईं।

### शाहरुख खान को धमकी मामले में वकील गिरफ्तार

**रायपुर।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को पिछले सप्ताह जान से मारने की धमकी मामले में मुंबई पुलिस ने मंगलवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से एक वकील को गिरफ्तार कर लिया। रायपुर जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह ने बताया कि मुंबई पुलिस ने बताया कि उन्होंने शाहरुख खान को धमकी भरे कॉल से संबंधित अपनी जांच के तहत यहां पंडरी पुलिस थाना क्षेत्र से फैजान खान को गिरफ्तार किया है। शाहरुख को धमकी भरा कॉल फैजान के नाम से फोन नंबर से किया गया था।

### मुखबिरी के आरोप में ग्रामीण की हत्या

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के जांगला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोटेनार के जंगल में नक्सलियों ने एक बार फिर कथित जनअदालत लगाकर मुखबिरी के आरोप में एक ग्रामीण युवक माड़वी दुलारु निवासी ग्राम माटवाड़ा की निर्मम हत्या कर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। नक्सलियों ने ग्राम पोटेनार के जंगल में सोमवार को जनअदालत लगाई थी। इस तालीबानी जनअदालत में माड़वी दुलारु पर मुखबिरी का आरोप लगाया गया था। जिसे बिना किसी सुनवाई या बचाव का मौका दिए नक्सलियों ने उसे सजा-ए-मौत का फरमान सुना दिया और उसकी हत्या कर दी।

### मणिपुर के जिरीबाम में दो वृद्ध का शव बरामद

**इंफाल।** मणिपुर के जिरीबाम जिले में बीते सोमवार को हुई गोलीबारी के बाद मंगलवार की सुबह मुठभेड़ वाले इलाके में दो बुजुर्गों के शव बरामद किये गये हैं। बरामद किए गए दोनों शवों की पहचान लैशराम बलेन और माइबाम केशोर के रूप में की गई।

# भारत का लक्ष्य विश्व का ड्रोन हब बनना : राजनाथ


**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मौजूदा वक्त को हाइब्रिड युद्ध का युग बताते हुए कहा कि इस समय खुद की रक्षा करने के पारंपरिक तरीकों को चुनौती दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस परिदृश्य में तेजी से बदलती दुनिया में उत्पन्न चुनौतियों से निपटने और उनका समाधान करने के लिए राष्ट्र के लिए विकसित हो रहे खतरों को देखते हुए उसी तरह की हमारी रक्षा प्रणालियां और रणनीतियां भी विकसित होनी चाहिए। रक्षा मंत्री ने इस बात पर भी जोर दिया कि अगर हमारे खतरे अंतरराष्ट्रीय हैं तो हमारे समाधान भी अंतरराष्ट्रीय होने चाहिए।

रक्षा मंत्री मंगलवार को दिल्ली डिफेंस डायलॉग के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत का लक्ष्य दुनिया का ड्रोन हब बनना है। इस संबंध में कई पहल की गई हैं। इससे न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी, बल्कि हमारे मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। ड्रोन और स्वार्म तकनीक युद्ध के तरीकों और साधनों में बुनियादी बदलाव ला रही हैं। इस विकास ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के युद्ध की समझ को पूरी तरह से बदल दिया है। जल, थल और नभ में युद्ध की पारंपरिक धारणाएं और अवधारणाएं तेजी से बदल रही हैं। ड्रोन और स्वार्म तकनीक के हस्तक्षेप के कारण इन आयामों को ओवरलैपिंग के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सेमिनार रक्षा और सुरक्षा मुद्दों से संबंधित बहुआयामी चुनौतियों से निपटने के लिए एक प्रमुख मंच के रूप में उभरेगी। यह वार्ता तेजी से बदलती दुनिया में समकालीन रक्षा और सुरक्षा चुनौतियों के बारे में विचार-विमर्श और गहन विश्लेषण के लिए ऐसे मंचों की आवश्यकता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम भू-राजनीतिक और आर्थिक उतार-चढ़ाव से भरी दुनिया में रह रहे हैं और इतिहास में अभूतपूर्व गति से परिवर्तन हो रहे हैं। युद्ध की पारंपरिक धारणाएं उभरती हुई प्रौद्योगिकियों और विकसित होती रणनीतिक साझेदारियों से नया आकार ले रही हैं।

**युद्ध के तरीकों और साधनों में बुनियादी बदलाव ला रही ड्रोन**









# सेंसेक्स 820 और निफ्टी 257 अंक लुढ़का

**आइटी और रियलिटी को छोड़कर सभी सेक्टर में भारी गिरावट**



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी दिन लाल निशान में बंद हुआ। कारोबार के अंत में आईटी और रियलिटी को छोड़कर सभी सेक्टर में भारी बिकवाली रही। भारतीय बेंचमार्क सूचकांक 1 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट में बंद हुए हैं। सेंसेक्स कारोबार के अंत में 820.97 अंक या 1.03 प्रतिशत गिरकर 78,675.18 पर आ गया। वहीं, दूसरी ओर निफ्टी 257.85 अंक या 1.07 प्रतिशत की गिरावट के बाद 23,883.45 पर आ गया। निफ्टी 718.95 अंक या 1.39 प्रतिशत की भारी गिरावट के बाद 51,157.80 पर आ गया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स कारोबार के अंत में 596.25 अंक या 1.07 प्रतिशत गिरने के बाद 55,257.50 पर बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 233.55 अंक या 1.28 प्रतिशत गिरने के बाद 17,991.60 पर बंद हुआ। निफ्टी के पीएसई सेक्टर में भारी बिकवाली रही। इसके अलावा, ऑटो, पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इंफ्रा सेक्टर में भी बिकवाली रही। सेंसेक्स पैक में एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, एशियन पेंट्स, एसबीआई, टाटा मोटर्स, जेएसडब्ल्यू स्टील, मारुति, पावर ग्रिड, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, नेस्ले इंडिया, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप लूजर्स रहे। वहीं, सन फार्मा, इंफोसिस और आईसीआईसीआई बैंक टॉप गेनर्स थे।




# लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल का पहला परीक्षण सफल

## एलआरएलएसीएम ने युद्धाभ्यास की क्षमता का किया प्रदर्शन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मंगलवार को ओडिशा के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर), चांदीपुर से मोबाइल आर्टिकुलेटेड लांचर से लांग रेंज लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (एलआरएलएसीएम) का पहला परीक्षण किया। इस दौरान सभी उप-प्रणालियों ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन करके प्राथमिक मिशन उद्देश्यों को पूरा किया। आईटीआर के विभिन्न स्थानों पर तैनात राडार, इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैकिंग सिस्टम और टेलीमेट्री जैसे कई रेंज सेंसर के जरिए मिसाइल के प्रदर्शन की निगरानी की गई। डीआरडीओ के मुताबिक मिसाइल ने वे पॉइंट नेविगेशन का उपयोग करके विभिन्न ऊंचाइयों और गति पर उड़ान भरते हुए विभिन्न युद्धाभ्यास करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। मिसाइल बेहतर और विश्वसनीय प्रदर्शन सुनिश्चित करने के लिए उन्नत एवियोनिक्स और सॉफ्टवेयर से भी लैस है। एलआरएलएसीएम को बेंगलुरु के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट इस्टैब्लिशमेंट ने डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योगों के योगदान के साथ विकसित किया है। हैदराबाद का भारत डायनामिक्स लिमिटेड और बेंगलुरु का भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड इस मिसाइल प्रणाली के विकास और उत्पादन में भागीदार हैं। दोनों संस्थान मिसाइल के विकास और एकीकरण में लगे हुए हैं। ओडिशा के तट पर परीक्षण को डीआरडीओ प्रयोगशालाओं के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के साथ-साथ तीनों सेनाओं के प्रतिनिधियों, सिस्टम के उपयोगकर्ताओं ने देखा। एलआरएलएसीएम को मोबाइल आर्टिकुलेटेड लॉन्चर का उपयोग करके जमीन से लॉन्च करने के लिए कॉन्फि गर किया गया है। इसे यूनिवर्सल वर्टिकल लॉन्च मॉड्यूल सिस्टम का उपयोग करके फ्रंटलाइन जहाजों से भी लॉन्च किया जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल प्रथम उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग जगत को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इससे भविष्य में स्वदेशी क्रूज मिसाइल विकास कार्यक्रमों का मार्ग प्रशस्त होगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी. कामत ने एलआरएलएसीएम के सफल प्रथम प्रक्षेपण पर डीआरडीओ की टीम को बधाई दी।

